फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 31 प्रभात जयपुर, सोमवार 1 सितम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



A Jap Diplomat Defied His Government to Save...

Stationed in Lithuania, Chiune Sugihara granted transit visas that allowed holders to escape Europe and travel through Japan as they sought safety abroad

History, Devotion And Music

Usne Kaha Tha

## आग की चेतावनी से एयर इंडिया का विमान वापस दिल्ली लौटा

नयी दिल्ली, 31 अगस्त। एयर इंडिया की दिल्ली से इंदौर जा रही एक उड़ान को रविवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में आग की चेतावनी के कारण दिल्ली वापस लौटना पड़ा जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। सूत्रों ने बताया कि विमान में 90 से ज्यादा यात्री सवार थे।

फ्लाइट एआई2913 के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही

- **एक इंजन पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में 90 यात्री सवार थे।**

पायलट को विमान के दाहिने इंजन में आग की चेतावनी मिली। एहतियात बरतते हुये उस इंजन को बंद कर दिया गया और विमान को एक ही इंजन पर दिल्ली वापस लाया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 6.15 बजे एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयर इंडिया ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुये एक बयान में कहा कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही नागर विमानन नियामक डीजीसीए को इसकी सूचना दे दी गयी है।

# 'भारत व चीन विकास में साझेदार हैं, प्रतिद्वंदी नहीं'

## मोदी व जिनपिंग ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद जोर दियाकि मतभेद विवादों में नहीं बदलने चाहिये

तियांजिन/नयी दिल्ली, 31 अगस्त। भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने तथा सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने तथा व्यापार घाटे को कम करने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

चीन की दो दिन की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच पिछले एक वर्ष में यह दूसरी मुलाकात है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले सात वर्षों में यह पहली चीन यात्रा है।

मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर

- **प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति जिनपिंग ने संबंध बेहतर बनाने, सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष व स्वीकार्य समाधान के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, निष्पक्ष विस्तार करने व व्यापार घाटा कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।**

विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने पिछले वर्ष सैनिकों के सीमाओं से पीछे हटने के बाद से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के माहौल पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीज़ा की बहाली के आधार पर सीधी उड़ानों और वीज़ा सुविधा के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मज़बूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही रणनीतिक स्वायत्तता चाहते हैं और उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के नज़रिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की चीन की अध्यक्षता और तियानजिन में शिखर सम्मेलन के लिए समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रपति शी को 2026 में भारत द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुलिस ने कथित धर्मांतरण पर छापा मारा, 70 गिरफ्तार

बलरामपुर,31 अगस्त। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के सामरी थाना क्षेत्र के इदरीपाठ गांव में रविवार को पुलिस ने कथित चंगाई सभा के नाम पर चल रहे धर्मांतरण कार्यक्रम पर छापा मारा। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सभा को बीच में ही रोकते हुए यहां मौजूद स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है।

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, सभा में करीब

- **स्थानीय लोगों के अनुसार छत्तीसगढ़ के इस क्षेत्र में धर्मांतरण की गतिविधियां लंबे समय से चल रही हैं।**

30 महिलाएं और 35 पुरुष मौजूद थे। पुलिस को मौके पर धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया करते हुए लोग मिले हैं।कथित चंगाई सभा, प्रार्थना आदि कामों में लगे लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

स्थानीय पत्रकारों के मुताबिक इस क्षेत्र में लंबे समय से इस तरह की गतिविधियां चल रही हैं और कई बार शिकायतें भी की गई हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वोटर अधिकार यात्रा के समापन समारोह में सभी घटक दल शामिल होंगे

## कांग्रेस के पवन खेड़ा ने दावा किया कि नागरिकों के सहयोग से बिहार में यात्रा बहुत सफल रही

पटना, 31 अगस्त। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रमुख और वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने रविवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा प्रदेश के नागरिकों और मतदाताओ के सहयोग से बहुत सफल रही है और एक सितंबर को इसके समापन में सभी घटक दल के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

खेड़ा ने कहा कि यात्रा के अंतिम दिन शिव सेना से संजय राउत और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से सांसद यूसुफ पठान के समापन समारोह में आने से गठबंधन के अधिकांश दलों का प्रतिनिधित्व पूरा हो जाएगा।

कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चुनाव आयोग का यह कहना कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद शिकायतें बहुत कम आई है, गलत है, और आंकड़े कहते हैं कि 89 लाख लिखित शिकायतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि उनका गठबंधन इस मामले में चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया का इंतज़ार कर रहा हैं।

- **संवाददाता सम्मेलन में खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग का यह कहना है कि शिकायतें बहुत कम आई हैं, गलत है। आंकड़े कहते हैं कि 89 लाख शिकायतें दर्ज की गई हैं।**

खेड़ा ने कहा कि इतनी अफरा तफरी है कि 65 लाख मतदाताओ ने 89 लाख लिखित शिकायतें दर्ज करा दी हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने कहा कि एसआईआर के समय आधार कार्ड को मान्यता नही देने से मतदाताओं को काफी कठिनाइयां हुईं। उनसे जमीन के कागज, आवासीय और जातीय प्रमाण पत्र पहचान के रूप में मांगे गए। जिन मतदाताओं के पास ये दस्तावेज नही थे उन्होंने अपने ब्लॉक में विकास पदाधिकारी के दफ्तर में चक्कर लगाए लेकिन वहां भी कह दिया गया कि नए प्रमाणपत्र और दस्तावेज चुनाव के बाद बनेंगे।

खेड़ा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण जब शुरू हुआ तब कहा गया था कि बिहार में बहुत से घुसपैठिये आ गए हैं और मृत व्यक्तियों को भी सूची से बाहर करना है, लेकिन सच्चाई यह है कि चुनाव आयोग की सूची में घुसपैठिया कोई मिला नहीं और बहुत से मृत मतदाताओं को वोटर अधिकार यात्रा के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ चाय पीते हुए देखा गया।

खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने एसआईआर से पहले ही घोषणा कर दी थी की 20 प्रतिशत मतदाताओं का नाम बिहार में कटने वाला है। यह एक तय नंबर था जिसे काटने के लिए भाजपा और चुनाव आयोग काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुल 90540 बूथों पर 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इस सूची में पलायन,मृतक,अपने पते पर अनुपस्थित और दो जगह पर पंजीकृत जैसे मतदाता शामिल हैं। इस सूची के बावजूद बहुत से मतदाताओं के पास आज भी दो एपिक है, बहुत से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले एनडीए सांसदों का डिनर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होना है। मतदान से ठीक एक दिन पहले आठ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सभी सांसदों को डिनर पर बुलाया है। इसके जरिए एनडीए की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया एनडीए सांसदों को छह से आठ सितंबर तक दिल्ली में रहना होगा। प्रशिक्षण शिविर में अन्य बातों के अलावा यह भी बताया जाएगा कि मतदान कैसे करना है। उपराष्ट्रपति चुनाव में गुप्त मतदान होता है और व्हिप लागू नहीं होता है। ऐसे में एनडीए यह सुनिश्चित करना चाहती है कि

- **एनडीए गठबंधन की एकजुटता दिखाने के लिये प्रधानमंत्री यह रात्रि भोज दे रहे हैं।**
- **एनडीए प्रयास कर रहा है कि उनके प्रत्याशी राधाकृष्ण बड़े अंतर से जीतें। इसके लिये उन विपक्षी दलों से सम्पर्क किया जा रहा है जो इंडिया गठबंधन में नहीं हैं।**

जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस चुनाव के लिए एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल और तमिलनाडु के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है।

एनडीए ने अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए विशेष तैयारी की है। इसके लिए सांसदों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए सभी वोट डालने में कोई खामी न रहे।

एनडीए की कोशिश है कि राधाकृष्णन बड़े अंतर से उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीतें। इसके लिए ऐसे विपक्षी दलों से संपर्क किया गया है, जो इंडिया गठबंधन में नहीं हैं। उम्मीद की जा रही है कि बीजेडी, वायएसआरसीपी और बीआरएस जैसे दलों का एनडीए उम्मीदवार को समर्थन मिल सकता है।

## भूस्खलन के बाद टनल में फंसे 19 लोगों को बाहर निकाला

नैनीताल, 31 अगस्त। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल हादसे की तरह ही पिथौरागढ़ के ऐलागाड़ में भी शनिवार को ऐसी ही घटना सामने आयी।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनएचपीसी) के धौलीगंगा पावर स्टेशन की सुरंग में शनिवार को यकायक भूस्खलन हो गया और 19 कार्मिक फंस गये।

आज रविवार को एनएचपीसी, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और सीआईएसएफ एवं अन्य बचाव दलों की ओर से संयुक्त कार्रवाई कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। देर शाम को पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने सभी को बाहर निकालने का दावा किया।

- **पिथौरागढ़ में पावर स्टेशन की सुरंग में अचानक भूस्खलन होने से शनिवार को ये कार्मिक फंस गये थे।**

बता दें कि पिथौरागढ़ के धारचूला तहसील के उच्च हिमालयी क्षेत्र ऐलागाड़ में एनएचपीसी का धौलीगंगा बांध के साथ ही धौलीगंगा पावर स्टेशन मौजूद है। बताया जा रहा है कि शनिवार को पावर स्टेशन पर यकायक भूस्खलन हो गया। जिससे स्टेशन की मुख्य सुरंग (मेन टनल) के साथ ही आपातकालीन (इमरजेंसी टनल) सुरंग प्रभावित हो गयी और उससे आवाजाही बंद हो गयी।

इस दौरान सुरंग में 19 कार्मिक और श्रमिक काम कर रहे थे। सभी फंस गये। देर शाम तक बमुश्किल सभी फंसे हुए सभी कार्मिकों को बाहर निकाला गया।

# 'किसी भी प्रकार से भेदभाव वाले प्रतिबंध कतई स्वीकार नहीं'

## चीन पहुंचने से पहले ही रुस के राष्ट्रपति पुतिन ने अपना रुख स्पष्ट किया

मास्को, 31 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन में हैं और अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी पहुंच गए हैं। दुनिया की तीन महाशक्तियां एक मंच पर आ रही हैं, ऐसे में अमेरिका और पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया की निगाहें एससीओ समिट पर टिकी हुई हैं। चीन पहुंचने से पहले पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति को सीधा संदेश दे दिया कि भेदभाव वाले प्रतिबंध स्वीकार नहीं किये जाएंगे। हालांकि, पुतिन ने कहा है कि चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन संगठन में नई ताकत का संचार करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर निशाना साधते हुए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि हम वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए ब्रिक्स समूह को मजबूत करने में एकजुट हैं। हालांकि, किसी भी प्रकार के भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे प्रतिबंध किसी भी देश के आर्थिक विकास में बाधा डाल रहे हैं। ऐसे में इन्हें कोई देश कतई स्वीकार नहीं कर सकता है।

- **पुतिन ने कहा कि चीन में हो रहा शिखर सम्मेलन एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में मदद करेगा।**

पुतिन ने कहा, यह सब एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में मदद करेगा। एससीओ का आकर्षण इसके सरल लेकिन शक्तिशाली सिद्धांतों में निहित है।

ये सिद्धांत संस्थापक दर्शन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता, समान सहयोग के लिए खुलापन, किसी तीसरे पक्ष को निशाना न बनाना और प्रत्येक राष्ट्र की राष्ट्रीय विशेषताओं और विशिष्टता का सम्मान हैं।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, इस वैश्विक दृष्टिकोण का एक प्रमुख तत्व यूरेशिया में समान और अविभाज्य सुरक्षा की एक संरचना का निर्माण है, जिसमें एससीओ सदस्य देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय भी शामिल है।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि तियानजिन शिखर सम्मेलन एससीओ के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। रूस चीनी अध्यक्षता द्वारा घोषित प्राथमिकताओं का पूरा समर्थन करता है, जो एससीओ को मजबूत करने, सभी क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने और वैश्विक मंच पर संगठन की भूमिका को बढ़ाने पर केंद्रित हैं।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से दम्पती की मौत

लखनऊ, 31 अगस्त। राजधानी लखनऊ में गुडंबा क्षेत्र के बेहटा इलाके में रविवार सुबह आलम (50) के घर में अवैध रूप से बन रहे पटाखों में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के कारण उसका मकान जमींदोज हो गया। हादसे में आलम और उसकी पत्नी मुन्नी (48) की मौत हो गई। जबकि, छह लोग घायल हो गए। दो लोगों को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। धमाके से पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ मकानों में मामूली दरार आई है। पुलिस का दावा है कि आलम की भाभी खातून के नाम पर पटाखा बनाने का लाइसेंस है।

- **धमाके में पांच मकान क्षतिग्रस्त हुए, 6 लोग घायल।**

बताया गया कि आलम चूड़ी बेचने के साथ ही पटाखे का भी कारोबार करता है। रविवार सुबह उसके घर में पटाखा बनाया जा रहा था। सुबह 11.30 बजे अचानक पटाखों में आग लगी और फिर जोरदार धमाके हुए। एक के बाद एक कई धमाकों से आलम का मकान ताश के पत्तों की तरह ढ ह गया। घर में मौजूद आलम, उसकी पत्नी मुन्नी, बेटा दिलशान, इरशाद मलबे से नीचे दब गए। विस्फोट की चपेट में आने से पड़ोसी नदीम, हूरजहां, जैद और उनकी पत्नी इरम घायल हो गए थे।

पुलिस व दमकल कर्मियों ने आलम के मकान के मलबे से आलम, मुन्नी, दिलशान व इरशाद को बाहर निकाला। बुरी तरह से झुलसे आलम व मुन्नी की मौत हो चुकी थी। वहीं सीएमओ अंकुश मित्तल के अनुसार आलम के घर में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे।

## इज़रायल ने दक्षिणी लेबनान पर भारी हमले किये

बेरूत, 31 अगस्त। इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया।

एक सैन्य सूत्र ने कहा, ''इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए।'' उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किये गये।

लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवंबर 2024 में हुये युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है। इज़रायली सशस्त्र बल

- **रविवार को किये गये हमलों में इज़रायल ने जंगी जहाज, मिसाइल व ड्रोनों का उपयोग किया।**

दक्षिणी लेबनान में अपनी मौजूदगी बनाए हुये हैं, यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का उल्लंघन है।

लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2024 से लेबनान में इज़रायली हमलों में 235 से ज़्यादा लोग मारे गये और 500 से ज़्यादा घायल हुये हैं।

उधर इज़रायली सेना का कहना है कि ये हमले हिज़्बुल्लाह की फौजी ताकत को निशाना बनाकर किए जा रहे हैं और इसका मकसद उसके सैन्य नेतृत्व को समाप्त करना है। इज़रायल ने ज़ोर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संघ की ताकत उसके साधारण कार्यकर्ता हैं- भागवत

## बिलासपुर में मोहन भागवत ने कहा कि धर्म का मतलब सभी के प्रति अपनत्व का भाव रखना है

बिलासपुर (छत्तीसगढ़ ), 31अगस्त। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ की असली ताकत उसके साधारण स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद संगठन का विस्तार किया है।

उन्होंने रविवार को यहां आयोजित 'लोक हितकारी काशीनाथ स्मारिका विमोचन समारोह' में अपने संबोधन में कहा कि धर्म का मतलब है सभी के प्रति अपनत्व का भाव रखना और विविधताओं के सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना। यह कार्यक्रम संघ के बिलासपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिवंगत काशीनाथ गोरे के जीवन और कार्यों पर एक स्मारिका के विमोचन के लिए आयोजित किया गया था।

भागवत ने कहा, जो कुछ मैंने कहा, या अन्य वक्ताओं ने कहा, वह शायद दोपहर के भोजन तक भुला दिया जाएगा, लेकिन काशीनाथ गोरे के कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। हमारी जिम्मेदारी है कि इस स्मृति को नयी पीढ़ी तक पहुंचाएं, ताकि यह उन्हें निरंतर प्रेरणा देती रहे।''

- **आर.एस.एस. प्रमुख ने कहा कि स्वयंसेवकों ने जनसम्पर्क विस्तार किया और हिन्दू समाज में पहले से मौजूद अपनेपन को और जागृत किया।**

उन्होंने संघ और समाज के संबंध सशक्त करने में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ में सबसे बड़ी जिम्मेदारी एक साधारण स्वयंसेवक होने की है। उन्होंने कहा, संघ की स्थापना को 100 साल हो गए हैं। आज यह कई तरीकों से चर्चा में है, लेकिन यह मुकाम संघ को इसलिए मिला क्योंकि उसके स्वयंसेवकों ने हर परिस्थिति में इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। तमाम बाधाओं और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने संघ का विस्तार किया।

भागवत ने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए स्वयंसेवकों ने जनसंपर्क का विस्तार किया और हिंदू समाज में पहले से मौजूद अपनेपन को और अधिक जाग्रत किया। उन्होंने कहा, हम आज यहां तक पहुंचे हैं, स्वयंसेवकों के 100 वर्षों की मौन तपस्या की शक्ति से।

## नाम हटाने के अधिक आवेदन मिले- चुनाव आयोग

पटना, 31 अगस्त। भारत निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों की ओर से जहां एक ओर नये नाम जोड़ने के लिये कम आवेदन प्राप्त हुये हैं, वहीं पुराने नामों को हटाने के लिये चार गुना अधिक आवेदन सौंपे गये हैं।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के प्रमुख क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने नाम जोड़ने की तुलना में नाम हटाने के लिये अधिक सक्रियता दिखाई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) और राष्ट्रीय जनता दल ने अब

- **आयोग के अनुसार अब तक नाम जोड़ने के 33,326 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि, नाम हटाने के 2,02,565 आवेदन मिले हैं।**

तक कुल 128 आवेदन नाम जोड़ने या हटाने को लेकर दाखिल किये हैं।

इनमें से भाकपा (माले) ने 103 आवेदन सिर्फ नाम हटाने के लिये दिये हैं, जबकि नाम जोड़ने के लिये महज 15 आवेदन ही आयोग को सौंपे हैं। वहीं राजद ने नाम जोड़ने के लिए मात्र 10 आवेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये हैं।

राज्यस्तर पर प्रारूप मतदाता सूची में योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए अब तक 33,326 आवेदन प्राप्त हुये हैं। वहीं नाम हटाने के लिये 2,07,565 आवेदन आयोग को मिले हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# समस्या अतिक्रमण की!

कुछ दिन पहले इसी समाचार पत्र में प्रकाशित एक समाचार उद्धृत कर रहा हूं:–राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि प्रदेश स्तर पर सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाना चाहिए। वहां यदि अतिक्रमण को संरक्षण देने में किसी अफसर या पुलिस अधिकारी की भूमिका सामने आती है तो उस पर भी उचित कार्रवाई की जा सकती है। अदालत ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के प्रति किसी तरह की सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती। अदालत ने यूडीएच के अतिरिक्त मुख्य सचिव को कहा है कि वे अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए निर्देश को ध्यान में रखते हुए शहरों और कस्बों के नगर निगमों व नगर परिषदों को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश ज़ारी करें। जस्टिस एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश विनोद कुमार बोयल की जनहित याचिका को पुनर्जीवित करते हुए दिया। (राष्ट्रदूत, 22 अगस्त, 2025)।

यह समाचार पढ़कर मुझे बहुत अच्छा लगा। माननीय उच्च न्यायालय ने, भले ही एक सजग नागरिक की गुहार सुनते हुए, हमारी परवाह की। हो सकता है गांवों में और छोटे कस्बों में हालत उतनी ख़राब न हो, छोटे और बड़े शहरों में हालत कितनी विकट है यह आपको घर से बाहर निकलते ही पता चल जाता है। अच्छी खासी चौड़ी सड़कें अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ कर बहुत संकड़ी हो गई हैं। दुकानदार पैदल चलने वाली जगह को अपने माल के प्रदर्शन का ठिकाना बना कर उस पर लगभग स्थायी अधिकार जमा लेते हैं। लगभग हर दुकानदार एक बड़ा–सा बोर्ड सड़क पर अलग से टिका देता है। इससे आवागमन बाधित होता हो तो हो। गर्मियों में वहां कूलर सजे नज़र आते हैं तो त्योहारों पर कभी राखियां तो कभी गुलाल तो कभी मिठाई सजी मिलती है। इसके बाद, या पहले अगर कोई जगह बची होती है तो दुकानदारों के वाहन उस पर कब्ज़ा जमा लेते हैं और अगर फिर भी किस्मत से जगह बच जाए तो ऑटो वाले, ई रिक्शा वाले वहां काबिज़ हो जाते हैं। अगर ये सब उस जगह पर कृपा न करें तो कोई उद्यमी वहां 'पेड पार्किंग' का बोर्ड लगाकर जन सेवा करने लग जाता है! यह पता लगाना प्राय: असंभव ही होता है कि वह पेड पार्किंग अधिकृत है या अनधिकृत। अधिकारियों को पड़ताल करने की फुर्सत नहीं और नागरिक निहायत ही बेचारा। वह किस–किस से पंगा मोल ले।

कभी–कभार अगर सरकार बहादुर की नींद खुलती है तो वह शहर में जगह–जगह 'नोवेंडिंग ज़ोन' के बोर्ड लगा देती है। इतना करने के बाद उसका दायित्व पूरा हो जाता है। उस बोर्ड की अनुपालना हो रही है या नहीं, यह देखना शायद उसका काम है ही नहीं। अलबत्ता इस तरह के बोर्ड चालान करने वालों या वसूली करने वालों के लिए ज़रूर लाभप्रद साबित होते हैं। वैसे जो 'नोवेंडिंग ज़ोन' के बोर्ड लगाते हैं, उन्हें इस बात की ज़रूरत शायद ही कभी महसूस होती हो कि कहीं वेंडिंग ज़ोन का बोर्ड भी लगा दिया जाए। जिन्हें छोटा–मोटा सामान या फल सब्ज़ी बेच कर अपना व परिवार का भरण पोषण करना होता है वे किसी सरकार की चिंता के दायरे में नहीं आते हैं। हड़काये जाना, अपमानित होना और समय–समय पर रिश्वत देना जैसे उनकी नियति है। और केवल वे ही क्यों निम्न वर्गीय और मध्यम वर्गीय नागरिक भी जो इनसे सामान खरीदकर अपनी ज़रूरतें पूरी करता है उसकी सुविधा की भी शायद ही किसी को परवाह हो। आखिर बड़ी–बड़ी चमचमाती मॉल्स और भव्य डिपार्टमेण्ट्ल स्टोर्स खुले हुए तो हैं! अगर आपकी हैसियत उनमें जाने की नहीं है तो यह आपकी प्रॉब्लम है। यही बात पार्किंग के लिए भी है। आप नौ पार्किंग का बोर्ड तो लगा देते हैं लेकिन कभी यह भी सोचते हैं कि आखिर कोई पार्किंग करे तो कहां करे?

सड़कों से बेहतर स्थिति रिहायशी इलाकों और कॉलोनियों की नहीं है।जो गलियां एक मंज़िला मकानों के लिए बनी थीं वहां अब तीन मंज़िला मकान उग आए हैं। हर मकान में रहने वाले के पास अपने दोपहिया या चौपहिया (या दोनों किस्म के) वाहन हैं, जिन्हें घर के भीतर नहीं रखा जा सकता। वे वाहन गलियों में ही खड़े किए जाते हैं। अगर कोई अपना वाहन अपने घर की परिधि में भी खड़ा करना चाहता है तो क्योंकि घर में उतने बड़े वाहन के लिए जगह नहीं होती है, वह अपनी फाटक को थोड़ा बाहर तक ले आता है, जो निश्चय ही अतिक्रमण होता है। फिर लोग पौधे लगाने के नाम पर सड़क का कुछ हिस्सा घेर लेते हैं। अगर किसी के घर कोई छोटा–सा भी आयोजन हो तो कुछ वाहन आकर गली को लगभग अवरुद्ध कर देते हैं। खुशी और ग़म के मौके या धार्मिक आयोजन हमें खुली छूट देते हैं कि कनात वगैरह लगाकर लोगों का आवागमन अवरुद्ध कर दें। इधर एक नई व्यवस्था और चल निकली है। जो गलियां निर्बाध यातायात के लिए बनी थीं, उन पर विधायक जी की कृपा से गेट लगा दिए गए ताकि कॉलोनी वासियों की सुरक्षा हो। अब ख़ास तौर पर कोरोना काल के बाद बहुत सारे ऐसे गेट स्थायी रूप से बंद रहने लगे हैं। एकाध बार इस आशय के आदेश भी हुए कि गेट स्थायी रूप से बंद न किए जाएं, लेकिन आदेश हो गए, दायित्व पूरा हुआ। गेट अब भी बंद ही हैं। आने जाने वालों को असुविधा हो तो हो।

> **अच्छी खासी चौड़ी सड़कें अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ कर बहुत संकड़ी हो गई हैं। दुकानदार पैदल चलने वाली जगह को अपने माल के प्रदर्शन का ठिकाना बना कर उस पर लगभग स्थायी अधिकार जमा लेते हैं। लगभग हर दुकानदार एक बड़ा-सा बोर्ड सड़क पर अलग से टिका देता है। इससे आवागमन बाधित होता हो तो हो। कभी-कभार अगर सरकार बहादुर की नींद खुलती है तो वह शहर में जगह-जगह 'नोवेंडिंग ज़ोन' के बोर्ड लगा देती है।**

शहरों में फुटपाथ लगभग अदृश्य हैं। कहा गया कि फुटपाथ के लिए अलग से बजट ही नहीं है। ऐसे में सड़क से नागरिक को, पैदल चलने वाले नागरिक को तो जैसे बेदखल ही कर दिया गया है। न केवल पैदल चलने वाले नागरिक को, साइकिल चलाने वाले को और काफी हद तक दो पहिया वाहन चलाने वाले को भी यह अधिकार नहीं रह गया कि वह उस सड़क का उपयोग करे जिसके लिए वह भी टैक्स चुकाता है। सड़क केवल चौपहिया वाहन चलाने वालों के लिए है, और उनको भी घण्टों जाम से जूझना पड़ता है। वजह वही, अतिक्रमण। अगर अतिक्रमण न हो और लोगों में वाहन चलाने की तमीज़ हो तो बहुत सारी समस्याएं कम हो सकती हैं।

निश्चय ही सारा दोष सरकार का नहीं है। अपनी दुरवस्था के लिए असल में तो हम नागरिक ही ज़िम्मेदार हैं। अतिक्रमण हम ही करते हैं, यातायात को अव्यवस्थित हम ही करते हैं, कॉलोनी के गेटों पर ताले लगाने की मांग हम ही करते हैं, अपने घरों के फाटक हम ही आगे निकालते हैं और हम ही हैं जो पौधे लगाने के नाम पर सार्वजनिक संपत्ति पर निजी नियंत्रण कर लेते हैं। हम इस बात को स्वीकार कर लें कि हममें नागरिक बोध का घोर अभाव है।हमारी सारी अपेक्षाएं दूसरों से होती हैं। लेकिन यह भी स्वीकार करें कि अंततः यह हम सबका मानवीय स्वभाव है। और इसी स्वभाव को नियंत्रित रखने के लिए समझाइश की, दण्ड की, पुलिस की, न्याय व्यवस्था की ज़रूरत पड़ती है। सरकार हमसे पैसे लेती है और ये सारी व्यवस्थाएं करती है। अगर एक आदर्श स्थिति हो, सब अपनी–अपनी मर्यादा में रहें, सब नियमों का शब्दशः पालन करें तो फिर किसी पुलिस तंत्र की, किसी न्याय व्यवस्था की कोई ज़रूरत ही नहीं रह जाएगी। लेकिन ऐसा आदर्श समाज केवल कल्पना में ही हो सकता है। मनुष्य है तो उसमें विचलन भी होगा, अनुचित लाभ उठाने का लालच भी होगा, कानून के रखवालों की नज़र बचाकर कुछ ग़लत कर लेने का प्रयास भी होगा। ऐसे में देखने की बात यह है कि जनता पर भारी कर का बोझ लाद कर जो व्यवस्था बनाई गई है वह अपना काम किस मुस्तैदी से कर रही है। कर भी रही है या नहीं कर रही है।

मुझे यह कहने की अनुमति दें कि इस प्रश्न का उत्तर सकारात्मक नहीं है। हमारे पास लम्बा–चौड़ा अमला है जिसका काम अतिक्रमण को रोकना है। लेकिन उसे उस समय तक कोई अतिक्रमण कहीं नज़र नहीं आता जब तक कि कोई उच्च न्यायालय उसकी आंख में उंगली डालकर दिखा न दे। तब वह चौंक कर उठता है, कहता है, 'अच्छा! ऐसा हो गया!' इसके बाद थोड़ी बहुत हरकत करता है और फिर विश्राम की स्थायी अवस्था में जा पहुंचता है। जो लोग अतिक्रमण को रोकने के लिए ज़िम्मेदार हैं क्या उन को अपने काम में कोताही बरतने के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए? क्या उन्हें इस बात के लिए पाबंद नहीं किया जाना चाहिए कि वे भविष्य में कोई अतिक्रमण होने ही न दें। और जो अतिक्रमण कर रहे हैं उन्हें तो दंडित किया ही जाना चाहिए। जब सारी दुनिया में इतना सारा तकनीकी विकास हो गया है तब क्या हम ऐसी व्यवस्था नहीं बना सकते कि आम नागरिक भी सही जगह अतिक्रमण की शिकायत कर सके और उसकी शिकायत पर तुरंत यथोचित कार्रवाई हो जाए। क्या हम ऐसा कुछ नहीं कर सकते कि हर नागरिक को उसका हर अधिकार सुगमता से मिले। क्या मुझे सड़क पर चलने का अधिकार भी भीख की तरह मांगना होगा? फिर तो किसी भी सरकार का, किसी भी व्यवस्था का अर्थ ही क्या है?

इस मुद्दे पर आप भी सोचें।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# सामाजिक समरसता एक नेक विचार अथवा वर्तमान में मात्र राजनीतिक सोशेबाजी



महावीर सिंह

आपने कई बार कुछ राजनीतिक दलों और कुछ सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा सामाजिक समरसता शब्द का बहुदा उपयोग करते सुना होगा। आइए ,इन शब्दों का अर्थ समझाने का प्रयास करें। इन शब्दों का अर्थ समझने के लिए सर्वप्रथम इस वास्तविकता को स्वीकार करें कि भारतीय समाज विभिन्न वर्गों धर्मो, जातियो में बंटा हुआ है । तो फिर सामाजिक स्तर पर इन विभिन्न जातियों,धर्मों आदि के लोगों में दैनिक एकल व सामूहिक रूप से सौहार्द्र पूर्ण व्यवहार के आधार क्या हों? यह समझाने के लिए बहुधा "सामाजिक समरसता" जैसे शब्दों को उपयोग कुछ लोग, राजनीतिक दल, संगठन करते रहते है।

भारत की नई शिक्षा नीति के अनुसार, सामाजिक समरसता के लिए समाज में लोगों के बीच, बिना उनके के मूल स्थान, नर्वंशीय मूल, वैवाहिक स्थिति, जातीयता, रंग, लिंग, जाती, आयु, व्यवसाय, राष्ट्रीयता को महत्व दिए परस्पर प्रेम, विश्वास, प्रशंसा, शांति, सद्भाव, सम्मान, उदारता को महत्व और बढ़ावा दिया जाए।

वर्ण/जाती व्यवस्था के संबंध में एक रूढ़िवादी विचार यह है कि यह दैवीय व्यवस्था है। समाज इस प्रकार गठित हो की वह सुचारू रूप से चले। इसके लिए भगवान ने स्वयं अपने शरीर के विभिन्न अंगों से यथा मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जंघाओं से वैश्य वो पैरों से शूद्र बनाए।

वस्तुत यह कल्पना, बुद्धिमान व चालक व्यक्तियों की लोगों, परिवारों व समाज पर नियंत्रण की कला थी जिसे धार्मिक व ईश्वरीय चोगा पहना कर स्थाई किया गया। इस व्यवस्था और व्याख्या का यथावत रखने की दिशा में

आज भी ब्राह्मण वर्ग के कतिपय धार्मिक नेता, राजनेता और बौद्धिक वर्ग के जाने माने लोग अपने आपको दूसरों से श्रेष्ठ बताते रहते है। विभिन्न प्रकार के विवाद भी उत्पन्न करते रहते है।

शास्त्रों में उल्लेखित ब्राह्मणों से (आज की ब्राह्मण जाती नहीं, वर्णव्यवस्था के अंतर्गत वर्णित ब्राह्मण) अपेक्षा की गई थी कि वे सादा–सरल – वैरागी जैसा जीवन जिएंगे और समाज का नेतृत्व करेंगे। आज धरातल पर इस प्रकार की स्थितियां हैं ही नहीं। आज जिसे हम ब्राह्मण के रूप में जानते है वह तो वैश्य, क्षत्रिय, शूद्रों वाले सारे कार्य करते है। आज कोई किसी भी वर्ग का गरीब है, थोड़ा बहुत शिक्षित है, बेरोजगार है, वे सभी, उपरोक्त शास्त्रीय व्याख्यानुसार ब्राह्मण होने के सारे मापदंड पूरे करते है। लेकिन भारत के संविधान के आगे धर्म शास्त्रों में उल्लेखित कोई भी नियम प्रभाव शून्य है। कुछ विचारकों का मानना है सामाजिक समरसता सामाजिक समानता है जिसमें जाती आधारित भेदभाव नहीं होगा, अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं होगा। समाज के सभी वर्गों, वर्णों के बीच प्रेम, सद्भाव, एकता होती है। कुछ अन्य विचारकों इस बात को महत्व देते है कि वास्तविक सामाजिक समरसता में मुनष्य दूसरे मनुष्य को एक ही ईश्वर की संतान समझता है,सबमें एक ही चैतन्य है और इस बात को हृदय से स्वीकार करता है -- दिखावटी प्रेम, सद्भाव, सौहार्द्र नहीं।

गुरु गोविंद सिंह ने कहा "मानस की जात सब एक पहचानबो" अर्थात सभी मनुष्यों, मानव जाती को एक ही जाती का मानना चाहिए। कबीर जी कहते हैं–"लाली मेरे लाल की, जीत देखूं तित लाल। लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल।" सारांश है कि चारों ओर ईश्वर ही ईश्वर की माया,ऊर्जा है अर्थात जीव, प्रकृति सब ईश्वरीय ऊर्जा,अंश है अर्थात सब सामान हैं। वस्तुतः मध्यकालीन युग के अधिकांश भक्त संतो के साहित्य, गीत, भजनों का सार भी थी है कि मनुष्य जात सब एक ही ईश्वर के अंश, न छोटा न बड़ा, न ऊंचा न नीचा।

प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर राधा कुमुद मुखर्जी के अनुसार समाजिक समरसता के निम्न घटक हैं ::-- (1) संविधान जिस में धर्म, वंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव निषेध (2) सरकार-- संविधान में उल्लेखित डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स के अनुसार कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन (3) शिक्षा -- ऐसी हो जिस से मानवीयता, सद्भाव, ममत्व, भ्रातृत्व, शांति के गुणों का विकास हो और समतामूलक हो (4) मीडिया का उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, सभ्य व सम भाषा में जनहित, समरसता के मुद्दों पर सूचनाएं आदि से जनसेवा करना।

डाक्टर भीमराव अंबेडकर,जिनके जन्मदिन को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया गया है, उनके अनुसार बिना सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे के सामाजिक समरसता एक प्रतीकात्मक विचार मात्र है।

प्रत्येक नागरिक को धर्म, जाती, लिंग और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखे, उसकी योग्यता के अनुसार बराबर अवसरों की उपलब्धता ही सच्ची समाजिक समरसता की इमारत की नींव है। बाबा साहब के अनुसार इस को प्राप्त करने का सबसे बड़ा माध्यम संविधान में ऐसे प्रावधान रखे जाना था जो जाती, धर्म, लिंग, निवास स्थान आदि के आधार पर भेदभाव पर पूर्ण प्रतिबंध लजाते है और उनका सख्ती से पालना हो। इसका सबसे सबल रास्ता सामान शिक्षा व आत्मबल, स्वयं के चेतना से ही संभव है। ऐसे अनेक प्रावधानों को भारत के संविधान में इसी उद्देश्य से रखा गया है। सामाजिक समरसता, जातिभेद, अहिंसा, सत्य आदि पर पिछले 200 साल के विश्व के सबसे बड़े व विश्वसनीय नेता, विचारक, संत, महात्मा गांधी के विचार जाने बिना इस विषय के साथ न्याय नहीं होगा।

गांधी जी जाती व्यवस्था, मानसिक व शारीरिक श्रम में भेद और ग्रामीण, शहरी के आधार पर भेद के विरोधी थे। गांधी जी उन सारी प्रथाओं के विरोधी थे जो शोषण, उत्पीड़न और हिंसा पर आधारित हों। वे जातिप्रथा के तीन दिखने वाले दूषित, अनुचित आधारों यथा विवाह, खानपान, उच्चावच (ऊंच, नीच) के खिलाफ थे।

1931 में उन्होंने लिखा है कि अंतर्जातीय विवाहों व भोज पर प्रतिबंध अनावश्यक हैं। विभिन्न वर्गों के लोग परस्पर विवाह कर सकते है,साथ बैठ कर भोजन कर सकते हैं। कोई भी शूद्र लड़का ब्राह्मण लड़की से और ब्राह्मण लड़का कोई शूद्र लड़की से शादी कर सकता है। इस से कोई वर्ण व्यवस्था का उल्लंघन नहीं होता। वे समाज की पिरामिडीय व्यवस्था, ऊंच–नीच क्रम को अस्वीकार करते थे। छुआछूत को हिंदू समाज में आ घुसे ऊंच–नीच के भेद का दुष्परिणाम मानते थे। समाज के चार वर्णों में न कोई ऊंचा न कोई नीचा, न कोई श्रेष्ठ न कोई हीन मात्र योग्यतानुसार कार्य आधारित, परस्पर सहयोग की व्यवस्था है। धर्म शास्त्रों के आधार पर भी वे जाती प्रथा को सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा अवरोधक मानते हैं और उसका विरोध करते थे। जो सामाजिक व्यवस्था, धार्मिक व्याख्याएं सत्य व हिंसा के आधार पर नहीं टिकती है,गांधी जी उन धार्मिक मान्यताओं को अस्वीकार करते थे।

उनका मानना था कि "हिंदू धर्म शास्त्रों में मेरे विश्वास का यह अर्थ नहीं कि मैं उनके एक एक शब्द और श्लोक को दैवीय प्रेरणा से उद्धृत मानता हूं। मैं किसी भी व्याख्या को मानने से इनकार करता हूं जो तर्क व नैतिक दृष्टि के प्रतिकूल हो,वह चाहे कितनी ही विद्वतापूर्ण क्यों न हो।" गांधी जी ने थे भी कहा है "मैं अक्षरचारी नहीं। इसलिए मैं धर्म ग्रंथों की भावना समझने का प्रयास करता हूं। जो व्याख्या सत्य अहिंसा पर खरी नहीं, मैं उसे नहीं मानता।" उनका स्पष्ट मत था सफाई कार्य में हर व्यक्ति को भागीदार बनना चाहिए और धर्मशील समाज में उसका का सम्मान हो।

**( महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के साहित्य से -- डाक्टर शंभू जोशी )**

उपर कुछ महान हस्तियों के व धर्म शास्त्रों से, समाजिक समरसता के संबंध में नीति विचार उल्लेखित किए है किंतु धरातलीय स्थिति क्या है? क्या जाती प्रथा के दंश से समाज पूर्णतः मुक्त हो चुका? क्या वंचितों को संविधान में दिए अधिकारों के उपभोग की पूर्ण स्वतंत्र मिल चुकी, कोई अवरोध नहीं? क्या समाज में सबको, वास्तविकता में, बराबरी से न्यायपूर्ण समान अधिकार मिल चुके, उनमें समय समय पर कोई अवरोधक तो नहीं आते?

कोई भी सरकार रही हो सभी ने यह भरसक प्रयास किया कि धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं के अनुसार, जिन वर्गों के साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ उन्हें सामाजिक संरचना, विकास और राजनीति की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। इसके लिए उनके लिए विशेष योजनाएं बनी और क्रियान्वित हो रही है। राजनीति की मुख्यधारा में लाने के लिए उनके लिए संसद, विधानसभाओं, पंचायती व स्वायत शासन की संस्थाओं में स्थान आरक्षित किए गए है और भरे जा रहे है। शासन चलाने की व्यवस्था में इन वर्गों के लोगों के लिए सरकारी नियुक्तियों व शैक्षणिक संस्थानो में स्थान आरक्षित किए गए है और भरे जाते है। इनके अतिरिक्त एस सी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि के लिए उनके कल्याणार्थ आयोग बनाए गए हैं।

सामाजिक समरसता के इस संवैधानिक घटक के प्रभाव को भी काई बार कमजोर करने के प्रयास होते है। सरकारी नियमित पदों के बदले संविदा कर्मचारी रख लेना, सरकारी उपक्रमों की कार्य क्षमता बढ़ाई जाने की जगह, धड़ा धड़ निजी हाथों में सौंपना और आवश्यकता से अधिक पार्श्व अथवा शीर्ष पदों के समीप की नियुक्तियां करना। आज सरकार के पास इंजीनियर्स, डॉक्टर्स, सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों, वैज्ञानिकों व अन्य क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स की कमी नहीं तो फिर तुलनात्मक दृष्टि से शीर्ष के 5, 4 पदों के अतिरिक्त नीचे के क्रम के पदों पर लेटरल नियुक्तियां का औचित्य आसानी से समझ में नहीं आता।

संवैधानिक घटक पर तो विभिन्न स्तरों पर बहस होती है, इन्हें कमजोर करना आसान नहीं किंतु समाज के दूसरे स्तरों पर सामाजिक समरसता की अवधारणा के दूसरे घटक किस प्रकार क्रियान्वित हुए अथवा हो रहे हैं? सार्वजनिक स्थानों जैसे सरकारी, अर्ध सरकारी दफ्तर, रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,चाय की दुकानों, भोजनालयों, शॉपिंग मॉल्स आदि पर सामान्यत सेवा लेने व देने वालों की कोई जाती नहीं पूछता। किंतु आज भी ----- कही कहीं वंचितों की बरातों पर पत्थरबाजी, दूल्हे को घोड़ी पर न चढ़ने देना व इसी प्रकार की दूसरी घटनाएं होती रहती है,यद्यिप काफी कम हो गई। इसी प्रकार कभी कभार वंचितों के साथ अमानुषिक दुर्व्यवहार की घटनाएं भी सामने आती है जैसे सिर मुंडवा देना,मूत्र पीने को विवश करना, वंचित वर्ग की महिलाओं के साथ अत्यंत घृणित व अमानुषिक तरीके से यौनाचार करना और कभी कभी तो फिर अमानुषिक ढंग से हत्याएं, अब भी देखने, सुनने को मिल जाती है।

उच्चवर्ण के व्यक्तियों ने भगवान की कथा सुनाने पर भी एकाधिकार बना रखा है अन्यथा उत्तरप्रदेश में चौथे वर्ग के व्यक्तियों द्वारा भगवत कथा सुनाने पर, सिर मुंडवाना, नाक रगड़वाना जैसा अमानवीय व्यवहार नहीं होता ।

इस घटना के संबंध में मैने उत्तरप्रदेश के एक चतुर्थ वर्ण के मंत्री का बयान सुना । उनके कहने का सार था कि कोई किसी दूसरों के लिए निर्धारित काम करने का प्रयास करेगा तो ऐसा हो जाता है। यह क्या दर्शाता है? मंदिरों में पूजा पाठ, कथा वाचन आदि कार्य श्रेष्ठ वर्ग के लिए आरक्षित है?? राज नेताओं, तथाकथित धार्मिक गुरुओं आदि के ऐसे उदगार समय समय पर प्रकट होते रहते है। यह उच्च वर्णों के व्यक्तियों में श्रेष्ठता की दबी भावनाओं को हवा देने के लिए पर्याप्त होते है। कहा जाता है,140 करोड़ का देश है, इस प्रकार की छुटपुट अपराधिक घटनाएं हो जाती है। फिर इस प्रकार की घटनाएं तथाकथित उच्चवर्ण व्यक्तियों व उनके धर्माधीशों के साथ प्राय: सुनने को क्यों नहीं मिलती?

यह कतिपय उच्चवर्णीय व्यक्तियों के दिमाग में गहरे से बैठी धारणा है कि वे श्रेष्ठ है और चौथे वरण के व्यक्तियों के साथ कैसे भी अमानवीय व्यवहार कर सकते है।

सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण घटक है शिक्षा। कौन सी शिक्षा? शिक्षा जो सही तथ्यों, तर्क पर आधारित हो। शिक्षा जो संविधानिक मूल्यों पर आधारित हो।शिक्षा जो वैज्ञानिक सोच को बढ़ाए। शिक्षा जो कुछ कुंठित, पुरातनपंथी काल्पनिक पौराणिक कथाओ के अनुसार न हो। आपने ने भी कुछ बड़े राजनेताओं के उदगार सुने होंगे ---हनुमान जी पहले अंतरिक्ष यात्री थे, विमान सबसे पहले भारत में, गणेश जी का अंग प्रत्यारोपण बताता है यह कार्य हम पहले कर चुके आदि। शिक्षा ऐसी हो जो अपुष्ट आस्थाओं, पूर्वाग्रहों पर आधारित न हो। इतिहास जो भावनाओं पर आधारित न होकर, तथ्यों पर आधारित हो।

क्या विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच भाईचारा न हो तो सामाजिक समरसता संभव है? पाठक स्वयं अपने दिल पर हाथ रख कर इस प्रश्न का उतर खोजें। आए दिन होने वाली घटनाओं को महज एक कह कर अनदेखा नहीं किया जा सकता कि ऐसे काम कुछ फ्रिंज एलिमेंट्स (हाशिए पर बैठे लोग) का है? इन घटनाओं को यह कह कर नहीं टालना चाहिए कि इनको मुख्य धारा का समर्थन नहीं। सही राज व्यवस्था हो, सबके लिए समान रूप से कानून का सही क्रियान्वयन हो तो उन फ्रिंज एलिमेंट्स की इतनी हिम्मत हो सकती है क्या? बहुत से राजनीति से जुड़े लोग, सांस्कृतिक संगठनों के लोग समय-समय पर फोटो खिंचवाकर, टीवी अखबारों में प्रचारित करवाने के लिए वचितों के घरों पर प्रायोजित भोजन करते है ये-महज दिखावा!!!

दिल पर हाथ रख कर इस प्रश्न का उतर खोजें क्या आपने पिछले 40, 50 साल में वर्ण व्यवस्था, जाती प्रथा, पाखंड आधारित पूजा प्रक्रियाओं, तर्क नहीं बस मानलों वाले प्रवचनों, सो कॉल्ड विभिन्न मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान बैठा देना, भगवान के नाम पर चंदा देने-लेने की प्रतिस्पर्धा करवाना बोली लगवाना जैसे कार्यों के विरुद्ध कोई सशक्त जनांदोलन देखा, सुना??? आपको उतर मिल जाएगा कि हमारे समाज में सामाजिक समरसता है या नहीं और कुछ विचारधाराएं धरातलीय सतह पर समरसता विरोधी भावनाओं को हवा देती है या ऐसी भावनाओं, कार्यों के विरुद्ध 100 प्रतिशत शक्ति व सख्ती से काम करती है ???

ओर अंत में, मीडिया भी समाजिक समरसता का महत्वपूर्ण घटक है किंतु क्या आपको लगता है मीडिया उस दायित्व को निभा रहा है? बहुत से अखबार, टीवी चैनल्स पाखंडों और सामाजिक समरसता के विरुद्ध प्रायोजित खबरों आदि का अनावश्यक प्रचार, प्रसार नहीं करते किंतु मीडिया का ही एक भाग इसके विपरीत भी कम करता है।

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# विकास की नई उड़ान पर राजस्थान



सविता सिंह

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्मारकों के लिए प्रसिद्ध राजस्थान हर साल लाखों पर्यटकों का स्वागत–सत्कार कर 'पधारो म्हारे देश' की अपनी परम्परा को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हो रहे हवाई सेवाओं के विस्तार से राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास को नई दिशा मिली है। हवाई सेवाएं केवल पर्यटकों को ही नहीं बल्कि व्यापारियों, निवेशकों और छात्रों को भी राज्य से जोड़ती हैं जिससे राजस्थान व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।

एयर ट्रांसपोर्ट आर्थिक वृद्धि, वैश्विक एकीकरण, व्यापार, पर्यटन और रोजगार संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान में एविएशन सेक्टर में आज किए जा रहे प्रयास, नवाचार, निवेश प्रोत्साहन विकसित राजस्थान 2047 को साकार करने में महत्वपूर्ण बिन्दु साबित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 19 अगस्त को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा 1507 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से कोटा–बूंदी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए.ए.आई.) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण के लिए ए.ए.आई को 440.65 एकड़ भूमि

> **अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं के विस्तार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति**

प्रदान की गई है। प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा।


23 अगस्त को आयोजित हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार द्वारा विमानन क्षेत्र के विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसके अंतर्गत एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने, वर्तमान में कम उपयोग में आ रही हवाई पट्टियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और एडवेंचर ट्यूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति को मंजूरी दी गई है। प्रदेश में विमानन क्षेत्र के विकास एवं युवाओं की इस क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए गत वर्ष किशनगढ़, अजमेर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन की स्थापना की गई है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करने की दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा जयपुर हवाई अड्डे पर समर्पित राज्य टर्मिनल के निर्माण के लिए 12,778 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है। राज्य सराकर द्वारा जल्द ही टर्मिनल भवन का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा।

राजस्थान में पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, औद्योगिक क्षेत्र और शैक्षिक संस्थान बड़ी संख्या में हैं, जिसके दृष्टिगत क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना राज्य के लिए अत्यंत महत्पूर्ण है। वर्तमान में राज्य में तीन हवाई अड्डों से आरसीएस उड़ाने संचालित हैं। राज्य सरकार ने माउंट आबू, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और श्रीगंगानगर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को भी इस योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है। क्षेत्रीय हवाई संपर्क (आरसीएस) उड़ानों के लिए विमान ईंधन पर वैट को 26 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा सभी जिला मुख्यालयों सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों तथा चिकित्सा सहायता एवं इमरजेंसी रेस्पॉन्स के लिए भी अतिरिक्त हैलीपेड का निर्माण प्रक्रियाधीन है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एवं राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम (रिप्स) के तहत विशेष प्रावधान के परिणामस्वरूप में विमानन क्षेत्र में निवेशकों से अब तक 10 से अधिक एमओयू किए जा चुके हैं, जिनसे लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है।

**सविता सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, राजस्थान**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 1 सितम्बर, 2025**


भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, ज्येष्ठा नक्षत्र सायं 7:55 तक, विष्कुम्भ योग सायं 4:31 तक, बालव करण दिन 1:50 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:55 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मिथुन, शुक्र–कर्क, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज रवियोग रात्रि 7:55 से आरम्भ होगा। कुमार योग रात्रि 2:43 से आरम्भ होगा। आज श्री हरि जयन्ती, श्री चन्द्र नवमी (उदासीन सम्प्रदाय), अदख नवमी, तल नवमी है। आज से भागवत सप्ताह आरम्भ होगा। आज प्रथम प्रकाश उत्सव गुरू ग्रंथ साहिब है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:44 तक, शुभ 9:18 से 10:53 तक, चर 2:01 से 3:35 तक, लाभ–अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:45




**मेष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**मिथुन**

स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**कर्क**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।




**सिंह**

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।




**कन्या**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**वृश्चिक**

उव्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। उव्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा।




**धनु**

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**मकर**

घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


!! श्री साँवलिया सेठ की जय !!
मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री साँवलियाजी (मण्डफिया) में त्रिदिवसीय
विशाल जलझूलनी एकादशी मेला
विशाल शोभायात्रा
भादवा सुदी 10 मंगलवार, दि. 02 सितम्बर 2025
समय – दोपहर 2 बजे से
मन्दिर परिसर से...
दि. 02 सितम्बर से दि. 04 सितम्बर 2025
विशाल रथयात्रा
भादवा सुदी 11 बुधवार, दि. 03 सितम्बर 2025
समय – दोपहर 12 बजे से
मन्दिर परिसर से...
अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन
दि. 02.09.2025 रात्रि 9 बजे से...
मण्डफिया बाईपास स्टेज पर
आमन्त्रित कविगण :- श्री सुरेश अलबेला
अनामिका अंबर, शिखा श्रीवास्तव, सौरभ सुमन, नवीन सारथी, बाबु बंजारा, दीपक पारीक, मोनिका हाथलिया, सिद्धार्थ देवल, लक्ष्मण नेपाली, नवीन पार्थ, जॉनी बैरागी, लोकेश जाडिया, बुद्धिप्रकाश दाधीच, मोहित सक्सेना
विशाल भजन संध्या
दिनांक 03 सितम्बर 2025
मण्डफिया बाईपास स्टेज पर
प्रसिद्ध गायिका ऋचा शर्मा बॉलीवुड प्लेबेक सिंगर मय दल रात्रि 9 बजे से एवं रात्रि 1 बजे से बृजवासी ब्रदर्स, गोकुल शर्मा, त्रिशा सुथार मय दल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां
शुभारम्भ :- मंगलवार, दि. 02.09.2025
गणपति वन्दना :- वैदिक पाठशाला के वेदपाठी बालकों द्वारा
समय – रात्रि 8.00 बजे से....
स्थान – मण्डफिया बाईपास स्टेज पर
अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन
रात्रि 9 बजे से...
स्थान : मण्डफिया बाईपास स्टेज पर
रामु मारवाड़ी मय दल द्वारा
रात्रि 9 बजे से...
सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान : मेला ग्राउण्ड (गोवर्धन रंगमंच)
भजन संध्या कार्यक्रम
(मन्नू महाराज, भगवत सुथार)
मय दल द्वारा रात्रि 9 बजे से
स्थान : मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच)
भजन संध्या कार्यक्रम
(प्रकाशदास जी महाराज मय दल द्वारा)
समय – रात्रि 1 बजे से...
स्थान : मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच)
सतवंत बादशाह मय दल द्वारा
रात्रि 1 बजे से...
सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान : मेला ग्राउण्ड (गोवर्धन रंगमंच)
रंगारंग आतिशबाजी :- शोभायात्रा की वापसी पर रात्रि 8 बजे, मन्दिर परिसर से
मुख्य समारोह :- बुधवार, दि. 03.09.2025
विशेष आकर्षण :- रथयात्रा में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
खिमज माँ नासिक ढोल मय गर्ल्स, भटिण्डा आर्मी बैण्ड-पंजाब, कच्ची घोड़ी व कालबेलिया नृत्य
भजन संध्या कार्यक्रम
रेपरिया बालम ग्रुप मय दल द्वारा
रात्रि 9 बजे से
स्थान : मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच)
लीला कालबेलिया मय दल द्वारा
रात्रि 9 बजे से...
सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान : मेला ग्राउण्ड (गोवर्धन रंगमंच)
उदय दहिया (लाफ्टर फेम)
मय दल द्वारा रात्रि 1 बजे से
सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान : मेला ग्राउण्ड (गोवर्धन रंगमंच)
सांस्कृतिक कार्यक्रम
(वैष्णवी शर्मा मय दल द्वारा)
समय – रात्रि 1 बजे से
स्थान : मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच)
रंगारंग आतिशबाजी :- रथयात्रा की वापसी पर रात्रि 8 बजे, मन्दिर परिसर से
मन्दिर की चित्ताकर्ष नयनाभिराम विद्युत सज्जा
श्रद्धालुओं हेतु विशेष सूचना
जो श्रद्धालु भक्तगण राजभोग, बालभोग, मक्खनभोग, मनोरथ सेवा, महाप्रसाद व गोसेवा हेतु दान करना चाहता है, वह निम्न बैंकों में ऑनलाईन दान (बैंक खाताधारक नाम :- मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री साँवलियाजी मन्दिर मण्डल, मण्डफिया) के नाम से भिजवा सकते है, दान की गई श्रद्धा दान राशि आयकर अधिनियम की धारा 80जी में छूट योग्य है।
Bank | A/c no. | IFSC Code No.
BOB | 52430100000001 | BARB0MANDPH
CBI | 1990916119 | CBIN0283263
समापन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम
गुरुवार, दि. 04.09.2025
दिव्यांगों को मोटोराईज्ड स्कूटी वितरण एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह
स्थान : मन्दिर के सामने स्टेज पर, सायं 7 बजे
सांस्कृतिक कार्यक्रम
(रेखा राव, पंकज मारवाड़ी मय दल द्वारा)
समय – रात्रि 8 बजे से
स्थान : मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच)
निवेदक
श्री साँवलियाजी मन्दिर मण्डल, मण्डफिया
जिला–चित्तौड़गढ़ (राज.)

# जालौर में मूसलाधार बारिश से कई गांवों का सम्पर्क कटा

## जिले के नदी-नालों में भी पानी की तेज आवक

- पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े बांध जवाई में साढे 55 फीट से अधिक पानी भरा, आवक जारी
- जालौर का बांकली बांध ओवरफ्लो हो चुका है, जिले के बांडी सिणधरा, वणधर सहित कई बांधों में पानी की तेज गति से आवक हो रही है

**जालौर,** (निसं)। जालोर जिले में रविवार को दोपहर करीब एक 1:30 बजे बाद बारिश का दौर शुरू हुआ जो शाम तक मूसलाधार बारिश होने से चंहुओर पानी ही पानी नजर आने लगा। जिले के नदी-नालों में भी पानी तेज आवक के साथ बहते नजर आये। जालौर की जवाई व सुकड़ी नदी में पानी तेज गति से बहने से कई रास्ते अवरुद्ध रहे। वहीं पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध जवाई में करीब साढे 55 फीट से अधिक पानी भर गया है। लगातार बारिश के चलते जवाई बांध में पानी की आवक जारी है। जालौर जिले में तेज बारिश के चलते कई गांवों का सम्पर्क कट गया।

जालौर जिले में मानसून की सक्रियता के चलते लगातार बारिश होने से जगह-जगह पानी भर जाने से हर किसी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा। जालोर का बांकली बांध ओवरफ्लो हो चुका है। वहीं जिले के बांडी सिणधरा, वणधर सहित कई बांधो में पानी की तेज गति से आवक हो रही है। जवाई नदी, सुकड़ी नदी व आकोली नदी में पानी तेज गति से बहाने से कई जगह आवागमन अवरुद्ध रहा। मूसलाधार बारिश के चलते कुलथाना नदी भी आने से जालौर-जोधपुर मार्ग अवरुद्ध रहा। इसके अलावा तेज बारिश के चलते जालौर शहर के कई जगह पानी भर जाने से तालाब में तब्दील नजर आए।

जालौर शहर की सबसे व्यस्ततम सड़क जयपुर-जोधपुर रोड शिवाजी और चौराहे से लेकर गवर्नमेंट कॉलेज तक निकासी नहीं करने से रोड पर पानी भर गया, जिससे रोड तालाब में तब्दील नजर आया। रोड पर पानी भर जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज बारिश के चलते कलेक्ट्रेट के समक्ष भी निकासी नहीं होने से पानी भर गया।

जालौर शहर के बागोड़ा रोड स्थित पंचायत समिति से गिटको होटल तक भी निकासी नहीं होने से पानी भर जाने से वाहन चालकों व आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नया बस स्टैंड में भी निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार से पानी की निकासी की कोई सुविधा नहीं करने से नया बस स्टैंड में भी पानी भर गया, जिससे यात्रियों को भी बस स्टैंड मे पानी में खड़ा रहना पड़ा। इसके अलावा बस स्टैंड तालाब में तब्दील नजर आया। तेज बारिश के चलते जालौर जिले की निचली कॉलोनियों में पानी भर गया।। वहीं लोगों को पानी भर जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

जालौर शहर के सुंदेलाव तालाब में लगातार जालौर शहर का सिवरेज का गंदा पानी व बारिश का पानी आने से तालाब ओवरफ्लो पानी तालाब के पास स्थित कॉलोनी में पानी भर जाने से कॉलोनियां जलमग्न हो गई। जालौर शहर में बारिश से जगह जगह पानी भर जाने से प्रशासनिक विफलता सामने नजर आई। बिना मापदंड के सड़कों का निर्माण करने से जगह जगह पानी भर गया।

# बारिश के दौरान तीन घरों पर आकाशीय बिजली गिरी, तीन लोग घायल

**डीग/भरतपुर,** (निसं)। डीग जिले में कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव सिकरौरी में अलसुबह तीन घरों पर आकाशीय बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से घर की छत की पट्टियां टूट गई। घरों में लगे विद्युत उपकरण जल गए। बिजली गिरते समय आवाज इतनी भयंकर थी कि घर वालों के कान अभी भी सुन्न पड़े हुए हैं। बिजली गिरते ही गांव में हड़कंप मच गया। घरों में चीख-पुकार मचने लगी। आसपास के लोगों ने घरों में जाकर देखा कि घरों की पट्टियां टूट कर घरों में सो रहे लोगों पर गिर गई जिससे वह घायल हो गए। गनीमत यह रही कि पट्टी किसी के सिर के ऊपर नहीं गिरी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- आकाशीय बिजली गिरने से घर की छत की पट्टियां टूट गई, विद्युत उपकरण भी जल गए
- बिजली गिरते समय आवाज इतनी भयंकर थी कि घर वालों के कान अभी भी सुन्न पड़े हैं



गांव सिकरौरी में अलसुबह आकाशीय बिजली गिरने से घर की छत की पट्टियां टूट गई।

जानकारी के मुताबिक देर रात झमाझम बारिश हो रही थी। सिकरौरी गांव में करीब सुबह तीन बजे के आसपास तीन मकानों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर जाने से हड़कंप मच गया। आकाशीय बिजली गिरने से मकान की पट्टी नीचे गिर गई, जिसमें तारा पत्नी कुंज बिहारी, रोहित पुत्र कुंज बिहारी, संजय पुत्र बलदेव घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। आकाशीय बिजली के चलते घर में लगे सभी विद्युत उपकरण जल गए। आवाज सुनकर मदद के लिए गांव के लोग दौड़े चले आए, जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन के लोग भी गांव पहुंचे।

# भीषण सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

- कैंसर से पीड़ित पिता से मिलकर जयपुर से वापस लौट रहे थे चचेरे भाई

**टोंक,** (निसं)। जिले के घाड़ थाना क्षेत्र स्थित जयपुर-कोटा नेशनल हाइवे-52 पर गैरोली कट के पास शनिवार रात्रि को कैंसर से पीड़ित पिता से मिलकर जयपुर से वापस लौट रहे बेटे और उसके चचेरे भाई को पीछे से अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, इस भीषण हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात वाहन ने एक युवक का सिर कुचल दिया तथा दूसरे के सीने पर टायर निकाल दिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई, जिनका शव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दूनी अस्पताल की मॉच्यूरी में रखवाया गया। परिजनों को सूचित कर बुलाया गया तथा दोनों युवकों का शव सुपुर्द कर दिया। घाड़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है, मामले में अनुसंधान जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक हरिराम मीणा (22) निवासी ढीकला और उसके चचेरे भाई रायराम मीणा (30) को दूनी अस्पताल लाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। हरिराम अपने घर में इकलौता था, जो गुजरात में एक फैक्ट्री में काम करता था, जो गत 27 अगस्त को यहां गांव आया था। वहीं रायराम भी गांव में ही खेती का काम करता है उसके 2 बेटियां, दो बेटे हैं। दोनों की मौत पर ग्रामीणों ने मांग है कि दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, ऐसे में सरकार उन्हें आर्थिक मदद प्रदान करें।

# श्रीगंगानगर में साढ़े तीन इंच बारिश हुई

- गांव बुर्जवाला, नग्गी, भुट्टीवाला, रड़ेवाला, रूपनगर, बडिंगा सहित गांवों में भी बरसात हुई

**श्रीकरणपुर,** (निसं)। शहर और आसपास के गांवों में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। शहर में 25 एमएम बारिश दर्ज की गई। करीब ढाई घंटे रुक-रुककर चली बरसात से शहर के निचले वार्डों, सड़कों व खेतों में भी पानी भर गया। बरसात के चलते शहर की विद्युत आपूर्ति भी बंद रही। शहर में शाम 4 से 6:30 बजे तक बारिश का दौर जारी रहा। गांव नग्गी, बुर्जवाला, भुट्टीवाला, रड़ेवाला, रूपनगर, बडिंगा सहित गांवों में भी अच्छी बरसात के समाचार मिले हैं। बरसात से शहर के निचले वार्डों में एक बारगी तो एक-एक फीट पानी जमा हो गया। जोहड़ में पानी की निकासी होने के बाद कुछ राहत मिली। वहीं श्रीगंगानगर में 88 एमएम (साढ़े तीन इंच) बारिश हुई। वहीं चूनावढ़ कस्बे सहित आसपास के गांवों में एक घंटा तक झमाझम बारिश हुई। इससे गलियों व सड़कों में पानी भर गया। खेतों फसलें भी पानी से लबालब दिखाई दी।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक बालिका की मौत, आठ घायल

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के लाडपुरा गांव में शनिवार देर रात्रि को अचानक आई तेज गति से वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली एक मकान पर गिर गई। इस दुर्घटना में एक 14 वर्षीय बालिका क्रांति खारवाल पुत्री इंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई एवं आठ जने घायल हो गये। तीन घायलों को गंगापुर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं पांच घायलों का बामनवास चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि को बामनवास उपखंड मुख्यालय के लाडपुरा गांव में इंदर सिंह खारवाल के मकान में पूरा परिवार टेलीविजन देख रहा था। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ वर्षा का दौर शुरू हो गया एवं कड़कड़ाकर आकाशीय बिजली मकान पर गिर गई, जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया एवं कमरे में बैठे परिवार के नौ सदस्य घायल हो गए।

सूचना पाकर ग्रामीणों ने घायलों को बामनवास चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने क्रांति खारवाल (14) को मृत घोषित कर दिया, गंभीर घायल गीतांजलि, शर्मिला उर्फ छोटी व रेखा को गंगापुर चिकित्सालय उपचार के लिए ले जाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। राघव उम्र तीन माह, राजकुमारी, अनीता, उर्मिला, दिया कुमारी का बामनवास चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना पाकर बामनवास उपखंड अधिकारी प्रियंका कड़ेला व पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायलों के उपचार की जानकारी ली। गंगापुर सिटी चिकित्सालय में सूचना पाकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा एवं एसडीएम बृजेंद्र मीणा ने भी चिकित्सालय पहुंचकर घायलों के उपचार की जानकारी ली।

# चम्बल नदी में कूदी युवती का मिला शव

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा थाना इलाके के चम्बल की छोटी पुलिया से दो दिन पूर्व चम्बल नदी में कूदी युवती का शव रविवार को दो दिन बाद भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र के रेलवे ब्रिज के पास नदी में मिला। गोखातोर टीम ने युवती के शव को चम्बल नदी से बाहर निकालकर भीमगंजमंडी पुलिस को सौंप दिया। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि 29 अगस्त को एक युवती के चम्बल की छोटी पुलिया से चम्बल नदी में कूदने की सूचना मिली थी। युवती की तलाश के लिये टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयास के बाद रविवार को स्टेशन क्षेत्र के रेलवे ब्रिज के पास चम्बल नदी में महिला का शव मिला। युवती के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतका की पहचान सीमलिया दीगोद निवासी पूजा के रूप में हुई है।

# भरतपुर, बयाना में बारिश जारी

**भुसावर/भरतपुर/बयाना,** (निसं)। कस्बा भुसावर सहित ग्रामीण परिवेश में पिछले कई दिनों से रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। शनिवार देर शाम को आसमान में तेज गर्जना के साथ आए बादलों से हुई मूसलाधार बारिश के बाद आमजन को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन घरों सहित नीचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। गांव नयागांव खालसा निवासी एक जने के मकान की चार दीवारी की एक साइड वाली दीवार देखते ही देखते क्षतिग्रस्त होकर गिर गयी तो गांव में बंध के लिए जाने वाला रास्ता पूरी तरह कट गया और मिट्टी बह जाने से रास्ता अवरूद्ध हो गया। वहीं कस्बा भुसावर के चेतन विद्या मन्दिर परिसर में पानी भर जाने से बच्चे पानी को बाहर निकालते नजर आये। दूसरी ओर पोस्ट ऑफिस भवन के पीछे की दीवार क्षतिग्रस्त होकर गिर गयी।

वहीं बयाना क्षेत्र में रविवार को झमाझम बारिश हुई, जिससे इलाके का मौसम सुहाना हो गया। लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को लंबे समय से झेल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। बारिश के कारण मुख्य बाजारों और गलियों में पानी भर गया, जिससे आमजन को थोड़ी असुविधा हुई, लेकिन लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, क्योंकि यह बारिश खरीफ की फसलों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की संभावना जताई है।

# टावरों से केबल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। थाना दानपुर क्षेत्र में टावरों पर चढ़कर केबल चोरी करने के शातिर आरोपी छगन को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि 29 अगस्त को प्रार्थी सचिन चौधरी हाल जीएसपी पावर सिस्टम कंपनी के स्टेट ऑफिसर ने रिपोर्ट दी कि उनकी कंपनी जीयो कंपनी के टावरों के रखरखाव का कार्य करती है। 27 अगस्त की रात 11 बजे दो चोर चोरी कर रहे थे जो टावर पर लगे कैमरे में साफ दिख रहे हैं। घटना नेगड़िया में लगे जीयो टावर की थी। इसी तरह 25 अगस्त को गांव नापला में भी चोरी की घटना हुई। इसके अलावा दानपुर, बारी, कटुम्बी, पाड़ला, आबापुरा, चन्द्रोड के टावरों पर भी चोरी हुई।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी व एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के सुपरविजन व पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के सुपरविजन में थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। थाना स्तर पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं आसूचना संकलित कर संदिग्ध का पता लगाया तो छगन पुत्र परतु निनामा निवासी परातपाड़ा कटुम्बी के बारे में पता चला तो डिटेन कर पूछताछ की गयी तो छगन ने पूर्व में भी पाड़ला, नापला, पुलिस थाना आम्बापुरा में भी जीयो कंपनी के टावर पर अपने साथी कालु पुत्र मोती चरपोटा निवासी खुंटड़िया के साथ मिलकर केबल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी कालु की तलाश जारी है। थानाधिकारी ने बताया कि कालु के मिलने पर जिले में हुई अन्य चोरियों के खुलासे की भी पूर्ण संभावना है।



दानपुर थाना पुलिस ने शातिर केबल चोर को गिरफ्तार किया।

## मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। मोटागांव थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए मंदिर में चोरी करने के आरोपी को मात्र 24 घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रामसिंह ने बताया कि 28 अगस्त को अज्ञात बदमाश ने मंदिर में चोरी करते हुए चांदी जड़ित मूर्ति व सोने जैसा नकली हार चुरा लिया था, जिसके संबंध में अनिल पुत्र पृथ्वीराज दर्जी निवासी बस्सी आड़ा ने रिपोर्ट दी, जिस पर मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी रामसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकि विश्लेषण करते हुए मुखबिर तंत्र से सूचना संकलित की। वहीं मंदिर के आस-पास लगे सीसीटीवी चैक करते हुए अज्ञात बदमाश की तलाशी शुरू की। इस दौरान संदिग्ध मुकेश पुत्र कांतिलाल सुथार निवासी बस्सी आड़ा के संदिग्ध होने पर पूछताछ की तो मुकेश ने घटना करना स्वीकार किया। मुकेश की निशादेही से राधाकृश्णजी की चांदी जड़ित प्रतिमा व सोने जैसा नकली हार जब्त किया गया।

## सात लाख की शराब सहित ट्रक जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने सात लाख रूपये की अवैध शराब सहित ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अति.पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाइ करते हुए बारापाल हाइवे पर तलाशी के दौरान मिनी ट्रक में मार्बल पत्थरटाईल्स आड में रखे अवैध शराब के 57 कर्टन पाए गए। इस पर पुलिस ने शराब सहित मिनी ट्रक जब्त कर चालक मुकेश कुमार पुत्र रूधाराम निवासी हाउसींग बोर्ड कॉलोनी सुमेरपुर पाली को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। शराब की बाजार कीमत 7 लाख रूपये बताई जाती है।

# आठ फरार वांछित अपराधी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक अजमेर एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार वृताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत एवं थानाधिकारी टोडारायसिंह महावीर प्रसाद के नेतृत्व में एक दिवसीय ऐरिया डोमिनेशन अभियान के तहत वाछिंत अपराधी, पूर्व के चालानशुदा अपराधियों व सक्रिय अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवामें में गठित टीम ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार रोड निर्माण प्लांट से मशीन पार्ट्स चोरी के मामले में पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह में दर्ज प्रकरण में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 50 हजार कीमत के प्लांट से चोरी डिस्पले व पीएलसी मशीन जब्त की है। लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि गत 19 अगस्त को दर्ज प्रकरण के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग से स्वीकृत देवल से नगर तक चल रहे रोड का कार्य हेतु लगी मशीन एचएमआई डिस्प्ले और पीएलसी को चोरों ने गायब कर दिया, जिनकी बाजार किमत 3 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। मामले में मेक्स मेक कम्पनी के पूर्व में कार्यरत इंजीनियर मोहित, गौरव व हेल्पर दीपक ने पार्ट्स चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। मामले में थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने संदिग्धों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर रिपोर्ट निकलवाकर विश्लेषण किया। घटना में संदिग्ध पाये गये गौरव शर्मा पुत्र तेजपाल शर्मा निवासी बीच गली महुअर पुलिस थाना किरावली जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, मोहित पुत्र सन्तराम जाट निवासी झासवा थाना साल्हवास जिला झज्झर, हरियाणा व दीपक कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह जाट निवासी हमीनपुर थाना पिलानी जिला झुन्झुनूं को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद तीनों को आपराधिक षडयंत्र रचकर प्लांट से डिसप्ले व पी.एल.सी. चोरी कर ले जाना पाया गया। उक्त तीनों आरोपियों को प्रकरण में गिरफ्तार कर आगे अनुसंधान जारी है।



एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा।

# घग्घर नदी का पानी अनूपगढ़ क्षेत्र में मल्ला टिब्बा तक पहुंचा

- एक किमी प्रतिदिन की रफ्तार से बढ़ रहा पानी, किसानों को इंतजार करना पड़ेगा

**अनूपगढ़,** (निसं)। शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली घग्घर नदी का पानी अनूपगढ़ क्षेत्र में मल्ला टिब्बा तक पहुंच गया है। गुल्ला चिक्का हेड से 37,893 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। ओटू डाउनस्ट्रीम पर 26,000 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। पानी की गति बेहद धीमी है। सुबह से दोपहर तक पानी ने मात्र एक किलोमीटर की दूरी तय की है। इस कारण अनूपगढ़ के अंतिम छोर के किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश और हनुमानगढ़ व पीलीबंगा क्षेत्र में हुई वर्षा से नदी में जलस्तर अच्छा है। पानी की धीमी गति का कारण कृषि फार्म के सायफन गेट का खुला होना है। किसानों ने पहले सायफन को बंद कर दिया था। इससे जलधारा सीधे अनूपगढ़ क्षेत्र से होकर भेड़ताल की ओर बढ़ती, लेकिन अधिकारियों ने गेट दोबारा खोल दिए। यह जल संसाधन विभाग के चीफ के आदेशों के विपरीत है। चीफ ने कहा था कि भेड़ताल तक पानी पहुंचने से पहले सायफन नहीं खोले जाएं। किसान संघ ने इस मुद्दे को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने भी रखा है। फिर भी वर्तमान स्थिति किसानों के लिए संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में अगले चार दिन तक भी पानी का बहाव धीमा बना रह सकता है। अनूपगढ़ भेड़ताल तक पानी पहुंचाने के लिए तेज दबाव और वेग दोनों जरूरी हैं। इसी दौरान यदि पीछे से पानी की मात्रा कम हो गई तो पानी के भेड़ताल तक पहुंचने की उम्मीदें धूमिल हो सकती है।

इधर, पानी के बढ़ते स्तर और भविष्य में संभावित खतरे को देखते हुए घग्गर बहाव क्षेत्र से लगे गांवों के किसान अब खुद ही बंधे को मजबूत करने में जुट गए हैं। ग्रामीण जगह-जगह कटाव को रोकने के लिए पक्की दीवार जैसी संरचना तैयार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्रशासन से मदद मिलने तक वह खुद अपने स्तर पर सुरक्षा इंतजाम कर रहे हैं, ताकि पानी घग्गर बहाव क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्र में नहीं जा सके।

प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी ने बताया कि 31 अगस्त रविवार को घग्गर नदी में गुल्ला चिक्का पर 37,893 क्यूसेक, खनौरी पर 8400 क्यूसेक, चांदपुर पर 4150 क्यूसेक, ओटू डाउनस्ट्रीम पर 26000 क्यूसेक, घग्घर सायफन पर 16930 क्यूसेक, नाली बेड पर 5,000 क्यूसेक, आरडी 42 जीडीसी पर 11880 क्यूसेक, आरडी 133 जीडीसी डाउनस्ट्रीम पर 4500 क्यूसेक, सूरतगढ़ ब्रांच पर 1,550 क्यूसेक तथा आरडी 158 जीडीसी पर 4450 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया। पूर्व में नाली बेड पर पानी 3000 क्यूसेक प्रवाहित होता था जो अब 5000 हो रहा है।

## तेज बहाव में बहा डंपर, चालक बाल-बाल बचा

**टोंक,** (निसं)। पीपलू उपखंड क्षेत्र के कचोलिया गांव के पास से गुजर रही मासी नदी की रपट पर शनिवार को पानी के तेज बहाव में गिट्टी से भरा डंपर पलट कर नदी में गिर गया। इसके बाद चालक ने खलासी साइड की खिड़की से बाहर निकलकर डंपर पर चढ़कर अपनी जान बचाई। बाद में वहां मौजूद ग्रामीणों ने चालक को ट्रैक्टर में बिठाकर उसे बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि गिट्टी भरकर ले जा रहे डंपर रामकिशनपुरा उर्फ कचोलिया गांव के पास से गुजर रही मासी नदी की रपट को पार करके निकल रहा था, तभी तेज बहाव के कारण असंतुलित होकर डंपर नदी में उतर कर पलट गया। इस दौरान चालक सत्यनारायण चौधरी दूसरी साइड की खिड़की से बाहर निकल डंपर के ऊपर चढ़ गया, जहां बाद में वहा मौजूद ग्रामीणों ने उसे ट्रैक्टर में बिठाकर बाहर निकाला।

# पति से अलग रह रही विवाहिता की गला घोंटकर हत्या

- मृतका की पुत्री दोपहर के समय स्कूल से घर लौटी, तब घटना का पता चला
- महिला राजियासर में ब्यूटी पार्लर का संचालन कर अपना गुजर-बसर कर रही थी

**सूरतगढ़,** (निसं)। वार्ड नंबर 11 में पति से अलग रह रही एक विवाहिता का गला घोंटकर हत्या करने मामला सामने आया है। सिटी थाना पुलिस ने शव को राजकीय चिकित्सालय की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतका की पुत्री दोपहर के समय स्कूल से घर लौटी तब घटना का पता चला। मृतका के भाई रामबाबू पुत्र द्वारका शाह, निवासी वार्ड नंबर 13, सूरतगढ़ की ओर से नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है।

सब इंस्पेक्टर नगेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका बेबी गुप्ता (30) पुत्री द्वारका शाह की शादी वर्ष 2013 में दिलीप वर्मा के साथ हुई थी। बेबी गुप्ता के दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ी लड़की हर्षिता (12) और एक लड़का मिशल (9) है। मृतका के भाई ने एफआईआर में लिखवाया है कि 4 साल पहले उसकी बहन बेबी बहनोई दिलीप से अलग हो गई थी। उसने सूरतगढ़ के वार्ड-11 में किराए का मकान ले लिया और वहां रहने लगी। बेबी गुप्ता राजियासर में ब्यूटी पार्लर का संचालन कर अपना गुजर बसर कर रही थी। आरोप है कि भंवरलाल पुत्र छोटू राम निवासी नई सुरेशिया, जो बिरधवाल में बारबर शॉप करता है, वह उसकी बहन के घर आता जाता था। शाम को भी वह उसके घर आया और किसी बात को लेकर उससे झगड़ा किया। शनिवार सुबह जब उसके भांजी और भांजा स्कूल चले गए तो भंवरलाल फिर उसकी बहन के घर आया और उसके साथ मारपीट कर चुन्नी से गला घोंट कर मौके से फरार हो गया। दोपहर के समय भांजा भांजी जब स्कूल से आए तो उसकी बहन चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ी थी। घटना की जानकारी उन्हें मिलने के बाद वे तुरंत बेबी गुप्ता को राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करवा उन्हें सौंप दिया।

# ''वोकल फॉर लोकल'' मंत्र से बनेगा आत्मनिर्भर और विकसित भारत

## सौर ऊर्जा ने बदला किसानों का जीवन, आय में हुई बढ़ोतरी : प्रधानमंत्री मोदी

**जयपुर ( कासं )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 125वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों से वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहारी सीजन

- **'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी से राजस्थान की प्रतिभाओं को मिलेगी नई पहचान'**
- **राजस्थान में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उठाएं महत्वपूर्ण कदम : मुख्यमंत्री**



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 125वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।**

में आमजन उपहार, पहनावे, सजावट और रोशनी में स्वदेशी को गर्व से अपनाएं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। भारत में छिपी संभावनाओं पर दुनिया-भर की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विश्व के सभी हिस्सों में प्रभाव बढ़ा है और रामायण और महाभारत के प्रति प्रेम और श्रद्धा में वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन आमजन में नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। साथ ही, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। इस खेल आयोजन से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा तथा यह आयोजन खेल के क्षेत्र में राजस्थान को नई पहचान भी दिलाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की एकता और विकास के लिए 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना बहुत जरूरी है और खेल इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। जो खेलता है, वहीं खिलता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में युवाओं की खेलों के प्रति बढ़ती रूचि के बारे में जानकारी देते हुए पुलवामा स्टेडियम में पहली बार आयोजित हुए डे-नाइट क्रिकेट मैच और डल झील पर पहले खेलों इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का जिक्र किया, जिनमें सैकडों युवाओं ने भाग लिया।

मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा से किसानों की जिंदगी बदल रही है। वही खेत, वही मेहनत, वही किसान, लेकिन मेहनत का फल कहीं ज्यादा मिल रहा है। किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बिहार की सोलर दीदी देवकी का जिक्र करते हुए कहा कि देवकी ने सोलर पंप की स्थापना की, जिसके माध्यम से 40 एकड से ज्यादा क्षेत्र में पानी पहुंचाया जा रहा है। जबकि पहले कुछ ही एकड में खेती हो पाती थी। उनकी मेहनत और दूरदर्शिता ने दिखा दिया है कि सौर ऊर्जा सिर्फ बिजली का साधन नहीं है, बल्कि ये गांव-गांव में नई रोशनी लाने वाली एक नई शक्ति भी है। उन्होंने सूरत में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड जितेन्द्र सिंह राठौड़ की अद्भुत पहल का जिक्र किया, जो हर देशभक्त के लिए प्रेरणादायी है। पिछले कुछ वर्षों से वो उन सभी जवानों के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं, जिन्होंने भारत माता की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। साथ ही, उनके पास ढ़ाई हजार से ज्यादा शहीद जवानों के माता-पिता के चरणों की मिट्टी भी है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रतिभा सेतु पोर्टल का जिक्र किया, जिसके अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाएं के उन उम्मीदवारों का डाटा संग्रहित किया जाता है जिन्होंने परीक्षा के कई चरण पास किए लेकिन अंतिम सूची में चयनित नहीं हो पाए। इस पोर्टल के माध्यम से निजी कंपनियों द्वारा सैकड़ों उम्मीदवारों को नियुक्तियां दी जा रही हैं।

# डेटिंग एप के जरिये लोगों को फंसाकर लूटपाट करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने डेटिंग ऐप के जरिये लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को कोटा और अंता (बारां) से गिरफ्तार किया। पकड़े गए तीनों बदमाश शातिर हैं,जिन के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने डेटिंग ऐप के जरिये लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे लूटपाट करने वाले टोनू राज सिंह उर्फ टोनू उर्फ उमा शंकर उर्फ सोनू निवासी झालााड, शुभम सुमन और लोकेश प्रजापत निवासी बांरा को गिरफ्तार किया। पकडे गए बदमाशों ने चेन्नई (तमिलनाडु), मुम्बई एवं आस पास के इलाकों में भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। टोनू राज सिंह उर्फ टोनू उर्फ उमा शंकर उर्फ सोनू के खिलाफ चोरी, लूट,आर्म्स एक्ट नकबजनी व मारपीट के 18 वहीं शुभम व लोकेश के खिलाफ 1-1 केस दर्ज हैं।

ये लोग एक अन्तर्राज्यीय गिरोह है जो कि सोशल मीडिया डेटिंग एप्प के माध्यम से लड़कों से सम्पर्क कर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते हैं।



**मालपुरा गेट थाना पुलिस ने डेटिंग एप के जरिये लोगों को झांसे में लेकर लूटपाट व मारपीट करने वाले बदमाशों को कोटा और अंता ( बारां ) से गिरफ्तार किया।**

पुलिस को सूचना मिली थी कि महावीर नगर सांगानेर से एक व्यक्ति को दो लड़के जबरदस्ती उठा कर ले गये हैं जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी टीमें एक्टिव की गई। टीम को विशेष निर्देश देते हुए संदिग्ध बदमाशों के पीछे टीम को लगाया गया। पुलिस टीम को पीड़ित ने लिखित रिपोर्ट दी जिस में उस ने बताया कि 29 अगस्त को वह दोपहर साढ़े 12 बजे सीतापुरा ज्वेलरी कंपनी से रवाना होकर किराये के मकान पर पहुंचा। पीड़ित ने अपने मोबाईल फोन में ग्राइंडर एप सोशल मीडिया डेटिंग एप्प डाउनलोड कर रखा था जिसे चालू किया तो उस के पास मैसेज आया तथा आपसी बाच चीत हुई सामने वाली लड़की ने उसे मिलने बुलाया जिस पर पीड़ित लड़की से मिलने के लिए महावीर कॉलोनी पहुंचा जहां पर एक काले रंग की डिजायर कार खड़ी हुई थी जिसमें एक युवक उसे बिठा कर अपने साथ ले गया। इण्डिया गेट से दो आदमी और गाड़ी में बैठ गये।

उसके बाद तीनों ने उसे बंधक बना कर मारपीट की तथा मोबाईल व रुपये छीन कर उसका विडियो बना लिया तथा उसे कोटा लेकर चले गये। जहां पीड़ित को छोड़ कर आरोपी भाग गए। पीड़ित ने जयपुर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी।

## मुकेश के तराने गूंजे

**जयपुर।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे दो दिवसीय संगीत समारोह के आखिरी दिन संस्थान परिसर बॉलीवुड के अमर गायक मुकेश के सदाबहार तरानों से गूंज उठा। कार्यक्रम में संस्थान के कई बाल व युवा कलाकारों ने अपनी पुरकशिश आवाज में अमर गायक मुकेश के गाए गीतों की माला पिरोयी। कार्यक्रम में मीशा, सृष्टि गोयल, कृति, आलिया, नीत खत्री ने प्रस्तुति दी।

## भगवान रामदेव महाराज की महाज्योत और भव्य आरती

**जयपुर (कासं)।** श्री तँवरावाटी राजपूत सभा राजस्थान द्वारा द्वारिकाधीश श्रीकृष्णअवतार भगवान रामदेव महाराज की महाज्योत और भव्य आरती का कार्यक्रम का जयपुर में आयोजित हुआ। सभा के अध्यक्ष डॉ. शिवराज सिंह तंवर ने बताया कि कार्यक्रम में श्रीहर निखिल ने रामदेव जी के जीवन परिचय, बाबा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपना व्याख्यान दिया। समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाय को समाप्त करने के लिए रामदेव जी के पर्चों एवं समाज एकता के लिए उनके द्वारा दी गयी। शिक्षाओं पर चर्चा की गयी। रामदेव जी महाराज का जीवन हमें सेवा, समर्पण, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामदेव जी महाराज केवल अवतारी पुरूष ही नहीं थे, बल्कि एक क्राति के प्रर्वतक थे। रामदेव जी ने समता, मानवता, जनसेवा और भाईचारे का संदेश दिया। इन्हीं उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए रामदेव जी महाराज की दिव्य महाज्योत एंव आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयपुर, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, बुहाना, कोटपूतली, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, डूंगरपुर, मेरठ, हरियाणा से समाज बन्धु शामिल हुए। विशेष रूप से महिलाओं की उपस्थिती सम्मानजनक रही। राजनैतिक क्षेत्र एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य बन्धुओ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने रामदेव जी के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्रिनर्माण के बारे में बताया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भगवान रामदेव के किये गये कार्यों की प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह, राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, राधेश्याम सिंह तंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## सगाई के बाद मंगेतर ने लूटी आबरू

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में एक शातिर युवक ने झूठ बोलकर युवती को शादी को लिए राजी किया और सगाई होने के बाद ही उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती को जब आरोपी के झूठ के बारे में पता चला तो पीड़िता ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने और प्रेग्नेंट होने पर अबॉर्शन करवाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली युवती का आरोप है कि परिजन उसकी शादी के लिए लड़का तलाश रहे थे। मार्च - 2025 में आरोपी ने शादी करने का प्रस्ताव भेजा। आरोपी युवक के परिवार वालों ने झूठ बोलकर उन्हे धोखे में रखा और सगाई करवा दी। बताया जा रहा है कि शादी होने के बाद दोनो की आपस में मोबाइल फोन पर बातचीत होने लगी। आरोपी ने युवती पर मिलने का दबाव बनाना शुरु कर दिया। पीड़िता मिलने पहुंची तो आरोपी ने दुष्कर्म किया।

# गणेशोत्सव मात्र पर्व नहीं, यह सामाजिक एकजुटता की भारतीय संस्कृति : राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित ''गणेशोत्सव'' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने गणेश मंदिर के पुजारियो सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि गणेश उत्सव पर्व मात्र नहीं है, यह सामाजिक एकजुटता और परस्पर सद्भाव की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने गणेश उत्सव समारोह मनाये जाने की परंपरा के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकमान्य तिलक ने महाराष्ट्र में इस तरह के आयोजनों की शुरुआत इसलिए की थी कि समाज एकजुट हो और आजादी आंदोलन के लिए जागरूक हों। उन्होंने गणेश को विघ्नहर्ता बताते हुए कहा कि वह जीवन से जुडे सभी संकटों को दूर करते हैं। उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि इससे



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित ''गणेशोत्सव'' कार्यक्रम में भाग लिया।**

दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है।

इससे पहले राज्यपाल बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात जन-जन से जुड़ी हुई भारत की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात के अंतर्गत देशभर के प्रांतों की संस्कृति, लोगों और विभिन्न क्षेत्रों में लीक से हटकर कार्य करने वालों की कहानियों के आलोक में इसे प्रस्तुत किए जाने को महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताया।

कार्यक्रम में राज्यपाल बागडे का सिविल लाइंस विधायक एवं पत्रकार डॉ गोपाल शर्मा ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान गणेश उत्सव से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई।

# ट्रैफिक कांस्टेबल ने बचाई तीन जिंदगी

## हाईवे पर हादसे के बाद कांस्टेबल रोहिताश ने तीनों को पहुंचाया अस्पताल, दो मासूमों को मां की तरह संभाला

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** ट्रेफिक पुलिस के उत्तर जिले में तैनात ट्रेफिक पुलिस कांस्टेबल ने ड्यूटी जाते समय अपने कर्तव्य का बाखुबी निर्वाह किया और सड़क हादसे में घायल तीन जान को बचा लिया।

गौरतलब है की शाहपुरा राडावास निवासी रोहिताश ट्रेफिक पुलिस में नार्थ जिले में तैनात है। शनिवार को रोहिताश अपने पैतृक गांव से चौमूं अजीतगढ स्टेट हाईवे से अपने दफ्तर के लिए जा रहे थे। इसी दौरान चौमूं अजीतगढ हाईवे एक स्कूटी सवार महिला को अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार कर फरार हो गया और महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ घायल हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

हाईवे पर भीड़ जमा देखकर रोहिताश ने अपनी कार रोकी और मामले की जानकारी ली। जिसके बाद रोहिताश ने गंभीर घायल अवस्था में महिला और दोनो मासूमों को अपनी



**ट्रैफिक कांस्टेबल रोहिताश**

कार में बिठाया और चौमूं में स्थित रिद्धि-सिद्धी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है दोनो मासूम बच्चों को मामूली चोट आई है। स्कूटी नंबरों के आधार पर रोहिताश ने मामले की जानकारी महिला के परिजनों को दी। जिसके पश्चात रोहिताश ने 2 साल व साढ़े 3 साल के मासूमों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

- **परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर बच्चियों को किया उनके सुपुर्द**

रोहिताश ने बताया कि मेरी सभी लोगों से अपील है कि कभी भी ऐसी स्थिति बने या कोई हादसा हो जाए तो सबसे पहले घायलों को अस्पताल में पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना राजस्थान सरकार की एक पहल है, जिसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह योजना सड़क दुर्घटना के बाद घायलों की जान बचाने के उद्देश्य से लागू की गई है और इसका क्रियान्वयन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जाता है ।

## ''एजुकेट गर्ल्स'' को रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड

**जयपुर।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था ''एजुकेट गर्ल्स'' को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

एजुकेट गर्ल्स संस्था अब उस गौरवशाली पंक्ति का हिस्सा बन चुकी है, जिसमें सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाज़ाकी जैसी विश्वप्रसिद्ध विभूतियाँ शामिल हैं। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन ने कहा, यह उपलब्धि हमारी टीम, बालिका स्वयंसेवकों, पार्टनर्स, समर्थकों और सबसे बढ़कर उन बच्चियों के नाम है, जिन्होंने अपनी सबसे बड़ी ताकत, शिक्षा को फिर से हासिल किया।

# एक ही प्लॉट दो लोगों को बेचकर लाखों रुपए ठगे

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना फर्जी तरीके से एक ही प्लॉट को दो जनों को बेच कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जांच अधिकारी एएसआई करन सिंह ने बताया कि विद्याधर निवासी अनिल सिंघल 63 का आरोप है कि चांदपोल में मोजिका रियल एस्टेट एण्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का ऑफिस है।

डवलपर्स कंपनी की ओर से सांगानेर के ग्राम सालिगरामपुरा में हनुमान वाटिका नाम से स्कीम काटी गई थी। कंपनी को बिजनेस के चलते रुपयों की जरूरत थी।

कंपनी के डायरेक्टर नागरमल अग्रवाल ने अनिल सिंघल से स्कीम में एक प्लाट का सौदा 2 करोड़ रुपए में देना तय किया। जिसमें मई-2024 में बैंक से एनओजी जारी करवाकर देने बाद प्लॉट की रजिस्ट्री करवाना तय हुआ। डायरेक्टर नागरमल ने एडवांस के तौर पर 50 लाख रुपए ले लिए। बैंक एनओजी के कहने पर टालमटोल कर प्लाट का कब्जा सौंप दिया।

- **आरोपी के खिलाफ 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज**

प्लॉट पर चारदीवारी का निर्माण करवाना शुरू करने पर मनोज पारवानी नाम के व्यक्ति ने प्लाट उसका होना बताया। दस्तावेज जांचने पर कागजात सहीं निकले।

आरोप है कि दूसरे पक्ष को भी डवलपर्स ने प्लॉट बेच दिया और प्लॉट के नाम से 50 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर डवलपर्स कंपनी के डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## जयकारों से गूंजा मंदिर प्रागंण

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर के गुप्त वृंदावन धाम में रविवार को राधा रानी का प्राकट्यय महोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पंद्रह दिन बाद राधाष्टमी आती है, यह वो दिन है जब राधा रानी का आविर्भाव हुआ था और यह कहा जाता है की उस दिन रविवार था। संयोग की बात है की रविवार 31 अगस्त को राधाष्टमी के दिन भी रविवार है। गुप्त वृंदावन धाम राधा अष्टमी पर राधा रानी के जयकारों से गूंजायमान हो गया। राधाष्टमी के पावन पर्व पर राधारमण का दूध, दही, घी, शहद और पुष्पों से महाअभिषेक किया गया।

# 200 से अधिक पुलिसकर्मियों ने किया 185 लोगों को गिरफ्तार



**जयपुर कमिश्नरेट के दक्षिण जिले के 13 थानों की पुलिस ने रविवार सुबह 5 बजे से एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया।**

**जयपुर (कासं)।** जयपुर कमिश्नरेट के दक्षिण जिले के 13 थानों की पुलिस ने रविवार सुबह 5 बजे से एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए 185 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण (डीसीपी)के निर्देशन में 50 टीमें बनाई गई। जहां इन टीमों में 200 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस सर्च से बदमाशों ने एक बार फिर से खौफ पैदा हुआ है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण (डीसीपी) राजर्षि राज ने बताया कि राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य अपराधियों में डर आमजन में विश्वास को ध्यान में रखकर जिले में सक्रिय-वांछित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए सभी थाना अधिकारियों के निर्देश दिए थे। थाना अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ थाना क्षेत्रों में रह रहे अपराधियों एवं बदमाशों के खिलाफ सुबह ही एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई एक साथ की। जिले की कुल 50 टीमों में शामिल 200 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने थाना क्षेत्रों में स्थित 100 से अधिक ऐसे ठिकानों पर दबिश दी जहां पर अपराधी बदमाशी रहते हैं। 100 से अधिक ऐसे ठिकानों पर दबिश 185 को गिरफ्तार किया। पुलिस टीमों के सर्च एवं चैकिंग के दौरान अपराधियों ने छिपकर भागने की कोशिश की जिनको पहले से तैयार पुलिस टीम ने पकड़ा। इस कार्यवाही में आर्म्स, एनडीपीएस, आबकारी, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती जघन्य अपराधों में वांछित कुल 24 अपराधी, स्थाई वारंटी 30, अन्य सामान्य प्रकरणों के 17, धारा 170 बीएनएसएस में 99 अपराधी गिरफ्तार किए। 15 हिस्ट्रीशीटर को चैक किया गया। आबकारी एक्ट में 10, आरएनसी एक्ट में 3, कुल 13 एफआईआर दर्ज कर 185 को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### आसलपुर-जोबनेर में ट्रेन के ठहराव की मांग

**जयपुर।** आसलपुर-जोबनेर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेज गति से हो रहे विकास कार्यो के साथ-साथ ही यदि ट्रेन का ठहराव हो तो क्षेत्र की आम जनता को लाभ मिल सके। इसी संदर्भ में दैनिक रेलयात्री महासंघ आसलपुर-जोबनेर ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग उठाई कि गाड़ी संख्या 09721/22 जयपुर-उदयपुर-जयपुर एक्सप्रेस वर्तमान में होली-डे स्पेशल के रूप में संचालित हो रही हैं, किन्तु इसका ठहराव आसलपुर-जोबनेर स्टेशन पर नहीं होने कारण क्षेत्र की जनता के साथ-साथ कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर में अध्यनरत विद्यार्थियों को रेलवे से यात्रा करने के लिए फुलेरा जंक्शन या जयपुर जंक्शन पर बैठना-उतरना पड़ता है। अगर इस ट्रेन का ठहराव आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर होगा तो बड़ी संख्या में लोग लाभावित होंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा 1 जनवरी 2026 से इस मार्ग पर यात्रीभार को देखते हुए इस ट्रेन को होली-डे स्पेशल से बदलकर नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में सुबह के समय आसलपुर-जोबनेर स्टेशन पर अजमेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, उदयपुर मार्ग पर यात्रियों के लिए कोई भी नियमित गाड़ी का ठहराव नही है, इस कारण क्षेत्र की जनता को परेशानियां झेलनी पड़ती है।

### युवती से दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडियो

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में एक शातिर परिचित ने युवती को मिलने के बहाने बुलाया और अकेलपन का फायदा उठाते हुए जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी परिचित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय युवती का आरोप है कि आरोपी से कुछ महीनों पहले ही मुलाकात हुई थी। जिसके बाद दोनो एक दूसरे से मोबाइल पर बात करने लग गए। आरोपी ने उसे मिलने के बहाने से बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो उसने मोबाइल में पीड़िता की अश्लील वीडियों दिखाई और वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी आए दिन उसे ब्लैकमेल करने लग गया। रोज-रोज की धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और उनके साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी।

### फब्तियां कसने वाले आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए असामाजिक तत्वों और महिलाओं से छिंटाकशी सहित फब्तियां कसने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए असामाजिक तत्वों और महिलाओं से छिंटाकशी सहित फब्तियां कसने वाले प्रमोद, विक्की, अक्षय वर्मा, रवि, भवानी धानका, राहुल फागी, दौलत सिंह और शाहरुख को गिरफ्तार किया है और सभी शास्त्री नगर इलाके के रहने वाले है।

### स्मैक बेचता आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** भट्टी बस्ती थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन के साथ ऑपरेशन क्लीन स्वीप की कार्रवाई करते हुए स्मैक बेचते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी ने तस्करी के मामले में अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण सिंह ने बताया कि थाना इलाके में एरिया डोमिनेशन के साथ -साथ ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस टीम आठ सौ 52 ग्राम स्मैक और 19 हजार एक सौ बीस रुपए के साथ तस्कर आदिल निवासी राजीव नगर को गिरफ्तार किया है। कई बार पुलिस ने आरोपियों की तलाश में अभियान चलाया। लेकिन शातिर बदमाश सुनसान जगहो पर रेत के टीले एवं झाड़ियों से फरार हो जाते थे। इस पर पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाकर अलग -अलग दिशाओं में तैनात किया। जिससे आरोपी बच कर जाने ना पाए।

### मंदिर से डेढ़ किलो के चांदी के आभूषण चोरी

**जयपुर।** रामनगरिया इलाके में अज्ञात नकबजन शिव मंदिर से भगवान के चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। शनिवार को अल सुबह मंदिर का पुजारी मौके पर पहुंचा तो घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके स्थित नरसिंहपुरा गांव में प्राचीन शिव मंदिर है। जिसमें शुक्रवार को मेन गेट से दो नकबजन मंदिर में अंदर घुसे और मंदिर की अलमारी में रखे भगवान के डेढ किलो चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। महज दोनो बदमाश 10 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मंदिर में चोरी की जानकारी शनिवार सुबह पता चला। पुलिस ने अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### विलंब शुल्क के साथ प्रवेश 20 सितंबर तक

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि विद्यार्थी 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन 10 सितंबर कर सकते हैं। शास्त्री (स्नातक) एवं आचार्य (स्नातकोत्तर) कक्षाओं के अंतर्गत वेद एवं पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन तथा विशिष्टाद्वैत वेदांत जैसे पारंपरिक विषयों में प्रवेश होंगे। इसके अतिरिक्त योग विज्ञान विषय में बीए एवं एमए पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। साथ ही, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेज़ी, अंग्रेज़ी साहित्य, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, दर्शनशास्त्र एवं इतिहास विषयों में भी बीए एवं एमए में प्रवेश हेतु आवेदन किए जा सकते है।



## Reviving the Lost Art of Writing Letters

Celebrated on September 1st each year, World Letter Writing Day is a gentle reminder of the lost art of putting pen to paper. In an age dominated by instant messaging and emails, this day encourages people to slow down and express their thoughts through handwritten letters. Started by Australian artist Richard Simpkin in 2014, it celebrates personal connection, reflection, and the emotional power of words on paper. Whether it's writing to a loved one or a stranger, the act brings back a sense of intimacy and nostalgia that digital communication often lacks.



#RAKSHAT HOOJA

# History, Devotion And Music

Flute Recital at Jagat Shiromani Temple Resonates with Monsoon Magic



Last week, the 400-year-old Jagat Shiromani Temple at Amber became the perfect setting, where the soulful flute recital by J.A. Jayant was held against the backdrop of rain-washed courtyards and monsoon clouds. Accompanied by Kumbakonam Swaminathan, the music blended with the drizzle and the sound of raindrops on colourful umbrellas. The recital, hosted by Jaipur Virasat Foundation and curated by heritage enthusiast Neeraj Chauhan, brought together history, devotion, and music in one of Jaipur's most revered temple complexes.

### Unforgettable experience

"This performance was much needed in times when people are seeking solace and connection. What moved me most was the indomitable spirit of Jaipurites who came despite the rain, their warmth and enthusiasm truly made the morning magical," said Neeraj Chauhan, curator of the event.

Jayanth, hailed internationally as a prodigy and the torchbearer of the Mali style of Carnatic flute, has over 45 international tours and nearly 2000 concerts to his credit. His performance at Amber, however, was described by attendees as 'otherworldly,' as the pitter-patter of the rains seamlessly blended with the flute's melody, deepening the sense of serenity.

"Performing here was an unforgettable experience. The serenity of this temple and the devotion of the people of Jaipur, who came in such large numbers despite the bad weather, filled me with gratitude. The rain only added to the divine atmosphere," said J.A. Jayant after the concert.

The morning repertoire was rich and diverse, moving between classical and folk traditions. Jayanth played Hamsadhwani, Mishra Maand, Bhoopali, Kesariya Balam (folk), Kapi/Peelu, Mishra Khamaj, and concluded with Bhairavi, each piece flowing naturally into the ambience of the monsoon-soaked temple.

Audience in huge numbers filled courtyards with colourful umbrellas.

As clouds sailed slowly across the Amber skies, the fragrance of fresh rain lingered in the air, and the time-worn textures of the old temple glistened softly, it felt like stepping into another world.

What stood out just as much as the music was the spirit of Jaipurites, more than 150 people turned up despite the weather, filling the courtyard with vibrant umbrellas and quiet anticipation. The atmosphere was surreal, a unique confluence of heritage, music, and monsoon. "It felt as if the heavens themselves were accompanying the bansuri," said Shivangi Modi, one of the attendees.

"I really enjoyed J A Jayanth's flute performance at Jagat Shiromani Temple in Amer. Despite the rain, many people came with umbrellas, creating a pleasant atmosphere. The tabla accompaniment blended naturally with the flute, enhancing the experience. It was wonderful to see Jaipur Virasat Foundation organize the event so thoughtfully, using a historic setting in a way that complemented the music and created a memorable cultural morning," said Akhil Chaudhary, Human Rights lawyer, based in Rajasthan who attended the program.

Jaipur Virasat Foundation has a commitment to bringing heritage spaces to life.

"At Jaipur Virasat Foundation, our endeavour has always been to bring heritage spaces alive through cultural programming. By highlighting old temples and architecture through music, we ensure these living monuments continue to inspire people and remain relevant to contemporary life," said Rakshat Hooja, Director of Jaipur Virasat Foundation.

"It is encouraging to see so many people have turned up. This historic temple has come alive today," said Vinay Kumar Gupta, Superintending Archeologist of the Archaeological Survey of India (ASI), who was present at the event. The overseeing and the preservation of the temple are done by ASI.

The event was part of Jaipur Virasat Foundation's commitment to bringing heritage spaces to life through cultural programming, while offering the audience an unforgettable monsoon morning of music, devotion, and architectural splendour.






Honorary Dutch Consul Jan Zwartendijk with his children in Kaunas.

# A Jap Diplomat Defied His Government to Save Thousands of Jewish Refugees

PART:1




The exact number of people Sugihara helped save from the Nazis is unknown but likely numbers in the thousands. Some of his visas were used by entire households, while others weren't used at all. In recent decades, Sugihara has received recognition for his wartime actions, but the story of his bravery has been plagued by inaccuracies and exaggerations. Now, Sugihara's son, Nobuki, who was born in 1949, four years after World War II ended, is setting the record straight.

● Kshema Jatuhkarna

Nobuki Sugihara was 19 years old when, in the summer of 1968, an unexpected call came in from the Israeli Embassy in Tokyo. A diplomat was searching for his father, Chiune Sugihara, who was visiting family in Japan while on a break from his job at a trading firm in Moscow. In a meeting soon after, Joshua Nishri produced a piece of paper: a transit visa issued by the elder Sugihara in 1940, when he was serving as the Japanese consul in Lithuania. The visa had enabled Nishri and his brother to escape from Europe and survive the Holocaust, which claimed the lives of six million Jews during World War II.

Nishri was among the crowd of Jewish refugees who had gathered outside of Sugihara's home in the Lithuanian city of Kaunas (then known in English as Kovno) in July 1940, desperate to flee the growing menace of Nazi Germany. Sugihara chose to do what most other diplomats would not: He defied the directives of his government, issuing more than 2,000 transit visas that authorized holders to leave Soviet-occupied Lithuania and pass through Japan as they sought safety further afield.

The exact number of people Sugihara helped save from the Nazis is unknown but likely numbers in the thousands. Some of his visas were used by entire households, while others weren't used at all. In recent decades, Sugihara has received recognition for his wartime actions, but the story of his bravery has been plagued by inaccuracies and exaggerations. Now, Sugihara's son, Nobuki, who was born in 1949, four years after World War II ended, is setting the record straight.

"I didn't realize what my father did, what he was for the Jewish people," until Nishri tracked him down, Nobuki says. "Some people say 'hero,' I didn't know why."

Sugihara was born on January 1, 1900, in Japan's Gifu Prefecture. When he was a teenager, his father moved the rest of the family to Japanese-occupied Korea, leaving Sugihara behind to complete his studies. Sugihara's father intended for him to become a doctor, but he shrugged off the exam. Infuriated, his father told him to leave home, prompting him to enroll at a university in Tokyo.

While in school, Sugihara applied for a study abroad language program funded by the Japanese Ministry of Foreign Affairs. In 1919, he was sent to Harbin, Manchuria, a region in northeast China that held strategic significance for both Japan and Soviet Russia. He quickly achieved fluency in Russian and joined the diplomatic corps. He spent 16 formative years in Manchuria, marrying a Russian woman (they later divorced) and moving with ease among the multinational mores of this strategically coveted corner of China.

"Manchuria was a churning cauldron of political intrigue, all of these different people who were refugees there or vying for economic and land interests there or political influence, representing many different countries," says historian Pamela Rotner Sakamoto, author of *Japanese Diplomats and Jewish Refugees: A World War II Dilemma.*



Jewish refugees who escaped Europe with transit visas issued by Sugihara, en route from Japan to Vancouver, Canada.

#HUMANITY



The Sugihara family in the living room of their Kaunas residence in September 1939.

After Japan invaded Manchuria in 1931 and established a puppet government known as Manchukuo in 1932, Sugihara helped negotiate the purchase of a critical railway system from the Soviets for a fraction of the price. But Japan's occupation of China was marked by brutality; Sugihara's disapproval of the Japanese soldiers' behaviour led him to request a transfer to Tokyo.

Back in Japan, Sugihara met and married a woman named Yukiko Kikuchi. He received a new assignment to Moscow, but the Soviets denied him a visa-retribution, he later speculated, for his interactions with exiles in Harbin and his role in the railway negotiations. Instead, he spent the next two years in Helsinki, Finland, where his family grew with the arrival of two sons, Hiroki and Chiaki.

Sugihara entered the world of European politics at an especially perilous time, made more complex still by Japan's tenuous alliances. The Nazis' military intentions were clear, but Britain and other European nations were hesitant to respond. In March 1938, German troops marched into Austria, followed a year later by Czechoslovakia.

Also, in 1939, Germany and the Soviet Union signed a non-aggression pact that effectively nullified an earlier agreement made by Adolf Hitler's government. In 1936, Germany and Japan had codified the Anti-Comintern Pact, which was formed on the basis of their shared antipathy to both communist and Western powers.

The superseding German-Soviet pact paved the way for the short-lived allies to divide Poland between them, in addition to giving the Soviets free rein in Lithuania, Estonia and Latvia, which were then independent, neutral nations.

Confident they would not encounter opposition from the Soviets, the Nazis invaded Poland on September 1, 1939, finally triggering a declaration of war by Great Britain and France. The Soviet Union followed Germany's lead, invading Poland from the east on September 17.

"The brutality of Nazi soldiers, towards the residents of the areas that they occupied, had increased day by day," Sugihara later recalled in an unpublished memoir provided by his family. "The cruelty they demonstrated in the treatment of the Jews was indeed unbearable to my eyes."

Around the same time that the war broke out, Sugihara arrived at a new posting in Kaunas, where his third son, Haruki, was born in April 1940. The location of the new one-man consulate offered Sugihara a vantage point to monitor and report back to Tokyo on movements by both the Germans and the Soviets, whose tanks rolled onto the Lithuanian city's streets on June 15, 1940.

The division of Poland had placed Jewish refugees in a perilous position, trapped between the specter of Nazi aggression and the tightening grip of Soviet authorities. Many fled from Poland to Lithuania, which had long tradition as a hub of Jewish culture in Europe, with thriving synagogues, yeshivas and businesses. The country's Jewish population rose from a prewar estimate of 160,000 to roughly 250,000 by 1941.

"People tried to get out, to go somewhere, but there was no particular place you could go because either it was under the Russians or under the Germans, and the war was in between," said Lucille Szepsenwol Camhi, who was a teenager when she and her sister escaped to Lithuania, in a 1999 oral history interview.

> Another individual who fled Poland was Bernard Salomon, who later received the 299th Sugihara visa. "He unfortunately was still there when the borders were closed, so, he had to escape across barbed wire, and he bribed border guards," says Bernard's son Rick Salomon, who is a co-founder and board member of the Illinois Holocaust Museum & Education Center. Like Nobuki, Rick only learned of his father's wartime saga as an adult.

Another individual who fled Poland was Bernard Salomon, who later received the 299th Sugihara visa. "He unfortunately was still there when the borders were closed, so, he had to escape across barbed wire, and he bribed border guards," says Bernard's son Rick Salomon, who is a co-founder and board member of the Illinois Holocaust Museum & Education Center. Like Nobuki, Rick only learned of his father's wartime saga as an adult.

Once in Lithuania, Jewish refugees hoping to escape even farther from the Nazis found themselves blocked by strict immigration quotas, including in the United States. The occupying Soviets ordered foreign consulates in Kaunas shuttered by August 25. In this tense time, most consulates were disinclined to yield to the pleas of the increasingly desperate Jews in search of a way out.

One loophole emerged: Contacted by several Dutch-born Jews living in Lithuania, the Dutch ambassador authorized his appointed consul in Kaunas, Jan Zwartendijk, to mark refugees' passports with a note stating that they could enter the Caribbean island of Curaçao, which is part of the Netherlands, with only a landing permit. (Zwartendijk was not a professional diplomat, but rather a businessman working for the radio company Philips, who had been reassigned to the consulate in June.)

The documentation omitted a crucial detail: Admission to Curaçao and other Dutch territories 'was the prerogative of the colonial governors, who rarely allowed it,' the United States Holocaust Memorial Museum explains on its website. The Dutch ambassador and the consul 'had reacted to the human crisis in their midst by issuing documents that were useless except for one purpose, they helped refugees flee from Lithuania.'

This is where Sugihara came in. To issue transit visas that allowed holders to travel through the Soviet Union and Japan en route to a different country, the consul needed the refugees to have a set final destination. The Curaçao permit holders' paperwork fulfilled this requirement, even if the refugees didn't actually intend to settle in the Dutch colony.

Though Sugihara never met them, the Dutch representatives' workaround accelerated the need for Japanese transit visas. His was the final, critical piece in this link for those fleeing Lithuania.

"No one would pay any attention to us," recalled Susan Bluman, who was 19 when Germany invaded her home country of Poland, in a 1999 oral history interview. "No one wanted us. We were desperate, absolutely desperate. We didn't see any hope, absolutely no hope. We just were a people with no land, nobody to turn to. And then we heard about Chiune Sugihara."

In the early morning hours of July 18, 1940, the Sugihara family heard shouting outside of their home on the second floor of the Japanese consulate. They looked out to see crowds gathering.

Sugihara asked those assembled to send in a handful of representatives to speak on their behalf. The five men chosen by the crowd implored the consul to grant them safe passage through Japan, as the alternative was imprisonment and death at the hands of the Nazis. In response, Sugihara explained that he needed to seek permission from Tokyo to issue transit visas on the scale required by such a large group. This request would take several days to discuss, and its success hinged on negotiations for an alliance between Japan, Germany and Italy. "He was very sure that Tokyo would never give him permission to do anything that might jeopardize the pending agreement," wrote Anne Akabori in her 2005 biography of Sugihara. "Looking outside, we felt much sorrow for them," Sugihara's wife Yukiko later recalled. "Their ragged appearance, with tears streaming down their faces and women in the crowd crying, knowing that if they were to be caught, they would most likely be killed."

After an exchange of telegrams in which Sugihara argued that the visas should be granted for humanitarian reasons, Tokyo twice denied its consul permission, citing public safety concerns associated with the influx of a large group of refugees.

"Now, I was at a total loss," Sugihara wrote in his memoir. He agonized over the decision, a lone diplomat in Lithuania, about to be further isolated from his headquarters, knowing he could be punished for disobedience if he moved forward with issuing visas anyway.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com



Polish soldiers in Warsaw during the German invasion of Poland in September 1939.

#LOVE STORY

# Usne Kaha Tha


"Jo mujhe 'Usne kaha tha' maine kar diya"
("I have done 'what she told me' to do")



Lehna Singh, a brash teenager, encounters this pubescent chit of a girl, Hira, in most dramatic circumstances. He is strolling along on the main lane when he sees Hira and is totally bowled over by her. However, before he can exult on this miraculous revelation, he notices a wayward cart, horse charging headlong towards her, and, in a quick reflex action, he pushes her away in the nick of time and bears the brunt of the wayward horse's hooves.

Lehna Singh, a plucky lad, recovers from his severely bruised shoulder, his recovery hastened by his anxiety to meet her again in more congenial and less astounding an occasion. And that moment arrives soon when he meets her at the local grocery store.

Both are on a visit to their relatives at Amritsar. At the very first (in fact, second) sight, his adolescent heart again does




a flipping somersault and, putting aside the irksome formality of a proper introduction, he shoots off his mouth and audaciously asks her whether she is betrothed ('teri Kudmai ho gayee?'). She raises her eyebrows at the intrusion, but, as she hesitatingly glances at him, her eyes acquire a soft glow. She quickly looks down and silently departs. From then onwards, the grocery store becomes a venue for their 'unscheduled' trysts. And each time when he asks the same question, he receives a similar response; a shy smile and a hurried exit. However, one day, she astonishes him with a reply that puts paid to his hopes. "Yes, yesterday. Don't you see this silk-bordered shawl?"

The boy stomps his feet in annoyance and dashes away in a vicious mood. On his way, he upturns vendors' pushcarts; deliberately jostles passersby; stones a pariah dog, and on reaching his relative's house, flings himself on a cot utterly dejected. With passage of time, the pain subsides as the wound heals, although with a permanent scar in some vulnerable corner of his bruised psyche. The flame lingers and flares up whenever there is talk of his marriage. He remains a bachelor.

### 25 years later

The World War I is raging across continents. Lehna Singh is a Havildar in 77 Rifles under Subedar Hazara Singh; who's only son Bodh Singh, is also a Sepoy in the same platoon. Their battalion is ordered to move to a foreign locale for action at the 'front.' Before their departure, Hazara Singh asks Lehna to meet his wife. "Apparently, she knows you and wants to see you."

Lehna is somewhat puzzled, but the instant he enters Hazara Singh's house, he recognizes her as the 25 years gap dissolves as if it never was. Hira is in a sombre mood. She reminds Lehna of the incident in which a horse,




drawing a cart, went berserk and headed for her. And he pushed her away, in the nick of time and bore the brunt of the wayward horse's hooves. With teary eyes, she beseeches Lehna, "Please protect them from harm just like you did to save my life." Lehna silently nods. The scene shifts to the bunker at the battlefront. The platoon under Subedar Hazara Singh has repulsed the enemy attack but has sustained heavy casualties. Sepoy Bodh Singh, Hazara's son, is seriously injured and Lehna is mortally wounded, both requiring immediate hospitalization. He knows that the enemy (Germans) would soon regroup and retaliate with a decisive counter-offensive.



Deliberately underplaying his injury, Lehna offers to stay on as he persuades the reluctant Hazara to accompany his son Bodh Singh, and other soldiers requiring urgent medical attention, to the base hospital.


"And, in case we do not meet again, when you write a letter to 'Subedarniji,' please give her my profound regards.

And, when you return home, tell her this:

"Jo mujhe 'Usne kaha tha' maine kar diya."" ("I have done 'what she told me' to do.")


Lehna died fighting his last battle.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# फतहसागर की पाल पर साइक्लोथोन एवं मैराथन में दिखा उत्साह

## खुद को स्वस्थ और खुश रखने के लिए स्वयं ही करनी होगी पहल : खेलमंत्री राज्यवर्धनसिंह



खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ सहित अन्य अतिथ्यिों ने साइक्लोथोन और मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**उदयपुर,** (कासं)। वीरभूमि मेवाड़ से रविवार को फिट इंडिया का संदेश गूंजा। खेल एवं युवा मामले मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में चल रहे फिट इण्डिया मुवमेंट के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में साइक्लोथोन और मैराथन का आयोजन हुआ। प्रशासन, उदयपुर विकास प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील के किनारे आयोजित कार्यक्रम में खेल एवं युवा मामले विभाग तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धनसिंह राठौड़ ने शिरकत की। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। राज्यवर्द्धनसिंह राठौड़ स्वयं साइक्लोथोन में जुड़े तथा पूरे रूट पर साइकिलिंग करते हुए खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं मंत्री राठौड़ को अपने बीच पाकर खिलाड़ियों, युवाओं, बच्चों के साथ-साथ शहर के हर आमो-खास का उत्साह चरम पर रहा।

फिट इंडिया मुवमेंट के तहत मनाए जा रहे तीन दिवसीय खेल उत्सव के तहत रविवार को फतहसागर की पाल पर मोतीमंगरी गेट के समीप से साइक्लोथोन एवं मैराथन का आगाज हुआ। इसके लिए सुबह छह बजे से ही खिलाड़ी, युवा, महाविद्यालयों और विद्यालयों के बच्चे, अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक आदि पहुंचने लगे। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, समाजसेवी गजपालसिंह, चंद्रगुप्तसिंह चौहान आदि बतौर अतिथि उपस्थित रहे। ठीक 7.30 बजे खेल मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़ साइकिल चलाते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह परवान पर रहा। युवाओं ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए स्वागत किया। संभागीय आयुक्त केवलरमानी, जिला कलेक्टर मेहता, युडीए आयुक्त जैन, जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल आदि ने उनकी अगवानी की। खेल मंत्री कर्नल राठौड़ सहित सभी अतिथियों ने मोतीमंगरी गेट के समीप से साइक्लोथोन एवं मैराथन को हरी झण्डी दिखाई। खेल मंत्री सहित अन्य अतिथि भी साइक्लोथोन में शामिल हुए। साइक्लोथोन फतहसागर की पाल होते हुए यूडीए सर्किल, सहेलियों की बाड़ी, विद्याभवन स्कूल, देवाली छोर होते हुए करीब 3.50 किलोमीटर का सफर तय कर फतहसागर ओवरफ्लो के समीप से टाया पैलेस पहुंची।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ ने कहा कि अपनी सेहत के लिए जागरूक रहकर जो लोग आए हैं उन्हें कोई संदेश देने की जरूरी नहीं। आप लोगों ने स्वयं अपना संदेश दूसरों को दिया है। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ रहें, खुश रहें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और खुश रहने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। स्वयं अपने के लिए रोज अच्छे निर्णय लें। उन्होंने फिट खेल दिवस के थीम के अनुरूप प्रतिदिन स्वयं की सेहत का ध्यान रखने के लिए खेलों को अपनाने पर बल दिया। सांसद गरासिया व डॉ. रावत ने खेल मंत्री का उदयपुर आगमन पर स्वागत करते हुए खेलों के विकास के लिए सरकार स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया। सांसद डॉ. रावत ने आगामी 21 से 25 दिसम्बर तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान फतहसागर झील में कयाकिंग व कैनोईंग शॉ भी हुआ। दोनों ही वाटर स्पोर्ट्स के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खेल मंत्री ने उसकी हौंसला अफजाई करते हुए स्वयं भी ड्रेगन बोट में बैठकर झील में नौकायन किया। इस दौरान अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने स्केटिंग के बच्चों से भी मुलाकात कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, उदयपुर राइफल एसोसिएशन अध्यक्ष वीरमदेवसिंह, साइकिलिस्ट ऋषभ जैन, दिव्यांग साइकिलिस्ट गोविन्द, मोहनलाल सुखाड़िया विवि के क्रीडा मण्डल सचिव डॉ. भीमराज पटेल सहित उनकी टीम, पेसिफिक विश्वविद्यालय, लेकट्रिप साइकिल एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, मार्बल एसोसिएशन, सभी खेल प्रशिक्षकों, राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, मेवाड़ ट्रिजम क्लब, समस्त जिला खेल संघ आदि ने सहभागिता निभाई। संचालन डॉ. देवीलाल गर्ग ने किया।

# वृद्ध पर हमला करने के विरोध में किशनगढ़ बंद सफल रहा



हमलावरों को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध स्वरूप किशनगढ़ बंद रहा।

- 20 दिन पूर्व वृद्ध मनोहर सिंह सहित परिवाजनों पर कातिलाना हमला करने का मामला
- सुबह से ही आवश्यक सेवाओं को छोड़ सभी प्रतिष्ठान बंद रहने से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। राजपूत समाज के आव्हान पर किशनगढ़ बंद पूर्णतया सफल रहा। मंझेला रोड़ पर व्योवृद्ध मनोहर सिंह सहित परिवाजनों पर कातिलाना हमला करने की घटना को लेकर 20 दिन बाद भी हमलावरों को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध स्वरूप किशनगढ़ बंद का आव्हान किया। सुबह से ही आवश्यक सेवाओं को छोड़ सभी प्रतिष्ठान बंद रहने से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। चाय-पान की दुकानों के शटर गिरे रहने से लोग इधर-उधर भटकते नजर आये।

सीओ सिटी आईपीएस अजय सिंह राठौड़ टीम के साथ स्थिति पर नजर रखे हुए थे। समाज ने खोड़ा गणेश चौराहे से रैली निकालकर मुख्य चौराहे पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान मदनगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, गांधीनगर थाना प्रभारी संजय शर्मा, किशनगढ़ सिटी थाना प्रभारी भीखाराम काला मय दलबल के फील्ड में मुस्तैद रहे।

## केसरी दंगल आज

**कोटा,** (निसं)। जीएडी गणेश मेला समिति की ओर से श्रीनाथपुरम स्टेडियम पर आयोजित गणेश मेला में सोमवार को हाड़ौती केसरी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला और पुरुष पहलवानों के दांवपेच देखने को मिलेंगे। हाड़ौती स्तर के पहलवानों की कुश्ती रात्रि 8 बजे से शुरू होगी।

# इंदिरा गांधी नहर में बुजुर्ग का शव मिला

- एक दिन पहले नहर किनारे साफा और मोबाइल मिलने पर डूबने की आशंका जताई थी

**सूरतगढ़,** (निसं)। उपखंड के राजियासर थाना इलाके में इंदिरा गांधी नहर की अनूपगढ़ शाखा में गिरे एक वृद्ध का शव घड़साना क्षेत्र से बरामद हुआ। मृतक की पहचान केसराराम मेघवाल (80) पुत्र जखाराम, निवासी रघुनाथपुरा के रूप में हुई, जो लापता था। पुलिस के अनुसार केसराराम के नहर में गिरने की आशंका जताई गई थी। घटनास्थल पर नहर के किनारे उनका साफा, गेढिया और मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसके आधार पर अनुमान लगाया गया कि सम्भवतः पानी पीते समय वे नहर में गिर गए होंगे।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने नहर में तलाश शुरू की। दोपहर को घड़साना क्षेत्र के 22 एएस के पास उनका शव मिला। राजियासर पुलिस के एएसआई सज्जन कुमार मीणा ने घड़साना से शव को सूरतगढ़ चिकित्सालय की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया, जहां शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद डेड बॉडी परिजनों को सौंप दी। मृतक के पुत्र भजनलाल ने इस संबंध में राजियासर पुलिस थाने में मर्ग दर्ज करवाई है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह एक हादसा प्रतीत होता है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# गर्भपात की सूचना पर निजी अस्पताल को सीज़ किया

- हॉस्पिटल की लैब, सोनोग्राफी कक्ष, भर्ती कक्ष, ओपीडी कक्ष, मेडिकल, लैबर रूम आदि को सील किया

**बीदासर,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार की रात्रि में लगभग दस बजे कस्बे के पुराना बस स्टैंड स्थित एक निजी हॉस्पिटल में गर्भपात की सूचना पर अस्पताल में मुख्य ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर प्रवीण झूरीया ने छापा मारकर निजी अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई की, जिससें अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया।

बीसीएमएचओ झूरीया ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बीदासर के एक निजी अस्पताल में गर्भपात करवाया जा रहा है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की मय टीम के साथ निजी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित आवासीय मकान का दरवाजा खटखटाया तो कई देर तक दरवाजा नहीं खोला। उसके बाद दरवाजा खोलने पर अंदर जाकर देखा तो एक महिला को कमरे में गर्भपात कर लेटा रखा था जिसे पूछताछ की गई तो उसने बीकानेर क्षेत्र की होना बताया। जिसके बाद महिला को 108 ऐंबुलेंस की सहायता से सुजानगढ़ के राजकीय मातृ शिशु कल्याण केंद्र रैफर किया गया। 30 वर्षीय महिला को रैफर करने के बाद बीसीएमएचओ ने हॉस्पिटल की लैब, सोनोग्राफी कक्ष, भर्ती कक्ष, ओपीडी कक्ष, मेडिकल, लैबर रूम आदि को सील लगाकर सीज करने की कार्रवाई की।

इस दौरान अस्पताल का संचालक भी मौके पर नहीं मिला। जांच के दौरान अस्पताल में मौके पर कोई महिला विशेषज्ञ चिकित्सक व अन्य चिकित्सक भी नहीं मिले। वहीं जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी गायब मिला। देर शाम तक तक स्वास्थ्य विभाग की टीम बीदासर जांच करने हेतु आने वाली थी, लेकिन नही पहुंची। बीसीएमएचओ झूरिया ने बताया कि सुजानगढ़ के सरकारी अस्पताल में रविवार को उक्त महिला का मेडिकल बोर्ड से जांच व अन्य जांचें करवाकर बयान लिये गये।

# कामायनी शिवनानी ने ग्लोब-एजुकेट मॉडल यूनाइटेड नेशंस में टॉप किया

**जयपुर।** जोधपुर शहर की प्रतिष्ठित मयूर चौपासनी स्कूल की सैकेंडरी कक्षा की छात्रा कामायनी शिवनानी ने ग्लोब-एजुकेट मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) 2025 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। यह आयोजन

- ''महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग'' विषय पर सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सैकेंडरी एजूकेशन की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था

''महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग'' विषय पर सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सैकेंडरी एजूकेशन की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें राजस्थान की विभिन्न स्कूलों के 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें कामायनी ने ''लिंग आधारित आर्थिक असमानताओं का समाधान पिंक टैक्स का एक आलोचनात्मक मूल्यांकन और महिलाओं की वित्तीय समानता पर इसका प्रभाव'' पर प्रभावी तरीके से तर्क प्रस्तुत कर अपने समूह में टॉप किया। इससे पूर्व कामायनी 17वीं इंटरनेशनल जियोफेस्ट कंपीटिशन में भारत, जर्मनी, थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस सहित छह देशों के विद्यार्थियों के बीच राजस्थान की कठपुतली कला का प्रदर्शन कर टॉपर रह चुकी है ।पूर्व में भी स्कूल स्तर की अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय स्थान करने वाली कामायनी ने गत वर्ष माई एफ रेडियो चैनल पर छोटा आरजे की भूमिका भी निभाई थी। ग्लोब एजूकेट मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) वार्षिक शैक्षिणक कार्यक्रम है, जहां विभिन्न देशों के विद्यार्थी संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों और कामकाज का अनुकरण करते हैं और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर बहस में भाग लेते हैं।



छात्रा कामायनी शिवनानी

# नकली सोना गिरवी रखकर नगदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। फाइनेंस कंपनी में नकली सोना गिरवी रख लाखों की नगदी हड़पने वाले कंपनी के शाखा प्रबंधक व तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अनूप पाटीदार पुत्र नाथूलाल पाटीदार निवासी आसेला डूंगरपुर हाल क्षैत्रिय प्रबंधक मुथूट फिनकॉप गवर्नमेंट कॉलेज के सामने डूंगरपुर ने कंपनी की फतहपुरा शाखा के प्रबंधक कुणाल पूर्बिया तथा ग्राहक विक्रमसिंह पुत्र अर्जुनसिंह बोराणा निवासी हवामगरी सेक्टर 14, गजेन्द्र पुत्र श्यामलाल खींची निवासी आवरीमाता कच्ची बस्ती खींची बस्ती गिर्वा तथा सोनू पुत्र आशिष जैन निवासी पावली पोल सारंगपुरा भीण्डर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि आरोपियों ने कंपनी में सोना गिरवी रखकर 13 लाख 92 हजार रूपये का ऋण लिया था। कुछ समय बाद 25 अक्टूबर 2024 से 6 नवंबर तक हुई ऑडिट के दौरान आरोपियों द्वारा गिरवी रखा गया सोना नकली होने की जानकारी सामने आई। इस पर आरोपियों को सूचना दी, लेकिन कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सोनाराम को दी श्रद्धांजलि

**जैसलमेर,** (निसं)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत जैसलमेर से मोहनगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने जैसलमेर-बाड़मेर के पूर्व सांसद स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी के निवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंत्री शेखावत ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, समाजसेवी दलपत हिंगड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# टीटी ने यात्री के 25 हजार रुपए लौटाये

**कोटा,** (निसं)। टीटी ने यात्री के 25 हजार रुपए लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। समाजसेवी फारूक राणा ने बताया कि वह शुक्रवार को रात्रि आठ बजे ट्रेन नंबर 12980 जयपुर-बांदरा से जयपुर से कोटा के लिए सवार हुए और उन्हें नींद आ गई। कोटा पहुंचने पर वह ट्रेन से उतर गए और अपनी कार से अपने घर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में अचानक उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको टीसी हरिसिंह मीणा बताया और कहा कि आप कोच नंबर एम-2 की सीट नंबर 20 पर से उतरे हो क्या, मैने कहा हां तभी उन्होंने कहा कि आप अपना कोई सामान आदि भूल गए हो क्या? मैने कहा कि मेरे पास मेरे सभी बैग वगैरह है फिर उन्होंने कहा कि आप के पास कोई कागज का लिफाफा वगैरह था क्या? ऐसे में मैने मेरी जेब चेक की उसमें से मेरा लिफाफा गायब था जिसमें 25 हजार रुपए रखे हुए थे। टीटी हरिसिंह मीणा ने बताया कि कोच अटेंडेंट संजय कुमार (सीकर) ने एक लिफाफा मुझे दिया है और बताया कि यह लिफाफा मुझे एम-2 की सीट नंबर 20 पर मिला है। मैने तुरंत 20 नंबर सीट पर नाम सर्च किया तो आपका नाम और मोबाइल नंबर मिला और मैने आपको कॉल किया। टीटी ने कहा कि ये आपकी अमानत राशि ट्रेन के वापस आने पर रविवार को सुबह सौंप दी जाएगी। इसके बाद रविवार को सुबह लिफाफा अमानत राशि के साथ फारूक राणा को लौटा दिया। कोच अटेंडर संजय कुमार, टीटी हरिसिंह, अशोक कुमार मीणा की इस ईमानदारी पर फारूक राणा ने उनका माला और मिठाई से स्वागत किया और उनका आभार जताया।

# किराना सामान की आड़ में शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। कसारवाड़ी थाना पुलिस ने किराना की दुकान की आड़ में राजस्थान व मध्यप्रदेश राज्य की अवैध शराब की 80 पेटी जब्त कर हितेश कलाल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि कसारवाड़ी के गांव जालिमपुरा में हितेश पुत्र प्रभुलाल कलाल निवासी नाथेलाव कॉलोनी बांसवाड़ा हाल

- आरोपी ने अपने मकान में किराना के सामान की आड़ में अवैध शराब का भंडारण कर रखा था

जालिमपुरा ने अपने मकान में किराना के सामान की आड़ में अवैध शराब का भंडारण कर रखा था, जिस पर थानाधिकारी मय जाप्ते ने मकान की तलाशी ली तो अवैध शराब एवं बीयर पायी गयी, जिन्हें जब्त किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जिले में हो रही चोरियों एवं अवैध गतिविधियों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही शुरू की है जिसके चलते एएसपी राजेश भारद्वाज के सुपरविजन व पुलिस उप अधीक्षक कुशलगढ़ मदनलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की थी। इस टीम में कसारवाड़ी थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल दिव्यजीत सिंह, कांस्टेबल मदनलाल, मोहम्मद रिजवान व दिनेशचन्द्र शामिल रहे।



किराना के सामान की आड़ में शराब बेचने के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा।

**गांजा व तीन लाख नगदी सहित आरोपी गिरफ्तार :** कोटा में रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 2.9 किलोग्राम गांजा एवं तीन लाख रूपये सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिये शहर के समस्त थानाधिकारियों को कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थाने के उपनिरीक्षक थाना प्रभारी रामसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए रंगपुर पुलिया के नीचे से नेहरू नगर निवासी इमरान (34) को अवैध मादक पदार्थ 2.9 किलोग्राम गांजा सहित पकड़ा एवं तलाशी के दौरान आरोपी के पास से तीन लाख रूपये बरामद किये। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# दिया कुमारी ने तनोट माता मंदिर में दर्शन किये

**जैसलमेर,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को तनोट माता मंदिर पहुंची। उन्होंने तनोट माता मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और देश की सुरक्षा की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम भी सुना। तनोट माता मंदिर की विशेषता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह मंदिर देश की आस्था और वीरता का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री ने भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सीमा सुरक्षा बल के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पूरा देश उनकी वीरता और समर्पण पर गर्व करता है।

## कार पलटने से युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र देबारी-पिंडवाड़ा हाइवे पर अनियंत्रित कार पलट गई। हादसे में युवक की मौत हो गई तथा चालक सहित दो जने घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षैत्र देबारी-पिण्डवाड़ा हाइवे केसरिया बालम होटल के समीप गाय को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार सिद्धार्थ नगर कांकरोली निवासी महेश (26)पुत्र राजकुमार सालवी की मौत हो गई तथा चालक हर्ष कुमावत व विरेन्द्रसिंह घायल हो गए। हेडकांस्टेबल अमरसिंह राठौड़ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। शनिवार रात में महेश अपने मित्रों के साथ कार से देबारी से कांकरोली जा रहा था।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर विवाहिता ने ब्लैकमेल किया

- दुबई में काम करने वाले युवक से पांच लाख रुपए मांगे, फोटो खिंचवाए, मामला दर्ज

**कपासन,** (निसं)। कपासन में सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दुबई में मजदूरी करने वाले कपासन निवासी आबिद हुसैन शैख ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मार्च 2025 में आबिद की इंस्टाग्राम पर हिना नाम की महिला से दोस्ती हुई। हिना ने अपनी उम्र छिपाकर प्यार का इजहार किया। उसने निकाह का प्रस्ताव भी रखा। आबिद ने दो साल बाद शादी करने पर हिना ने स्वीकृति दे दी थी। आबिद को यह नहीं पता था कि हिना उनसे 5 साल बड़ी और विवाहित है। 24 अगस्त को हिना ने आबिद को चित्तौड़गढ़ बुलाया। जब आबिद ने उम्र छिपाने का कारण पूछा तो हिना चिल्लाने लगी। वहां मौजूद हिना के साथी भूरा और सहेली किरण ने आबिद पर शादी का दबाव बनाया। उन्होंने छेड़छाड़ और बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने आबिद से जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए और गले में माला डालकर फोटो खिंचवाए। आबिद वहां से भाग निकले। तब से हिना फोन पर पांच लाख रुपए की मांग कर रही है। हिना के भाई तस्लीम और आसिफ भी पैसे के लिए धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने हिना और उसके 4 सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह खेत से युवक का शव अचेत अवस्था में मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सत्यनारायण दरोगा (38) निवासी सीडियास रोजाना की तरह शनिवार रात्रि को खेत पर फसल की रखवाली करने गया था, लेकिन रविवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उनसे संपर्क साधने का प्रयास किया, परंतु फोन पर बात नहीं हो सकी। इसके बाद परिजन खेत पर पहुंचे तो सत्यनारायण अचेत अवस्था में पड़ा मिला। तत्काल परिजन उसे मांडल के राजकीय उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने द मृत घोषित कर दिया। ग्रामवासी दिनेश गुर्जर ने बताया कि प्रथमदृष्टया सत्यनारायण की मौत किसी जहरीले जंतु के काटने से होना माना जा रहा है।

## संक्षिप्त

### फुलेरा सैन मंदिर से नारायणी धाम पदयात्रा हुई रवाना

**फुलेरा** । जोबनेर रोड अनुविहार कालोनी स्थित सैन मंदिर से रविवार को नारायणी धाम पदयात्रा रवाना हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासचिव भाजपा जिला जयपुर शिवजीराम कुमावत रहे जबकि अध्यक्षता ताराचंद आमेरिया ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद ताराचंद सैनी, टीकम सैन, राजाराम, कालुराम सैन, गणेश हर्षवाल रहे। पदयात्रा को अतिथियों द्वारा ध्वजा प्रदान कर रवाना किया गया। पदयात्रा का पहला जलपान जोबनेर रोड पर दौलतदेवी पत्नी स्व. मूलचंद धींगपुर द्वारा दिया गया, इसके अलावा जगह जगह पर पदयात्रियों का स्वागत व सत्कार किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सैन समाज फुलेरा देवीलाल सैन, दुर्गालाल सैन सहित अशोक सैन, ओम देवली, हरीशंकर, दीपचंद सैन, गोपाल हर्षवाल, फुलचंद हर्षवाल, विष्णु सैन, जितेंद्र कचनार, जीतू ड्योढ़ी, महेश सैन धींगपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### रामकरण मीणा बने मीणा समाज के जिलाध्यक्ष

**निवाई।** मीणा छात्रावास एवं अध्ययन संस्थान के चुनाव को लेकर मीणा छात्रावास में चुनाव पर्यवेक्षक किशोरीलाल मीणा व रामगोपाल मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामकरण मीणा चूली को छात्रावास के जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। जिला प्रवक्ता कन्हैयालाल मीणा ने बताया कि रामकरण मीणा को छात्रावास जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीराम मीना, किशनलाल मीणा, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य खेमराज मीणा, प्रेमचंद मीणा, शंकरलाल मीणा, शांतिलाल मीणा व पूर्व सचिव अशोककुमार मीणा सहित कई कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामकरण मीणा को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया एवं शीघ्र जिला कार्यकारणी की घोषणा करने के लिए निर्देशित किया गया।

### बैठक आयोजित

**शाहपुरा।** नाथावाला ग्राम में स्थित विज्डम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय में रविवार को जय फूले माली जन सेवा समिति के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष साधुराम सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी शिक्षक दिवस पर ब्लॉक शाहपुरा के सेवानिवृत शिक्षकों एवं समाज बंधुओ का सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

### प्रभात फेरी निकाली

**निवाई।** रविवार को शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी श्रीराधा दामोदर मंदिर से रवाना हुई। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु संकीर्तन व रामधुनी करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी शहर के मुख्य मार्ग से गुजरकर गोपीनाथ जी मंदिर होते हुए नया मंदिर पहुंची। जहां कुछ देर तक सत्संग किया गया।


**खोया पाया**


मेरे प्लॉट न 42 (111 गज) आवासीय योजना, अनुपम एन्क्लेव, पालडी मीणा, आगरा रोड़,जयपुर, रजि.नं. 2493/एल जो कि मेरी धर्मपत्नि श्रीमती कमलेश देवी के नाम से है के आवंटन पत्र, साइट प्लान, रसीद लूनियावास बस स्टैण्ड के पास खो गए है किसी को मिले सूचित करें। रविन्द्र कुमार बैरवा 919887340983

**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नंबर 15210046एम हवलदार (डी.एम.टी) अमित कुमार यूनिट-199 मध्यम तोप खाना मार्फत 56 सेना डाकघर पिन 926199 है मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम राजपूत उद्दालक सिंह भारद्वाज (Rajput Uddalak Singh Bhardwaj) है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम उद्दालक सिंह (Uddalak Singh) है।

I have changed my name from Abhishek Gupta to Dinesh Mohan Gupta for all purposes R/o- 1, Ramneshpuri, Niwaru, Jhotwara, Jaipur

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# राजस्थान वित्त निगम पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से काम कर रहा है : अरूण चतुर्वेदी

**अलवर।** राजस्थान वित्त निगम के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने रविवार को अलवर में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम की 125 वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों से वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर राजस्थान वित्त निगम के अध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान वित्त निगम पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से काम कर रहा है तथा निगम केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले राजस्व को विभिन्न करों के साथ जोडकर पंचायतों और निकायों के लिए अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। यथाशीघ्र पंचायतों व निकायों को धनराशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। मन की बात




राजस्थान वित्त निगम के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने अलवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में संबोधन को सुना।

कार्यक्रम के उपरांत चतुर्वेदी ने राजस्थान ब्राह्मण महासभा, अलवर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शिरकत की अलवर जिला कार्यकारिणी एवं समस्त ब्लॉक इकाई कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज बुद्धिजीवी समाजों में स्थान रखता है। अत: जिस उद्देश्य से कार्यकारिणी द्वारा शपथ ली गई है उसी उद्देश्य को पूरी लगन व निष्ठा से निभाकर समाज को आगे बढाने की दिशा में कार्य करेंगे।

**■ अलवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना, ब्राह्मण महासभा अलवर की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ**

इस अवसर पर अशोक गुप्ता, बन्ना राम मीणा, पं. धर्मवीर शर्मा, महेश निहलवानी, जितेंद्र राठौड़, जीतू सैनी, देशराज खरेरा, शीला जांगिड़, अरुण जैन, राजेंद्र कसाना, राजेश तिवाड़ी, राधेश्याम जैमिनी, रोशन लाल शर्मा, मधुसूदन शर्मा, हेमंत शर्मा, अशोक शर्मा, कृष्ण मुरारी गंगावत, एस.डी शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के मन की बात का संस्करण सुना

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के 125 वें एपिसोड के माध्यम से देश को सम्बोधित किया। इस अवसर पर कोटपूतली के श्री अवध बिहारी जी मंदिर में स्थानीय नागरिकों एवं साधु-संतों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित विषय से की। पहाड़ी ईलाकों में बारिश से उत्पन्न संकट और राहत-बचाव कार्यों की चर्चा करते हुये उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों की सराहना की। श्री अवध बिहारी जी मंदिर के महंत महामंडलेष्वर श्री श्री 1008 श्री बालेष्वरदास जी महाराज ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज पूरे देश के कोने-कोने में सुना जा रहा है।

# 28 लाख की लागत से बन रही बोरिंग निर्माण कार्य का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** कस्बे के काशीपुरम कॉलोनी में रविवार को विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने 28 लाख की लागत से बनाई जा रही श्री फेष बोरिंग

**■ राधा पटेल ने कहा कि क्षेत्रवासियों के लिये सभी सुविधायें उपलब्ध करवाये जाने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे**



राधा पटेल ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की

निर्माण कार्य का बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ किया। इस मौके पर राधा पटेल ने कहा कि क्षेत्रवासियों के लिये सभी सुविधायें उपलब्ध करवाये जाने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

विधायक हंसराज पटेल आमजन के हितों को ध्यान में रखकर कोटपूतली के विकास के लिये निरन्तर प्रयासरत हैं। इस दौरान नागेंद्र शर्मा, विशंभर सैनी, रतन सैनी, लीलाराम सैनी, लालचंद सैनी, रोशन सैनी, विनोद सैनी, पंकज सैनी, रमेश सैनी, हजारी लाल, बालकृष्ण शर्मा, सुंदर सैनी, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र, रोहिताश, रामसिंह सैनी, अशोक सैनी, तेजनारायण सैनी, हेमचंद सैनी, रवि सैनी, महेश सैनी, शेरसिंह सैनी, अशोक कुमावत, जोगेंद्र सैनी, आदित्य सैनी, मोनू सैनी, रंजीत सैनी, विनीत शर्मा, रामपाल सैनी, विनय सैनी, शंकर सैनी, नितिन सैनी, योगेश सैनी, अंकित पंवार समेत लोग मौजूद रहें।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**फुलेरा।** श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति फुलेरा एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील फुलेरा के तत्वावधान में रविवार 31 अगस्त को विश्वकर्मा मंदिर परिसर में भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री 1008 श्री सर्वेश्वरदास महाराज (श्यामगढ़) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मिर्षि अंगिरा पीठाधीश्वर महा-मण्डलेश्वर संत अभयदास महाराज कालवाड़, जयपुर एवं संत त्रिलोकीदास महाराज (फुलेरा) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाज के मुकेश जांगिड़, भंवरलाल, घनश्याम, रामलाल, शेषनारायण, शंकरलाल, मांगीलाल, कल्याण माल, रामप्रसाद, जीवनलाल, गोपाल धराणिया, सीताराम, मोहन लाल, कानाराम, भंवर लाल जायलवाल, रवि शंकर, हजारी लाल और मदन लाल रहे।

## सार-समाचार

### अभिनेत्री रुचि गुर्जर ने दहेज-बाल विवाह के खिलाफ दिलाई शपथ



**जयपुर** । भादवी छठ पर टोंक जिले के निवाई कस्बे स्थित जोधपुरिया श्री देवनारायण मंदिर में आयोजित ऐतिहासिक मेले में इस बार आस्था और समाज सुधार दोनों का संगम देखने को मिला।जयपुर की रहने वाली और मुंबई की उभरती मॉडल और अभिनेत्री रुचि गुर्जर ने देवधाम पहुंचकर भगवान देवनारायण जी महाराज के 1114वें नीलाघर घोड़े के अवतरण दिवस पर दर्शन किए और खुले मंच से दहेज प्रथा व बाल वीवस जैसी कुरीतियों के ख़िलाफ़ बुलंद आवाज़ उठाई। मेले में राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैढम, पूर्व सांसद सुखवीर सिंह जौनपुरिया, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश बढ़ाना, कांठोस के कद्दावर नेता एवं संसद प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, कांठोस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक गजराज खटाना, विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रुचि गुर्जर ने हज़ारों श्रद्धालुओं और समाज की बेटियों को न तो हम कभी दहेज लेंगे और न ही देंगे की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में रुचि गुर्जर ने कहा हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। दहेज और बाल विवाह जैसी प्रथाएं समाज की प्रगति में सबसे बडी बाधा हैं। आज इस पवित्र धरा से मैं समाज को शपथ दिलाती हूं कि हम सब मिलकर इन कुरीतियों को खत्म करेंगे और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य देंगे।

### चिकित्सा शिविर का पोस्टर विमोचन




**पावटा।** देवधाम टोरडा भरतदास की बगीची में महंत मंगलदास महाराज द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का पोस्टर विमोचन किया गया। विमोचन के दौरान शिक्षाविद् जी एल यादव ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के समान होती है। प्रत्येक जन को मानव सेवा हेतु समर्पित होकर इस प्रकार के जनकल्याण के कार्य करना चाहिए। महंत मंगल दास ने कहा कि बड़े बुजुर्ग और जरूरत मंद लोगों की सेवा ही संत सेवा है। इस प्रकार के कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। आयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि सुजातनगर ग्राम पंचायत भवन में रविवार 7 सितंबर को प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीरेंद्र यादव, डॉ अमित सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ दिलीप यादव मेहता हॉस्पिटल नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ बी एल यादव गैस्ट्रो, डॉ जयराम यादव स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ केशव स्वामी आदि अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगे।

### कार्यकारिणी के चुनाव आयोजित

**पावटा।** रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में चुनाव अधिकारी बजरंग सिंह राजपूत एवं चुनाव पर्यवेक्षक मनोज कुमार शर्मा के सानिध्य में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा पावटा के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी बजरंग सिंह राजपूत ने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष रणजीत सिंह शेखावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष पुरुष बनवारी लाल बुनकर, उपाध्यक्ष महिला सुनीता शर्मा, मंत्री धर्मपाल कनौजिया, महिला मंत्री रतन कंवर, सभा अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत, उप सभाध्यक्ष सुरेश दायमा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य गोविंद सिंह शेखावत, प्राध्यापक सदस्य डॉ मनोज कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य सदस्य बाबूलाल वर्मा, महिला शिक्षक सदस्य सुमन पाराशर, सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण शर्मा, प्रबोधक सदस्य गणपत राम यादव, पंचायत शिक्षक रामवीर मीणा चुने गये।

### समाज विकास पर की चर्चा

**निवाई।** रविवार को भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर तहसील सभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ की अध्यक्षता में जांगिड़ ब्राह्मण समाज की साधारण बैठक आयोजित हुई। विकास समिति सचिव मनीष जांगिड़ ने बताया कि बैठक में हनुमान जी मंदिर की परिक्रमा बनवाना, मंदिर के पास वाली जमीन पर नक्शा बनवाकर बाथरूम बनवाना व आगामी नवरात्रा में छात्रावास का लोकार्पण करवाने सहित समाज उत्थान के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़, जिला प्रभारी मनोज जांगिड़, सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, कोषाध्यक्ष सुरेश जांगिड़, उपाध्यक्ष हनुमानप्रसाद जांगिड़, दिनेश जांगिड़, शंभू दयाल जांगिड़, कैलाश जांगिड़, सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने मां शाकंभरी के दर्शन किए

**सांभरझील।** यहां से करीब 25 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की कुलदेवी मां शाकंभरी का वार्षिक मेला रविवार को संपन्न हुआ। सांभर सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के दल का मां शाकंभरी के दर्शन हेतु ध्वज निशान के साथ पहुंचने का सिलसिला बना रहा। तीन-चार दिनों में अब तक करीब 25000

**■ श्री शाकंभर माता मंदिर प्रबंधन न्यास ने व्यवस्था संभाली**

लोगों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्री शाकंभरी माता मंदिर प्रबंधन न्यास की तरफ से मंदिर की व्यवस्थाओं को अंजाम दिया गया। इसके गठन के बाद से मंदिर का वैभव जिस प्रकार से अपने चरम पर पहुंचा है, उसकी वजह से प्रदेश स्तर पर इसने अपनी एक अलग पहचान और अधिक बनाई है। अजय जोपट बताते हैं कि ट्रस्ट की तरफ से बाहर से कोई भी श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए आता है तो उसे माता के प्रसाद के साथ निशुल्क भोजन आदर भाव के साथ परोसा जाता है। न्यास के



वार्षिक मेले के दौरान मां शाकंभरी का विशेष श्रंगार किया।

पदाधिकारी व सदस्यों की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप ही मंदिर परिसर अब सफाई व्यवस्था के लिए खास रूप से भी अपनी पहचान बना चुका है।

यहां जयपुर के अजय सर्जिकल के मालिक दामोदर रोहिला व उनके पुत्रों की तरफ से करीब दो दशक से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उच्च गुणवत्ता युक्त तेल व खाद्य सामग्री से निर्मित मिष्ठान व पूडी सब्जी निशुल्क भरपेट श्रद्धालुओं को जिमाई जाती है। इस पुनीत कार्य के दौरान किसी से कोई धनराशि या भेंट स्वीकार नहीं की जाती है, बल्कि सेवा भाव के साथ इस कार्य को अंजाम दिया जाता है। सांभर में इनके परिवार के सदस्यों की तरफ से भंडारे का इंतजाम व व्यवस्था का जिम्मा संभाला जाता है। श्री नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास की तरफ से प्रयास कर यहां पर लोगों की सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी भी खुलवाई गई है।

## पूर्व विधायक शर्मा की प्रेरणा से रोहिन का अंगदान : मानवता की अद्भुत मसाल

**चौमू / कालाडेरा** । गोगोरियों की ढाणी, चीथवाड़ी निवासी 19 वर्षीय छात्र रोहिन शर्मा ने जाते-जाते यही साबित कर दिखाया। असमय विदा लेने के बावजूद उन्होंने तीन लोगों को नया जीवन और नई उम्मीद दी। 23 अगस्त को सीकर रोड राजावास के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें रोहिन शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने इलाज के प्रयास किए। लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई और अंतत: विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उन्हें ब्रेन-डेथ घोषित कर दिया।

रोहिन की असामयिक दुर्घटना से परिवार और गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। इस कठिन समय में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा शनिवार सुबह उनके निवास स्थान पहुँचे। वहाँ उन्होंने परिजनों और ग्रामवासियों के बीच अंगदान के महत्व पर चर्चा की। रामलाल शर्मा ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे एक निर्णय कई परिवारों की ज़िंदगी बदल सकता है। उनके शब्दों से परिजनों नें प्रेरित होकर असहनीय पीड़ा के बीच भी साहस दिखाते हुए अंगदान का ऐतिहासिक निर्णय लिया। रोहिन के दादा खेमचंद शर्मा, पिता अशोक शर्मा और माता मिश्री देवी ने अपने बेटे को खोने के गहरे दु:ख के बीच भी, रोहिन के अंगदान के लिए सहमति दी। रविवार को जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल में अंगदान की पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकगण मौजूद रहे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की उपस्थिति में अस्पताल प्रशासन द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद रोहिन की पार्थिव देह को पूर्ण सम्मान के साथ परिवारजनों को सौंपा गया।

चिकित्सकों के अनुसार रोहिन की दोनों किडनी व लीवर दान किए गए हैं। इन अंगों से तीन गंभीर रोगियों को नया जीवन मिला है। एक किडनी को अजमेर निवासी चंद्र प्रकाश पिता पन्नालाल बैरवा, उम्र 42 वर्ष तथा दूसरी किडनी को हनुमानगढ़ निवासी प्रेम कँवर पत्नी शोभ सिंह, उम्र 60 वर्ष को ट्रांसप्लांट किया गया है तथा लीवर जयपुर निवासी मनीष झीरीवाल पिता सत्य प्रकाश झीरीवाल, उम्र 47 वर्ष को ट्रांसप्लांट किया गया है। अस्पताल से पार्थिव शरीर को जब उनके पैतृक गाँव चिथवाड़ी स्थित गोगोरियों की ढाणी लाया गया, तो पूरे गाँव में शोक और गर्व का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला।

## मन की बात का 125 वा एपिसोड सुना

**मनोहरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड को भाजपा मंडल मनोहरपुर के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल के नेतृत्व में सुना। इस मौके पर रामचन्द्र यादव, महामंत्री उपेंद्र कुमार आत्रेय, कृष्ण कुमार वर्मा, महिपाल सिंह गुर्जर, संपूर्णानंद शर्मा, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारद्वाज हुए गणेश उत्सव में शामिल

**अलवर।** रामगढ़- अलवर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंचायती राज भारतीय जनता पार्टी के युवा और जुझारू नेता ईष भारद्वाज दिल्ली में पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर के दिल्ली निवास पर गणेश उत्सव में शामिल हुए। भारद्वाज ने बताया कि इस गणेष उत्सव में भाजपा और संघ के अनेको बडे नेताओं ने षिरकत की उन्होंने बताया कि इस समय पूरे भारत में गणेष उत्सव कार्यक्रम जोरो पर है जो हमारे सनातन की पहचान है इस अवसर पर बीकानेर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना 'मन की बात' का 125 वां संस्करण

**भरतपुर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेड़ियों कार्यक्रम 'मन की बात' का 125 वां संस्करण भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर पर जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा की अध्यक्षता में सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम देखा और सुना। रेड़ियों कार्यक्रम'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने अपने संवाद में प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस मौशम में प्राकृतिक आपदाएं देष की कसौटी कर रही हैं। बारिष, बाढ़ और भू-स्खलन का जो कहर हुआ है उससे देष में काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द हम सब का दर्द है। हर व्यक्ति पीड़ितो की हर संभव मदद कर रहा है।



जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम देखा और सुना।

आपदा की इस घड़ी में भारतीय सैना मददगार बनकर आयी है। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, प्रषासन ने संकट की इस घड़ी में हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक को हृदय से धन्यवाद देता हूँ जिन्होने इस कठिन समय में मानवीयता का परिचय दिया। खेल की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना देष की एकता, देष के विकास के लिए जरुरी है। जिसमें खेल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए तो मैं कहता हूँ कि 'जो खेलता है वहीं खिलता है' हमारा देष जितना खेलेगा उतना ही खिलेगा। प्रतिभासेतू का जिक्र करते हुए कहा कि जो युवा यू.पी.एस.सी. की परीक्षा सभी चरण पास कर चुके हैं परन्तु अन्तिम सूची में नहीं आ पायें हैं, ऐसे युवाओं का इस प्रतिभासेतू पोर्टल पर डाटा उपलब्ध है इस पोर्टल से निजी कम्पनीयाँ होनहार युवाओं को अपनी आवष्यकतानुसार नियुक्ति दे सकती हैं। प्रभू श्रीराम के विष्व में बढ़ते प्रभाव पर प्रकाष डालते हुए कहा कि कनाड़ा के मिसीसागा में प्रभु श्री राम की 51 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया।

## जल उपलब्धता के लिए सरकार ने किए महत्वपूर्ण निर्णय - मुख्यमंत्री

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि वे वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देते हुए आने वाले त्यौहार के सीजन में स्वदेशी उत्पादों को खरीदें। इससे

**■ वोकल फॉर लोकल के लिए हो प्रेरित, स्थानीय उत्पादों की खरीद करें**

स्थानीय कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेग, शर्मा रविवार को दूदू में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल आपूर्ति और उपलब्धता के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, माही बांध जैसी परियोजनाओं के माध्यम से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## राधा अष्टमी पर गोविंद जी मंदिर में हुए अनेक कार्यक्रम

**राजगढ़।** कस्बे के ऐतिहासिक महत्व के गोविंद देव जी मंदिर में राधा अष्टमी पर छप्पन भोग की झांकी सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राधा रानी ग्रुप एवं गोविंद जी मंदिर की ओर से अवधूत दत्ता आश्रम से गोविंद देव जी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भजनों पर महिलाओं ने रोचक नृत्य कर राधा रानी महोत्सव को ऊंचाइयां प्रदान की। इस दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई गई। गोविंद देव जी मंदिर के महंत गोस्वामी दिलीप मुखर्जी ने बताया कि मंदिर में रविवार प्रात: 9:30 बजे छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने छप्पन भोग की झांकी के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया। राधा अष्टमी पर्व पर गोविंद देव जी मंदिर में भजन सत्संग का आयोजन किया गया। भजनों पर महिलाओं ने धर्म लाभ कमाया।

## कन्या की शादी में दी सहायता

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला सर्व समाज महासभा द्वारा ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में गोपालगढ निवकासी सरदार राजू सिंह की सुपुत्री के विवाह में एक गोदरेज की आलमारी व सहायता राशि कन्यादान स्वरूप दी गई।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-12/2025/डी- दिनांक-
**आम सूचना** ई हस्ताक्षर
आवेदक द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है
**क्र.सं.**-1, **आवेदक का नाम**-श्री राधा मोहन कठेरिया, श्री गोपाल धानुक, श्री प्रहलाद कठेरिया पुत्रान स्व.श्री राजाराम कठेरिया, **मूल आवंटी का नाम**-श्रीमती राममूर्ति देवी पत्नी श्री राजाराम कठेरिया, **भूखण्ड संख्या**-3, **क्षेत्रफल व.ग.**-248.11 वर्गगज, **गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी जविप्रा का नाम**-गृ.नि.स.स., **योजना का नाम**-राजेन्द्र नगर, **सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया**-नाम हस्तांतरण, **कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज**-मूल आवंटी की मृत्यु होने पर वारिसान द्वारा हक त्याग के आधार पर नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन
आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार दस्तावेजों के आधार पर किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जोन-12 कार्यालय में दर्ज करवायें, अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण पत्र जारी की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-12, जविप्रा, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/524
चूंकि प्रार्थी श्री निधि गुप्ता, 13/522 कावेरी पथ मानसरोवर, जयपुर 302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्पिरिचुअल मंतू, 13/522 कावेरी पथ मानसरोवर, जयपुर 302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 06/11/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

# भाजपा की प्राथमिकता होगी कि सदन, जनता के काम के लिए सुचारू चले : भजनलाल शर्मा

## विधानसभा में मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री निवास पर हुई भाजपा विधायक दल की बैठक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सोमवार से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं लोकहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि, भाजपा की प्राथमिकता होगी कि सदन, जनता के काम के लिए सुचारु रूप से चले। साथ ही, कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठे और भ्रामक प्रचार का मजबूती से प्रतिकार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य सदन की कार्यवाही में बाधा डालना है, जबकि भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि सदन जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का माध्यम होना चाहिए। इसके लिए सदन की कार्यवाही सुचारू चले।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई।

- जनहित के मुद्दों को विधानसभा में प्राथमिकता से उठाएं विधायकगण : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- सीएम भजनलाल ने कहा कि, "इस सत्र में राज्य सरकार कई नए विधेयक लेकर आ रही है। सभी विधायक 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए जनहित से जुड़े इन सभी विधेयकों को निर्बाध रूप से पारित करवाने में सहयोग करें।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र में राज्य सरकार कई नए विधेयक लेकर आ रही है। सभी विधायक 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए जनहित से जुड़े इन सभी विधेयकों को निर्बाध रूप से पारित करवाने में सहयोग करें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए दिन-रात समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता ने जिन आकांक्षाओं और विश्वास के साथ हमारी सरकार चुनी है, हम उन पर पूरी तरह खरे उतर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि विधानसभा सत्र में सभी मंत्रीगण अपने विभाग से संबंधित प्रश्नों के जवाब की पूरी तैयारी करके आएं तथा राज्य सरकार द्वारा किए गए जनहित के कार्यों और लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से राज्य सरकार का पक्ष रखें। उन्होंने विधायकों से भी अपील की कि वे विधानसभा सत्र के दौरान पूरे समय सदन में उपस्थित रहें तथा एकजुटता के साथ विपक्ष द्वारा उठाए मुद्दों पर सरकार का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल की तुलना में हमारे डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में उनसे अधिक विकास कार्य करवाए हैं। इस संबंध में हमारे विधायकों को सदन में और सदन के बाहर मीडिया के द्वारा प्रमुखता से इनका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत और निकाय चुनाव के दृष्टिगत सदन में हमारी भूमिका इस तरह सकारात्मक होनी चाहिए कि हम जनता का विश्वास जीत लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में राज्य सरकार द्वारा सेवा पखवाड़ा, गांव चलो अभियान, शहर चलो अभियान, सहकारिता आंदोलन, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसे कई महत्वपूर्ण अभियान और कार्यक्रम संचालित करने जा रही है। सभी विधायकों की इनमें बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य एवं विधायकगण उपस्थित रहे।

## गोविंद देवजी मंदिर में राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम से आयोजित



**जयपुर।** ठाकुर श्रीजी की प्रियाजु राधा किशोरी जी का जन्मोत्सव रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भांति राधा अष्टमी के रूप में गोविंद देवजी मंदिर में भक्ति भाव और धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सुबह बंगाली महिला मंडल की ओर से प्रारंभ हुआ चौबीस घंटे का अष्टप्रहर नाम संकीर्तन संपन्न हुआ।

सुबह 8 से 10 बजे तक निशुल्क पंचकुंडीय राधा गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें राधा गायत्री मंत्रों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली ने किया। मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंगला झांकी के बाद मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधाजी का 121 किलो पंचामृत, सर्वोषधि और केसर जल से अभिषेक हुआ। इसमें 80 किलो दूध, 30 किलो दही, 2 किलो बूरा, 1 किलो शहद, 1 किलो घी और शेष केसर जल का उपयोग किया गया।

लगभग 45 मिनट तक अभिषेक क्रम चला। धूप झांकी में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई तथा अधिवास पूजन हुआ। श्रृंगार झांकी में जन्मोत्सव पूजन के साथ खीरसा, रबड़ी कुल्हड, सागारी लड्डे, पंजीरी लड्डू का भोग अर्पित किया गया। मंदिर और भक्तों की ओर से फल, खिलौने, टॉफी, चॉकलेट की 51 टोकरियां भक्तों में लुटाई गईं।

## मदन राठौड़ के साथ कार्यकर्ताओं ने सुनी "मन की बात"

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 125वीं कड़ी का लाइव प्रसारण श्रवण किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और आमजन ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। राठौड ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में आई प्राकृतिक आपदाओं-विशेषकर बाढ़ और भूस्खलन की त्रासदी पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, सामाजिक कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों और स्थानीय नागरिकों द्वारा किए गए राहत कार्यों की सराहना की।

- प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदाओं में आमजन के राहत कार्यों की सराहना की : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में तकनीक और मानवता ने मिलकर राहत कार्यों को गति दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में हुए दो ऐतिहासिक आयोजनों-पुलवामा में पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच और डल झील पर आयोजित खेलो इंडिया वाटर स्पॉर्ट्स फेस्टिवल का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने ओडिशा की रश्मिता साहू और श्रीनगर के मोहसिन अली से संवाद कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने यूपीएससी में अंतिम सूची तक न पहुंच पाने वाले योग्य अभ्यर्थियों के लिए 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल के शुभारंभ की जानकारी दी, जिससे अब निजी क्षेत्र में भी इन होनहार युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने सूरत के जितेंद्र सिंह राठौड़ जैसे आम नागरिकों द्वारा शहीदों की याद में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए उन्हें देशभक्ति की जीवंत मिसाल बताया।

## सराफ ने किया 22 कमरों का लोकार्पण

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 129 जय जवान कॉलोनी तृतीय में विधायक कोष के द्वारा प्रदत्त राशि 21 लाख रूपये की लागत से लगे 22 कैमरों का लोकार्पण किया। पार्षद महेश सैनी बच्चू ने बताया की जय जवान कॉलोनी तृतीय में आए दिन चोरियां होती थी, और असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए जाते थे। विकास समिति अध्यक्ष अनूप भरतरिया,ने बताया की स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक सराफ के द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगवाए गये है जिसका आज भव्य लोकार्पण किया गया। स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ ने जय जवान कॉलोनी तृतीय में तीन पार्कों के नवीनीकरण के लिए 15 लाख रुपए विधायक कोष से देने की घोषणा की। नटवर कुमावत ने बताया कि अभी तक 30 कॉलोनी में कैमरे लग गये और 13 कॉलोनी में कार्य प्रगति पर है।इस अवसर पर मालवीय नगर मंडल अध्यक्ष हरीश खड़िया,विकास समिति अध्यक्ष अनूप भरतरिया,पी के पाटनी कार्यकारी अध्यक्ष, बृजेश शर्मा सचिव,जीतेन्द्र गंगवाल कोषाध्यक्ष, सुधीर पंचोली, योगेश वर्मा, नरेंद्र अजमेरा, संतोष बटवाड़ा मौजूद थे।

## "राजस्थान गौरव" सम्मान से 28 विभूतियां अलंकृत

**जयपुर।** "संस्कृति युवा संस्था" की ओर से प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित और 30 वर्ष से अनवरत आयोजित हो रहे राजस्थान गौरव सम्मान समारोह आज अपनी पूर्ण भव्यता के साथ होटल आईटीसी राजपूताना शैरेटन में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश की 28 लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को "राजस्थान गौरव" के अलंकरण से विभूषित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि प्रदेश की विभूतियों को सम्मानित करना अपने आप में एक अतुलनीय कार्य है और संस्कृति युवा संस्था पिछले 30 वर्षो से राजस्थान की विभिन्न प्रतिभाओं को गरिमापूर्ण तरीके से "राजस्थान गौरव" के अलंकरण से विभूषित कर रही है। ये अपने आप में एक अनूठा कार्य है। उन्होने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति को आगे बढाने का दायित्व युवाओं पर है और जिन्हे आज सम्मानित किया गया है ये सब प्रतिभायें राजस्थान का नाम रोशन कर रही है। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि व्यक्तित्व का सम्मान समाज का दायित्व हैं और इस प्रकार के आयोजनों में ऐसी प्रतिभाऐं जो प्रदेश में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में राजस्थान का नाम रोशन कर रही हैं, वे भी प्रोत्साहित होगी और उनके पद चिन्हों पर चलकर युवा पीढी को मार्ग दर्शन मिलेगा। प्रधान संरक्षक एडवोकेट एच.सी. गणेशिया ने संस्कृति द्वारा किये जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक सौम्यता मिश्रा ने बताया कि संस्था देश की सबसे बडी मैराथन का आयोजन पिछले 15 वर्षो से अनवरत जारी है। जिसमें देश-विदेश के धावक भाग लेते है। इसबार की मैराथन में एक लाख 25 हजार धावको ने भाग लिया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अतिरिक्त देश विदेश की प्रतिभाओं को लंदन की पार्लियामेंट, फ्रांस की सीनेट और अमेरिका के यूनाइटेड नेशन में संस्कृति युवा संस्था भारत गौरव सम्मान का आयोजन कर रही है। साथ ही नवसंवत्सर का स्वागत, वर्ल्ड हैल्थ फेस्टिवल, नववर्ष की शुरूआत दारू नहीं दूध से करें जैसे अभियान पिछले 30 वर्षो से अनवरत जारी है। संस्था के संरक्षक गोविन्द पारीक एवं कार्यक्रम संयोजक सुनील खेतपालिया ने बताया कि राजस्थान गौरव सम्मान समारोह समिति ने 30 वर्षो के सभी चयनों में पारदर्शिता अपनाई है। इस अवसर पर राजस्थान गौरव से 28 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन की चैयरमेन आईएसएस डॉ. मनीषा अरोड़ा, मुंबई के प्रसिद्ध संगीतकार पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित अली-गनी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी आरपीएस राजीव दत्ता, करौली की महारानी रोहिणी कुमारी, आईपीस दीपक भार्गव, प्रसिद्ध सारंगी वादक पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान, प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश खंडेलवाल, जयपुर जिला कलेक्टर आईएएस डॉ. जितेन्द्र सोनी, गुजरात इनकम टैक्स के चीफ कमिश्नर सतीश शर्मा, आध्यात्मिक गुरू आचार्य इशान शिवानंद, आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के डॉ. नरेन्द्र कुमार राठौड़, प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट उदयपुर डॉ अनीश जुक्करवाला, प्रमुख हृदय रोग विशेष ईएचसीसी डॉ. आर.एस. खेदर, वर्धमान ग्रुप के चैयरमेन कमल सेठिया, समाजसेवी डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, आम्रपाली एक्सपोर्ट के सीईओ एवं क्रियेटिव डायरेक्टर तरंग अरोड़ा, एनएवी इंडिया के एमडी सीए अनिल अग्रवाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार हीरेन जोशी, इवेंट मैनेजर अमित सरीन, राजस्थान पत्रिका के डिप्टी न्यूज एडिटर ललित तिवारी, बिरधीचंद घनश्यामदास ज्वैलर्स के एमडी वैभव अग्रवाल, समाजसेवी हेमन्त जोशी, समाजसेवी अजय पाराशर, प्रमुख दंत चिकित्सक डॉ. निशांत गुप्ता, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित राजस्थान की एकमात्र महिला सरपंच सविता राठी, ज्वैलर प्रदीप कुमार रॉय, कत्थक नृत्यांगना श्रुति मिश्रा, मिस ओशियन वर्ल्ड इंडिया पारूल सिंह एवं गौरक्षक हरीश सोनी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं दुपटटा देकर सम्मानित किया गया।




राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने रविवार को जयपुर में आयोजित समारोह में गुजरात इनकम टैक्स के चीफ कमिश्नर सतीश शर्मा समेत 28 प्रतिभाओं को "राजस्थान गौरव" अवार्ड से नवाजा। इस मौके पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, प्रधान संरक्षक एडवोकेट एच.सी. गणेशिया और संरक्षक गोविंद पारीक समेत कई लोग मौजूद थे।

- प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना तथा गरिमापूर्ण व्यक्तित्व का सम्मान समाज का दायित्व : हरिभाऊ बागड़े

## तैलिक साहू घांची राठौर महासभा का अधिवेशन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को श्री महावीर दिगंबर जैन विद्यालय में भारतीय तैलिक साहू घांची राठौर महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन समापन समारोह को संबोधित करते हुए समाज के देश और प्रदेश के विकास में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। शर्मा ने कहा कि समाज की उद्यमशीलता और व्यापारिक गुणों ने देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि, व्यापार, उद्योग आदि क्षेत्रों में समाज ने अपनी मेहनत से न केवल अपनी तरक्की की, बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति में अतुल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में तेली साहू समाज का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस दौरान सांसद मदन राठौड़, बंटी विवेक साहू, उत्तरप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री राकेश राठौड़, मध्यप्रदेश तेलघाणी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण, विधायक भीमराज भाटी, वरिष्ठ समाजसेवी सोमा भाई मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश नंदलाल, प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद साहू, रामनारायण साहू, संगम लाल गुप्ता सहित समाज के प्रबुद्धजन एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## 'आर.जी.एच.एस. में कर्मचारियों को ना दवा मिल रही और ना इलाज'

**जयपुर (कासं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने आर.जी.एच.एस. योजना में राज्यकर्मियों को इलाज और दवाई नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए 3 सितंबर दोपहर 12:30 बजे से लेकर 1.30 तक विरोध स्वरूप कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सरकार द्वारा राज्य कर्मियों के वेतन से आरजीएचएस की अनिवार्य रूप से कटौती तो कर ली जाती है लेकिन इलाज और दावों के लिए उन्हें इस प्रकार भटकना पड़ता है, जैसे सरकार यह सब उन्हें निःशुल्क दे रही हो।

महासंघ द्वारा अनेक बार ज्ञापन देखकर इस संबंध में ध्यान आकर्षित किया जा चुका है, लेकिन कभी इलाज को लेकर तो कभी दवा को लेकर राज्य कर्मियों को गत वर्षो में निरंतर परेशानी उठानी पड़ती रही है। अब तो हालात इतने खराब हो गए हैं कि अधिकांश अस्पतालों ने आर.जी.एच.एस. में इलाज करना ही बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से रोगग्रस्त कर्मियों को 5 दिन से अधिक भर्ती रहने की आवश्यकता होने पर भी अस्पताल द्वारा डिस्चार्ज कर दिया जाता है और फिर आरजीएचएस से भर्ती करने की पुनः परमिशन की अनुमति इतनी विलंब से आती है कि राज्यकर्मी को नकद इलाज भी करवाना पड़ता है। ओपीडी के समय के अलावा यदि कोई इमरजेंसी हो जाती है तो उसमें भी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि, महासंघ में आपात बैठक कर निर्णय किया और इस संबंध में मुख्य सचिव सुधांशु पंत को भी अवगत करवा दिया गया था। महासंघ ने चेतावनी दी थी कि आरजीएचएस में सभी अनुमोदित अस्पताल में इलाज और दवाई मिलना आरंभ नहीं हुई तो राजधानी स्थित सरकारी कार्यालयों में राजकर्मी 3 सितंबर को मध्याह्न में 12:30 से लेकर 1:30 तक कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बावजूद यदि सरकार ध्यान नहीं देती है तो फिर सभी संगठनों के साथ मिलकर एक राज्य व्यापी आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

## आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर ठगने वाला 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** स्टेट क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जोधपुर ग्रामीण के ओसियां थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को डिटेन कर लिया है। आरोपी की पहचान अनु सिंह उर्फ अनु पुत्र अर्जुन जाट निवासी बृज नगर कॉलोनी थाना मथुरा गेट भरतपुर के रूप में हुई है। यह आरोपी आर्मी से भगौड़ा है और उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह मामला तब सामने आया जब गंगा सिंह और प्रवीण भाटी नाम के दो व्यक्तियों ने 5 अप्रैल 2023 को ओसियां थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर 2022 को उनकी मुलाकात अनु सिंह से हुई, जिसने उन्हें आर्मी और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके लिए उसने प्रति व्यक्ति 3.5 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने आरोपी को कुल 10 लाख 70 हजार रुपये नकद और ऑनलाइन माध्यम से दिए। पैसे मिलने के बाद, आरोपी ने उन्हें व्हाट्सएप पर जाली जॉइनिंग लेटर भेजे और फिर सभी संपर्क बंद कर दिए। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन के निर्देश पर फरार अपराधियों की धर-पकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई थीं। उप महानिरीक्षक पुलिस दीपक भार्गव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में गठित टीम ने चार दिन तक रेकी कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर आने वाला है।

# जयपुर में बीते 24 घंटे में सवा 3 इंच से ज्यादा बारिश

## सड़कों पर पानी भरने से आवाजाही थमी, वाहनों में पानी भरा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून विदाई से पहले जबरदस्त मेहरबान है। राजधानी जयपुर में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी तेज बारिश हुई। शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे मौसम में बदलाव आया और तेज बारिश शुरू हुई, यह दौर पूरी रात थम-थमकर चलता रहा। इसके बाद रविवार दोपहर 3 बजे तथा शाम करीब 7 बजे भी पुनः बारिश हुई। इस मूसलाधार बारिश के कारण राजधानी की अधिकांश सड़कों पर पानी भर गया है।

सबसे ज्यादा खस्ता हाल परकोटे के जौहरी बाजार, चौड़ा रास्ता, एम.आई. रोड तथा अजमेर पुलिया, सीकर रोड, कलेक्ट्री, कालवाड़ व निवारू रोड के आसपास रहे। एम.आई. रोड पर तो हालात ऐसे हो गए कि सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में भी पानी भर गया। कुछ वाहन बारिश के पानी के बीच बंद पड़ गए तो कहीं दुपहिया वाहनचालक फिसलकर गिरे। जयपुर कंट्रोलरूम कलेक्ट्री से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे से रविवार शाम 5 बजे तक 81 मि.मी. (करीब सवा 3 इंच) बारिश दर्ज की गई।





राजधानी जयपुर में शनिवार और रविवार को हुई तेज बारिश के कारण कलेक्ट्री सर्किल और सीकर रोड पर भारी जलभराव हो गया। इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी।

- बारिश के कारण जौहरी बाजार, चौड़ा रास्ता, एम.आई. रोड तथा अजमेर पुलिया, सीकर रोड, कलेक्ट्री, कालवाड़ व निवारू रोड के आसपास खस्ता हाल रहे
- एम.आई. रोड पर तो हालात ऐसे हो गए कि सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में भी पानी भर गया। कुछ वाहन बारिश के पानी के बीच बंद पड़ गए तो कहीं दुपहिया वाहनचालक फिसलकर गिरते नजर आऐ

मौसम विभाग की मानें तो मानसून ट्रफ लाइन भी सामान्य स्थिति से होकर गुजर रही है और सक्रिय है। आज एक परिसंचरण तंत्र उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर अवस्थित है। ऊपरी वायुमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ पंजाब व आसपास से लगे पाकिस्तान क्षेत्र के ऊपर सक्रिय है। जिससे पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी 5-6 दिन मानसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश भागों में मध्यम से तेज बारिश व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने जयपुर शहर, दौसा, हनुमानगढ़, जोधपुर, अलवर, सवाईमाधोपुर जिले और इसके आसपास के क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए हल्की से मध्यम बारिश होनी की संभावना जताई है। इसके अलावा चूरू, नागौर, बूंदी, भरतपुर, झुंझुनूं, सीकर, करौली, धौलपुर, चूरू टोंक, बीकानेर, सिरोही, चितौडगढ़, बारां, कोटा, उदयपुर, भीलवाडा, श्रीगंगानगर, अजमेर, जालौर और झालवाड़ में येलो अलर्ट जारी करते हुए मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।


TIYA KI BAITHAK



With profound grief, we inform you of the sad demise of our revered mother

MRS. KAMLESH JAIN

(News Editor Broadcaster, All India Radio Akashvani), beloved wife of Late Shri Dhirendra Jain (Senior Journalist), who passed away on 30th August 2025

The Tiya ki Baithak will be held on Monday, 1st September 2025, at 11:00 AM at Bhattarak Ji's Nasiyan, Narayan Singh Circle, Jaipur.

Grieving Family

Sr. Journalist Bengaluru Dr. Anubha-Dinesh, Rashmi-Dr. Prakash Bakhshi, Richa-Rajeev (Daughters & Sons-in-law) Amrita, RiyaRavi, Riddhima (Granddaughters), Aryan (Grandson) and the entire Jhandewala family.



"जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस (ओलंपिक) तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था। - लवलीना बोरगोहेन

मुक्केबाज, अपनी अकादमी स्थापित करने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ ऋषभ पंत



टीम इंडिया के स्टार विकेट की पर बल्लेबाज ऋषभ पंत दौरे पर चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट की पहली पारी में पंत की पैर की अंगुली में फ्रेक्चर हो गया था। हालाकि, वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरे थे। ऋषभ पंत क्रिकेट के मैदान पर वापसी के लिए बेचैन दिख रहे हैं। फ्रैक्चर से उबर रहे पंत ने इंस्टाग्राम पर अपने पट्टी लगे पैर की एक तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, कितने दिन बचे हैं? पंत के कैप्शन से साफ है कि वह ज्यादा दिन मैदान से दूर नहीं रह सकते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?... भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के अलावा कोई अन्य टीम एशिया कप जीतने में कामयाब नहीं रही है। वर्तमान में भारत एशिया कप का डिफेंडिंग चैंपियन है।**

## बीसीसीआई को 450 करोड़ के स्पॉन्सरशिप मिलने की उम्मीद? ड्रीम 11 से भी ज्यादा बड़ी डील मिलने की योजना

नई दिल्ली, 31 अगस्त। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के स्पॉन्सर के रूप में ड्रीम 11 के जाने के बाद टीम से जुड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नीति साफ कर दी है। ड्रीम 11 को संसद में ऑनलाइन गेमिंग बिल पारित होने के बाद अपना अनुबंध समय से पहले ही खत्म करना पड़ा। इस हालात में बोर्ड को एक मुश्किल में डाल दिया है। क्योंकि एशिया कप 2025 की शुरुआत से पहले एक स्पॉन्सर ढूंढना और पुरुष टीम की जर्सी छपवाना मुश्लि हो सकता है।बीसीसीआई 2025-28 की अवधि के लिए एक नए स्पॉन्सर को जोड़ने की कोशिश कर रहा है जिसकी प्रायोजन राशि लगभग 450 करोड़ रुपये होगी। ड्रीम 11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार किया था। इसमें ब्रांड बीसीसीआई को कॉन्ट्रैक्ट के दौरान 358 करोड़ रुपये का भुगतान करता। कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर की तारीख से लगभग दो साल बाद ये डील को खत्म करना पड़ा।

बीसीसीआई अब 2025 से 2028 तक 140 मैचों के लिए एक स्पॉन्सर ढूंढने की कोशिश कर रहा है। ये करार ड्रीम 11 द्वारा बोर्ड को दी गई राशि की तुलना में बेहतर होगा। प्रायोजन घरेलू और विदेश द्विपक्षीय मैचों के साथ-साथ एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा आयोजित बहु-टीम टूर्नामेंटों के लिए होगा।

बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैच के लिए 3.5 करोड़ रुपये और आईसीसी और एसीसी मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। जो ड्रीम 11 से ज्यादा है लेकिन से कम है। जहां तक एशिया कप का सवाल है तो बोर्ड महाद्विपीय टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले एक शर्ट प्रायोजक पाने की कोशिश कर रहा है। समय कम होने के कारण थोड़ी देरी हो सकती है। बोर्ड को विश्वास है कि वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वर्ल्ड कप से पहले एक नई यूनिट को सील कर लेगा।

## 20वीं वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए यशवीर सिंह का चयन



जयपुर 31 अगस्त। राजस्थान के यशवीर सिंह जैवलिन थ्रो के खिलाड़ी है ओर ये जयपुर रेलवे मै टीसी के पद पर कार्यरत है जो राजस्थान के इकलौते खिलाड़ी है। इनका चयन 20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है जो कि 13 सितंबर से 21 सितंबर तक टोक्यो (जापान) मै होने जा रही है। इस से पहले ये मई 2025 मै हो चुकी एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भारत की तरफ से हिस्सा ले चुके है। इन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ भाला 82.57 मीटर फेंका है ओर ये कई बार राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मै भी पदक जीत चुके है। जून 2025 मै उज़्बेकिस्तान मै हुई प्रतियोगिता मै इन्होंने ने स्वर्ण पदक जीता है ओर ये अपने कोच व पिता राय सिंह के देख रेख मै प्रैक्टिस करते है ओर इनके पिता भी जैवलिन थ्रो के राष्ट्रीय पदक विजेता भी रह चुके है जो सी ओ एस के पद पर सीसीएम ऑफिस में कार्यरत है जो इंडियन रेलवे कोच भी है। ।

## राष्ट्रीय योगासन प्रीमियर लीग रविवार को संपन्न



जयपुर 31 अगस्त। एकल योगासन स्पर्धा में बालक - बालिकाओं ने एडवांस योगिक क्रियायों का प्रदर्शन किया । समूह योगासन प्रतिस्पर्धा में योग साधकों ने जटिल योगासनों की प्रस्तुति दी । संगीत की लय के साथ मनमोहक नृत्य शैली में योगासनों की प्रस्तुति अनूठी थी । विभिन्न स्पर्धाओं में बच्चों के शरीर का धुन के साथ तारतम्य और लचीलापन देखते ही बनता था । समापन समारोह में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौर ने कहा की नृत्य में पदचाप के साथ योगासनों की प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत उजागर हुई। भावी पीढ़ी को इस तरह का मंच मिलने से उनके भीतर छिपी प्रतिभा उजागर होती है । राठौर ने कहा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरे विश्व में पहुँचाने के लिए बीड़ा उठाया है तथा यू .एन .ऐ .में योग का प्रस्ताव रखा है । आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में 21 जून को पुरे विश्व में मनाया जाता है जिससे आज 188 देशों में योग पंहुचा है । एक मुद्रा में लगातार तीन मिनट्स तक ठहरना बच्चों की सहनशीलता को भी दर्शाती है । प्रीमियर लीग के संयोजक योगाचार्य अभिनव जोशी ने कहा की बच्चों ने अविश्वसनीय रूप से खूबसूरती से थिरकते हुए योग को कई नए आयाम दिए है । योगाचार्य ढाकाराम ने कहा की देशभर से आये योगसाधकों का मेलजोल से बच्चे एक दूसरे की संस्कृति से अवगत हुए है । योग को खेल से जोड़ने के बाद बच्चों का योग के प्रति काफी रुझान बढ़ा है ।

## अंकित और रशीद साउथ जोन टीम में शामिल

बेंगलुरु 31 अगस्त । साउथ जोन ने चार सितंबर से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए पुडुचेरी के ऑलराउंडर अंकित शर्मा और आंध्रप्रदेश के शीर्ष क्रम बल्लेबाज शेख़ रशीद को कप्तान तिलक वर्मा और आर साई किशोर के विकल्प के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है।

तिलक एशिया कप में चयनित होने के कारण दलीप ट्रॉफी के आगामी मैच में नहीं खेल पाएंगे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उपकप्तान नियुक्त किया गया था इसलिए तिलक की अनुपस्थिति में वह टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। साई किशोर उंगली की चोट के चलते चेन्नई में बुची बाबू टूर्नामेंट भी नहीं खेल पाए थे। 34 वर्षीय अंकित ने 2024-25 के रणजी सत्र में सात मैचों में 28.85 की औसत से 24 विकेट लेकर पुडुचेरी के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। वहीं रशीद ने आंध्रा के लिए 12 पारियों में 52.25 की औसत से सर्वाधिक 627 रन बनाए थे जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल था। रशीद और अंकित दोनों की साउथ जोन की टीम में स्टैंड बाय खिलाड़ियों में शामिल किए गए थे। सेमीफाइनल में साउथ जोन का सामना नॉर्थ जोन से होगा । वहीं अन्य सेमीफाइनल में सेंट्रल जो और वेस्ट जो भिड़ेगे। सेमीफाइनल के लिए वेस्ट जोन की टीम इस प्रकार है:- मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान और विकेटकीपर), एन जगदीशन (उपकप्तान), तन्मय अठावाल, शेख रशीद, देवदत्त पड्डिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, टी विजय, अंकित शर्मा, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैशक, एम डी निदेश, रिकी भुई, बासिल एन पी, गुरजपनीत सिंह और स्नेहल कौथंकर।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

नारायणपुर, (छत्तीसगढ़) 31 अगस्त। सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। आज यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ठाउंड में खेले गये मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है।

## पाक ने यूएई को 31 रनों से हराया

शारजाह 31 अगस्त। सैम अयूब (69) और हसन नवाज (52) की अर्धशतकीय पारियों के बाद हसन अली (तीन विकेट) और मोहम्मद नवाज (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला के दूसरे मैच में यूएई को 31 रनों से हरा दिया। 208 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई के लिए मोहम्मद जोहैब और कप्तान मुहम्मद वसीम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने मोहम्मद जोहैब (13) को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 54 रन के स्कोर पर मुहम्मद वसीम 18 गेंदों में (33) रनआउट हुये। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर हसन अली ने इथन डिसूजा (तीन) को अपना शिकार बना लिया। आलीशान शराफु (तीन), राहुल चोपड़ा (11), ध्रुव पराशर (15) और सगीर अली (11) रन बनाकर आउट हुये। आसिफ खान ने 35 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए (77) रनों की पारी खेली। 20वें ओवर में उन्हें हसन अली ने आउट किया। पाकिस्तान की गेंदबाजी के आगे यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 31 रनों से हार गई। पाकिस्तान की ओर से हसन अली ने तीन विकेट और मोहम्मद नवाज ने दो विकेट लिये। सलमान मिर्जा और सैम अयूब ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले पाकिस्तान ने शनिवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (आठ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद पाकिस्तान के बल्लेबाज तेजी के साथ रन बनाने के प्रयास में अपने विकेट गंवाते रहे। हालांकि लिए सैम अयूब ने 38 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से (69) रनों की पारी खेली। वहीं हसन नवाज ने 26 गेंदों छह छक्के और दो चौके लगाते हुए 52 रन बनाये। मोहम्मद नवाज 15 गेंदों में (25) और फहीम अशरफ (16) रन बनाकर आउट हुये।

## भारत ने जापान को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह की पक्की

राजगीर (बिहार) 31 अगस्त। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एशिया कप 2025 के ग्रुप ए के दूसरे मैच में जापान को 3-2 हरा दिया है। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है और दो मैचों में छह अंकों के साथ वह पूल ए में शीर्ष पर है। इस जीत के साथ उसने टूर्नामेंट में सुपर 4 चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है। आज यहां स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पुरुष हॉकी रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत के लिए मनदीप सिंह (चौथे मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (5वें और 46वें मिनट में) ने गोल दागे।

वहीं, 18वें स्थान पर मौजूद जापान के लिए कावाबे कोसेई ने दो गोल (38वें और 59वें मिनट) किये। भारत ने मैच की शानदार शुरुआत की और अपना दबदबा बनाये। पहले क्वार्टर में भारत ने दो गोल दागे। मैच के चौथे मिनट में मनदीप सिंह ने मैदानी गोल के साथ टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेजबान टीम ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर अपने नाम किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मौके को भुनाते हुए ड्रैगफ्लिक के साथ पीसी को गोल में तब्दील किया और भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। वहीं, जापान ने भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हुए। दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा। दोनो टीमों ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सके। जापान ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए थे। पहले हाफ की समाप्ति तक भारत ने अपनी 2-0 की बढ़त को कायम रखा। तीसरे क्वार्टर में जापान ने गोल के साथ मैच में वापसी की। जापान के लिए कावाबे कोसेई ने 38वें मिनट पर फील्ड गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया। इस क्वार्टर में भारत ने अटैक करना जारी रखा और आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। जिसे हरमनप्रीत सिंह ने अपने शानदार ड्रैगफ्लिक से गोल में तब्दील कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा। जापान ने लगातार मौके बनाए और मैच खत्म होने से पहले कावाबे ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। लेकिन मैच जीतने में कामयाब नहीं हो सके। भारतीय हॉकी टीम अपना अगला मुकाबला कजाकिस्तान के खिलाफ खिलाफ सितंबर को खेलेगी।

## युकी भांबरी यूएस ओपन के अगले दौर में, रोहन बोपन्ना हुए बाहर

न्यूयॉर्क 31 अगस्त। भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये है।

शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गये है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता कांस्य पदक

पेरिस 31 अगस्त। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था।

भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली।

इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

## हरारे एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

दुबई, 31 अगस्त। हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका ने अपराध और प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

## एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स ऑगर अलियासिमे यूएस ओपन के चौथे दौर में


न्यूयॉर्क, 31 अगस्त। कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की।

वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ठौंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा । मैच के बाद अलियासेम ने कहा, यह अच्छा लग रहा है। काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आज रात सब कुछ बहुत अच्छी तरह से हुआ।

## राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी

## कुणाल सिंह की शतकीय व पायलट सिंह, मोहित छांगरा, हर्षवर्धन सिंह व हिमांशु के अर्धशतक

**दानिश भाम्भू के 6 विकेट, दुष्यंत कच्छावा का आल राउंडरप्रदर्शन**





जयपुर 31 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) के अंतिम दिन मैच का परिणाम व स्कोर :- राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) के तीसरे व अंतिम दिन का स्कोर व प्रदर्शन :-

1 ) **के एल सैनी** स्टेडियम टीम एफ - टीम जी टीम एफ पारी 287 आल आउट टीम के लिए मुकुल चौधरी नाबाद 148 रन टीम जी की गेंदबाज दीपेंद्र 59 /3 व आशीष इन्दोरिया , भूपेंद्र शर्मा प्रत्येक 1 -1 विकेट टीम जी पारी 250 आल आउट टीम के लिए पायलट सिंह 52 , राज शर्मा 48 , दीपक 41 ,दीवांश 37 व भूपेंद्र कुमार शर्मा 31 रन टीम एफ के गेंदबाज रजत चौधरी , पुष्पेंद्र , मनीष व शुभंकर प्रत्येक 2 -2 विकेट

टीम एफ दूसरी पारी 112 /5

टीम के लिए अजय भाटी 30 , सचिन शर्मा 25 , पुष्पेंद्र नाबाद 23 व कमलेश नाबाद 13 रन टीम जी के गेंदबाज दीपेंद्र व दीपक प्रत्येक 2 -2 विकेट

2 ) **जयपुरयाग्राउंड** टीम एच् - टीम ई टीमएच् पारी 283 आल आउट टीम के लिए भारत शर्मा 56 , रोहित खीचड़ 64 , रजत सिंह 30 रन. टीम ई के गेंदबाज मोहित छांगरा 28 /3 ,सलाऊद्दीन47 /3 ,विशाल 45 /2 व शुभम शर्मा , जय गोयल प्रत्येक 1 - 1 विकेट टीम ई पारी 318 आल आउट टीम के लिए प्रशांत माली 157 , मोहित छांगरा86 रन टीम एच् के गेंदबाज दानिश भांभू 55 /6 विकेट टीम एच दूसरी पारी 105 /3 टीम के लिए अर्जुन नाबाद 34 , शुभम नाबाद 34 रन टीम ई के गेंदबाज विशाल 27 /2 विकेट

3 ) **अनंतम ग्राउंड** टीम बी - टीम सी टीम बी पारी 190 आल आउट टीम के लिए आदित्य लूणा 63 , शबाज़ 63 , हिमांशु 22 रन टीम सी के गेंदबाज अनिरुद्ध सिंह चौहान 27 /5 विकेट टीम सी पारी 329 आल आउट टीम के लिए कुणाल सिंह 114 व हिमांशु 61 रन टीम बी के गेंदबाज मो साद 43 /4 व दीपक 72 /2 विकेट टीम बी दूसरी पारी 35 /0

4 ) **सोनी ग्राउंड** टीम ए - टीम डी टीम ए पारी 379 /6 घोषित टीम के लिए हर्षवर्धन सिंह 52 रन टीम डी की गेंदबाज दुष्यंत कच्छावा 68 /3 व सिद्धार्थ 65 /2 विकेट टीम डी पारी 120 /5 टीम के लिए विशाल 26 , कार्तिकेय 21 व दुष्यंत कच्छावा नाबाद 19 रन टीम ए के गेंदबाज हनुमान बेनीवाल 20 /3 विकेट।

## आईपीएल 2026: राहुल द्रविड़ के बाद संजू सैमसन की होगी छुट्टी! बंट गई राजस्थान रॉयल्स



जयपुर, 31 अगस्त। आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने भले ही राहुल द्रविड़ से अचानक किनारा कर लिया हो लेकिन ये चौंकाने वाला फैसला नहीं है। इसे लेकर कुछ समय से चर्चा चल रही थी। आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के 9वें नंबर र रहने के बाद द्रविड़ का पद पर बने रहना मुश्किल था।

भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने के बाद राहुल द्रविड़ फिर से रॉयल्स से जुड़े थे। ऐसे में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। द्रविड़ की विदाई ऐसे समय पर हुई जब फ्रेंचाइजी और संजू सैमसन के बीच कुछ ठीक नहीं था। ऐसे में सवाल ये है कि क्या सैमसन भी राजस्थान रॉयल्स से विदा हो जाएंगे? ऐसी भी रिपोर्ट्स हैं कि फ्रेंचाइजी 3 धड़े में बंटी हुई है।

राहुल द्रविड़ और रॉयल्स प्रबंधन के बीच जुलाई से ही बातचीत चल रही थी, जब लंदन में आईपीएल 2025 के प्रदर्शन की समीक्षा हो रही थी। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें टीम से जोड़े रखने के इच्छुक मनोज बडाले ने उन्हें एक अलग पद की पेशकश की थी। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को अपनी विज्ञिप्त में इसका जिक्र भी किया था, लेकिन द्रविड़ ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

सैमसन अपनी चोट के अलावा आईपीएल 2025 के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कैंप में चली रही चीजों से नाखुश थे। हालांकि, कप्तान की नाराजगी के लिए सिर्फ द्रविड़ ही जिम्मेदार नहीं हो सकते। माना जा रहा है कि द्रविड़ और सैमसन के बीच कोच और कप्तान के बीच होने वाली आम, सामान्य और नियमित असहमतियां ही थीं। ऐसा नहीं था कि दोनों का रिश्ता पूरी तरह से बिगड़ गया था।

वहीं टीम को लेकर चर्चाओं से पता चलता है कि फ्रेंचाइजी में तीन अलग-अलग विचारधाराएं चल रही थीं। एक गुट रियान पराग के पक्ष में था, जिन्होंने कुछ मैचों में टीम की कप्तानी की। दूसरे ने यशस्वी जायसवाल को भविष्य का कप्तान बताया। तीसे ने सैमसन को कप्तान बनाए रखने की वकालत की।

## मैच से बढ़कर: द गिविंग गोल ने जयपुर में खेल, सेवा और सपनों को जोड़ा

जयपुर, 31 अगस्त 2025।जयपुर ने आज खेल और सामाजिक सेवा का अद्भुत संगम देखा जब द गिविंग गोल चैरिटी फुटबॉल टूर्नामेंट उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल की शुरुआती पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल के तीन छात्रों अव्यायन धोका, भरत राणा और रुद्रांश पलावत ने की। इसका उद्देश्य वंचित फुटबॉल खिलाड़ियों को आवश्यक साधन और अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। राजस्थान राज्य खेल परिषद के मार्गदर्शन में, जेपीआईएस के संरक्षण में, राजस्थान फुटबॉल संघ के सहयोग से, सारोवर पोर्टिको द्वारा प्रस्तुत, तथा आईएनए सोलर, स्पेक्टा और लेहर फुटवियर द्वारा समर्थि इस कार्यक्रम से जुटाए गए धन से 500 खिलाड़ियों को प्रोफेशनल फुटबॉल स्टड्स (क्लीट्स) उपलब्ध कराए जाएंगे। समापन समारोह में अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें मुख्य अतिथि के तौर पर जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ सहित गेस्ट ऑफ़ ऑनर राजेंद्र सिंह सिसोदिया (सचिव, राजस्थान राज्य खेल परिषद), ब्रिगेडियर जितेंद्र, राजस्थान फुटबॉल फेडरेशन के सचिव दिलीप सिंह, शेबी फिलिप्स, शकील अहमद और सहित अन्य गणमान्य शामिल थे।



**ये मैच हुए आयोजित** - कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पूरे राजस्थान से लगभग 400 से ज़्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया, और मैच को उत्साहवर्धक बनाया। टूर्नामेंट में चार अंडर-14 टीमें जेपीआईएस, एसएमएस, आइडियल स्पोर्ट्स क्लब और राजस्थान फुटबॉल फेडरेशन ने खिताब के लिए मुकाबला किया। रोमांचक फाइनल में जेपीआईएस स्टार्स विजेता बने और ट्रॉफी के साथ 25,000 नगद पुरस्कार जीता, जबकि आरएफए उपविजेता रहा। अतीवीर धोका (जेपीआईएस) को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट स्कोरर घोषित किया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच का खिताब रियाज़ सरदार (जेपीआईएस) और कनूराम गागरा (आरएफए) को मिला। अन्य पुरस्कारों में प्रवीण (आरएफए) बेस्ट ड्रिब्लर और अर्श देवान (जेपीआईएस) बेस्ट गोलकीपर चुने गए। प्रतिभागियों को टैबलेट और हेडफ़ोन जैसे आकर्षक गिफ्ट्स भी लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रदान किए गए। भविष्य की दिशा में, द गिविंग गोल का लक्ष्य राजस्थान भर में शू लाइब्रेरीज़ स्थापित करना और एक एआई-सक्षम ट्रेनिंग ऐप लॉन्च करना है, ताकि इसे खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का अभिन्न हिस्सा बनाया जा सके।

## संडे ऑन साईकिल कैम्पेन के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस संपन्न



जयपुर, 31 अगस्त। तीन दिवसॉय राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में रविवार को अंतिम दिन सवाई मानसिंह स्टेडियम में संडे ऑन साईकिल कैम्पेन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल लाइन्स विधायक डा. गोपाल शर्मा थे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया, पूर्व अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट एवं महाराणा प्रताप अवार्डी भवानी सिंह जादौन, राष्ट्रीय साइकिलिस्ट बृजेन्द्र सिंह राजावत भी मौजूद थे। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि वर्ष 2025 का राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम थी एक घंटा, खेल के मैदान में। राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। फिट इंडिया मिशन के तहत इस बार तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। हर दिन, सिर्फ एक घंटा अपने शरीर और स्वास्थ्य को दीजिए। राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि रविवार को संडे ऑन साईकिल कैम्पेन का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 प्रतिभागी थे।इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राहिल भाटिया तथा द्वितीय स्थान पर प्रशान्त रहे। पुरुष रोड बाईक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अन्वेश पारीक तथा द्वितीय स्थान पर बजरंग रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर मुनिया गोयल तथा द्वितीय स्थान पर भारती रही वहीं बालिका वर्ग में प्रथम वर्ग पर मीनाक्षी एवं द्वितीय वर्ग पर पुनीता रहीं। विधायक डा. गोपाल शर्मा और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया आदि ने साइकिल चलाकर संडे ऑन साईकिल कैम्पेन की शुरुआत की। तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 29 अगस्त को जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा एवं जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने की थी।

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हम मैच जीतेः सुनील कुमार

विशाखापट्टनम, 31 अगस्त। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, टाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया।

# कैबिनेट बैठक में विद्युत, धर्मान्तरण, सीवरेज, शिक्षक भर्ती पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये

## अवैध धर्मान्तरण रोकने के लिये कठोर प्रावधानों के साथ नया कानून लाया जायेगा



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।*

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा सत्र के एक दिन पहले हुई कैबिनेट बैठक में लिये गये कुछ निर्णय निम्न हैः निशुल्क बिजली लाभार्थियों को सौर ऊर्जा से जोड़कर 150 यूनिट बिजली निशुल्क दी जायेगी, सभी नगरीय क्षेत्रों में सुव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम बनाया जायेगा, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये 4724 पद भरे जायेंगे, शहरी क्षेत्रों में 2 लाख स्ट्रीट लाइटें लगेंगी।**

जयपुर, 31 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को सौर ऊर्जा से जोड़कर 150 यूनिट निःशुल्क बिजली देने, प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में सुव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम बनाने के लिए सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन, राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 लाने, राजसेस महाविद्यालयों में विद्यार्थियां को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए शीघ्र भर्तियां करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल की है। प्रदेश में जल्द ही पीएम सूर्यघर 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना लागू की जाएगी। गोदारा ने बताया कि इस निर्णय का लाभ 1 करोड़ 4 लाख घरेलू श्रेणी के रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को होगा और वे सौर ऊर्जा से जुड़कर प्रतिमाह 100 यूनिट के स्थान पर अब 150 यूनिट तक निशुल्क बिजली का लाभ उठा पाएंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत 27 लाख लाभार्थी परिवारों, जिनका औसत मासिक उपभोग 150 यूनिट से अधिक है, उनके घर की छत पर इस योजना में 1.1 किलोवाट क्षमता के निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि नगरीय निकायों में पुरानी हो चुकी लाइटों के स्थान पर नवीन लाइटें लगाने की जरूरत के मद्देनजर अब एक लाख लाइटों के स्थान पर 2 लाख स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। संशोधित बजट घोषणा के अन्तर्गत इस पर अनुमानित 160 करोड़ रूपये का व्यय होगा।

उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने बताया कि राज सेस महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 4,724 शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक संविदा पदों पर भर्ती की जाएगी। डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रदूषित जल से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और स्वास्थ्य सम्बन्धी दुष्प्रभावों से बचाव के लिए प्रदेश में सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन को कैबिनेट में मंजूरी दी गई है। यह संशोधित नीति स्वच्छ भारत मिशन की अवधारणा के अनुरूप सुव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम बनाकर सभी घरों को उससे जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रलोभन अथवा कपटपूर्वक धर्मान्तरण के प्रयासों को रोकने के लिए राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 विधानसभा में लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभी राज्य में अवैध रूप से धर्मान्तरण को रोकने के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट कानून नहीं है, इसलिए राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 को पिछले सत्र में विधानसभा में लाया गया था। अब इस विधेयक को वापस लेकर इसमें और कठोर प्रावधान करते हुए राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 का नया प्रारूप विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। मंत्रिमण्डल की बैठक में इस विधेयक के नये प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य कृषि विपणन सेवा नियम, 1986 की वर्तमान अनुसूची में अतिरिक्त निदेशक का पद सम्मिलित नहीं होने के कारण अनुसूची में संशोधन कर इस पद को सम्मिलित किया जाएगा। साथ ही, इस सेवा में उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पद सौ प्रतिशत पदोन्नित से भरे जाने के कारण उनकी अनुसूची में अंकित सीधी भर्ती की न्यूनतम अर्हताएं एवं अधिकतम आयु सीमा की प्रविष्टियों को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भू-जल विभाग में पदोन्नित के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराने और विभागीय आवश्यकता को देखते हुए अधीक्षण भू-भौतिकविद् एवं अधीक्षण रसायनज्ञ के एक-एक नए पद सृजित किए गए हैं। इसके लिए राजस्थान भू-जल सेवा नियम, 1969 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

# पंजाब में आतंकी मॉड्यूल के दो गुर्गे गिरफ्तार

- **ये बब्बर खालसा से संबंधित हैं तथा इनसे विस्फोटक, अत्याधुनिक हथियार तथा गोला-बारुद बरामद हुए हैं।**

चंडीगढ़ , 31 अगस्त। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में, काउंटर इंटेलिजेंस पठानकोट, काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना और एसएसओसी अमृतसर ने संयुक्त रूप से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर विस्फोटकों, अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद के साथ इसके दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिन्हें बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस थाना एसएसओसी अमृतसर में मामला दर्ज किया गया है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाम हटाने के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके अलावा, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले या उससे अधिक उम्र के नये मतदाताओं से अब तक 15,32,438 फॉर्म- 6 के आवेदन प्राप्त हुये हैं।

## इज़रायल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देकर कहा है कि वह शिया आंदोलन से उत्पन्न खतरे को ख़त्म करने के लिए लेबनान में बने ठिकानों पर हमले जारी रखेगा।

# पौंग बांध का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा

- **भारी वर्षा से पंजाब के गढ़शंकर में 17 गांवों में पानी भरा।**

होशियारपुर, 31 अगस्त। पंजाब के गढ़ शंकर उपमंडल के कई गांवों में शनिवार रातभर हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जबकि टांडा और मुकेरियां उपमंडलों में ब्यास नदी के किनारे निचले इलाकों में कृषि भूमि पिछले कई दिनों से जलमग्न है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।गढ़ शंकर में उफान पर आए मौसमी नालों ने लगभग 17 गाँवों में पानी भर दिया है, जिससे कुछ जगहों पर खेत, सड़कें और यहाँ तक कि घर भी जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ब्यास नदी के किनारे, लंबे समय तक जलभराव के कारण धान, गन्ना और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

रविवार दोपहर पौंग बांध का जलस्तर 1,391.05 फीट था-जो खतरे के निशान 1,390 फीट से ऊपर और इसकी पूरी क्षमता 1,410 फीट के करीब है। बांध के जलाशय में 87,323 क्यूसेक पानी का प्रवाह हुआ, जबकि शाह नहर बैराज से 1.10 लाख क्यूसेक पानी का बहिर्वाह हुआ। जिला प्रशासन ने कहा कि 5,287 हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है।

गढ़ शंकर के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) संजीव कुमार ने बताया कि "उफनती नालियों के कारण खेत और सड़कें जलमग्न हो गई हैं, जिससे लगभग 17 गाँव प्रभावित हुए हैं। हकुमतपुर और बद्दोन समेत कुछ जगहों पर पानी घरों में भी घुस गया है।" उन्होंने बताया कि कुकरन गाँव के पास एक नाले के सुरक्षा बाँध में लगभग 150 फीट की दरार आ गई है, जिससे पानी बस्ती में घुस आया है। कुमार ने कहा, "बाढ़ प्रभावित गाँवों में प्रशासनिक टीमें तैनात कर दी गई हैं और बचाव एवं राहत अभियान शुरू हो गया है। प्राथमिकता लोगों और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नुकसान का आकलन बाद में किया जाएगा।" उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे तक उपखंड में 68 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद बारिश जारी रही।

# 'गांधी मैदान में राहुल के रात्रि प्रवास की अनुमति नहीं मांगी गई'

## पटना प्रशासन के अधिकृत बयान ने राहुल को गांधी मैदान में रुकने की अनुमति नहीं मिलने की खबर को भ्रामक बताया

- **प्रशासन ने कहा, सभा के आयोजन की अनुमति पहले दी जा चुकी है। रैली की अनुमति पटना उच्च न्यायालय के निर्देशों व निर्धारित प्रतिबंधों के साथ दे दी गई है।**

पटना, 31 अगस्त। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गांधी मैदान में 31 अगस्त की रात ठहरने की अनुमति नहीं दिये जाने की खबर को पटना जिला प्रशासन ने पूरी तरह से भ्रामक, असत्य और तथ्यों से परे बताया है।

पटना के अपर जिला दंडाधिकारी (विधि- व्यवस्था) की ओर से आज यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस या किसी अन्य दल या किसी व्यक्ति द्वारा गांधी मैदान में रात्रि प्रवास या किसी अन्य प्रयोजन के लिये कोई अनुमति मांगी ही नहीं गई थी। इसलिये यह दावा कि राहुल गांधी को गांधी मैदान में रुकने से रोका गया है, यह खबर पूरी तरह से निराधार है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से केवल दो प्रकार की अनुमति मांगी गई थी। पहली अनुमति सभा के आयोजन से जुड़ी थी और दूसरी रैली निकालने के लिये थी।

सभा के लिये जिला प्रशासन द्वारा अनुमति पहले ही दे दी गई थी, जबकि, रैली के लिये पटना उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये निर्देशों और कुछ निर्धारित प्रतिबंधों के अनुरूप अनुमति प्रदान की गई है।

## 'भारत व चीन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की।

प्रधानमंत्री ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य कै की के साथ भी बैठक की।

## वोटर अधिकार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मृतक अभी भी जिंदा हैं और बहुतों को दस्तावेज के नाम पर मतदाता सूची से अलग कर दिया गया है।

# 'बैसाखियों की सरकार को बचाने के लिये नया कानून लाया गया है'

## सचिन पायलट ने टोंक जिला कांग्रेस कमेटी में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया


*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट रविवार को टोंक जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और ग्रामीणों से संवाद किया।*

- **पायलट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के सीज़फायर पर बयान तथा भारत पर लागू किये टैरिफ ने केन्द्र सरकार की विदेश नीति व आर्थिक नीति की पोल खोल दी।**

टोंक, 31 अगस्त। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले 400 पार का दम्भ भरने वाली भाजपा का इंजन 300 भी पार नहीं कर पाया। अपनी बैसाखियों की सरकार को बचाने तथा विपक्ष सहित अपने एन.डी.ए. के साथियों पर अंकुश लगाने की नियत से भाजपा ऐसा कानून लेकर आयी है जिससे तीस दिनों तक मुख्यमंत्री या मंत्रियों के जेल में रहने पर उन्हें पद से हटाया जा सके।

पायलट ने आज टोंक जिला कांग्रेस कमेटी में पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा कानून बनाया जिसने कोविड जैसी महामारी के समय में आम जनता को सम्बल प्रदान करने काम किया। जबकि, भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ ही विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा सीज़फायर पर दिये गये बयान, भारत पर लागू किये गये टैरिफ ने केन्द्र सरकार की विदेश नीति और आर्थिक नीति की पोल खोल दी है।

उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार प्रदान किया गया है तथा एक व्यक्ति-एक वोट की व्यवस्था की गई है। भाजपा संविधान प्रदत्त यह अधिकार छीनना चाहती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ इसके प्रमाण प्रस्तुत किये हैं कि भाजपा वोट की चोरी कर रही है। चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता साबित करने के स्थान पर कांग्रेस से ही सवाल कर रही है।

बिहार में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के नाम पर लाखों मतदाताओं के नाम काट दिये गये, जिसके विरोध में राहुल गांधी जी की बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।

सचिन पायलट ने आज जिला कांग्रेस कमेटी में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के साथ ही ग्रा.पं. छान, पं.स. टोंक में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने टोंक शहर के वार्ड नं. 15 के गड्डा पहाड़ियान में जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत हेतु विधायक मद से 10 लाख रूपये की घोषणा भी की।

# इंडिया पोस्ट ने अमेरिका के लिये सभी डाक सेवाओं की बुकिंग बंद की

## डाक विभाग के अनुसार अमेरिका के नये कस्टम नियमों की अस्पष्टता के कारण यह कदम उठाया गया

- **इंडिया पोस्ट ने अपने बयान में कहा कि 22 अगस्त को जारी नोटिस की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। अब पत्र, दस्तावेज व गिफ्ट आइटम कोई भी अमेरिका नहीं भेजा जा सकेगा।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। अमेरिका के नए कस्टम नियमों की अस्पष्टता के कारण इंडिया पोस्ट ने अमेरिका जाने वाली सभी डाक सेवाओं की बुकिंग अस्थायी रूप से बंद कर दी है। डाक विभाग ने रविवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि अब न तो पत्र, न दस्तावेज और न ही गिफ्ट आइटम अमेरिका भेजे जा सकेंगे।

इससे पहले, इंडिया पोस्ट ने केवल 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के गिफ्ट आइटम की बुकिंग पर रोक लगाई थी। लेकिन अब स्थिति और गंभीर हो गई है क्योंकि अमेरिका के कस्टम विभाग की नई प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट नियम अभी तय नहीं हुए हैं। इसी कारण एयरलाइंस भी अमेरिका के लिए पार्सल ले जाने को तैयार नहीं हैं।

इंडिया पोस्ट ने अपने बयान में कहा है कि 22 अगस्त को जारी नोटिस की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। चूंकि अमेरिका जाने वाली डाक के परिवहन में लगातार समस्या आ रही है और नियम स्पष्ट नहीं हैं, इसलिए फिलहाल सभी श्रेणियों की डाक सेवा पूरी तरह से रोक दी गई है। डाक विभाग ने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि जिनका सामान बुक हो चुका है लेकिन भेजा नहीं जा सका है, उन्हें पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

गौरतलब है कि 30 जुलाई को ट्रंप प्रशासन ने एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसके तहत 29 अगस्त से 100 डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर अमेरिका में कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दी गई।

# जम्मू में भारी वर्षा, सोमवार को स्कूल बंद

जम्मू, 31 अगस्त। जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को हुयी भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएँ हुयीं। चिनाब नदी में शनिवार रात से फंसे आठ लोगों को सकुशल निकाल लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम की चेतावनी के मद्देनजर अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद वह अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। पुलिस ने आम जनता से ऐसे जोखिम भरे कार्यों में शामिल न होने की अपील की है, क्योंकि असुरक्षित राफ्ट या अस्थायी साधनों का उपयोग करके चिनाब नदी में प्रवेश करना घातक और जानलेवा साबित हो सकता है।

# मायावती ने बिहार चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की

## लखनऊ में बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी कार्यक्रम तय किये गये

लखनऊ, 31 अगस्त। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर जानकारी देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ ने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष ज़िम्मेदारी भी सौंपी गयी है।

मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बसपा बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गयी है।

उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुये राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

# ट्रक के गुप्त चेंबर से 2 क्विंटल गांजा बरामद

कबीरधाम, 31 अगस्त। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की चिल्फी पुलिस ने रविवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई में पुलिस ने आयशर ट्रक में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैंबर से दो क्विंटल से अधिक अवैध गांजा बरामद किया। अंतरराज्यीय तस्कर ईश्वर सिंह, और रामू सिंह परमार, को मौके पर गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# जापान ने अमेरिका की व्यापार यात्रा अंतिम समय पर रद्द की

## टोक्यो के 550 अरब डॉलर के निवेश पैकेज को तय होने में अब और देर लगेगी

- **जापान चाहता है अमेरिका उसके व्यापार पर टैक्स में छूट दे, जबकि अमेरिका चाहता है कि जापान अमेरिका में और निवेश करे।**

टोक्यो, 31 अगस्त। अमेरिका की तानाशाही को भारत ने तरीके से आईना दिखाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दबाव के सामने न झुककर उसने दुनिया के सामने नजीर पेश की है। इसका असर दिखने लगा है। जापान के बड़े व्यापार वार्ताकार रयोसेई अकाजावा ने अपनी अमेरिका यात्रा रद्द कर दी है। यह यात्रा आखिरी समय पर रद्द हुई है। इस वजह से 550 अरब डॉलर के निवेश पैकेज पर बातचीत में और देरी होगी। टोक्यो ने यह पैकेज अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ में छूट पाने के लिए पेश किया है। अकाजावा वाशिंगटन जाने वाले थे। वहां वह निवेश की शर्तों को तय करते। मसलन, अमेरिका और जापान के बीच मुनाफे का बंटवारा कैसे होगा। यह और बात है कि इसके पहले ही जापान ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जापान ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब अमेरिका और भारत के बीच टेंशन बढ़ गया है। अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी के अनुसार, अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत के दौरान कुछ ऐसे मुद्दे सामने आए हैं जिन पर प्रशासनिक स्तर पर चर्चा करने की जरूरत है। ऐसे में यात्रा रद्द कर दी गई है। यह इन्वेस्टमेंट पैकेज बड़ा आर्थिक सहयोग है। इसमें सरकार की मदद से दिए जाने वाले लोन और गारंटी शामिल हैं। इनका मकसद अमेरिका में निवेश को बढ़ाना है। पहले समझौते होने के बावजूद इस पैकेज की पूरी जानकारी अभी तक साफ नहीं है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लटनिक ने कहा था कि जापान के निवेश के बारे में जल्द ही घोषणा होने वाली है।

जुलाई में दोनों देशों ने जापानी सामान पर टैक्स को 15 फीसदी तक कम करने पर सहमति जताई थी। इसके बदले में जापान निवेश पैकेज देने वाला था। लेकिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस पैकेज को हमारा पैसा निवेश करने के लिए बताया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका को मुनाफे का 90 फीसदी हिस्सा मिलेगा। इस समझौते पर सवाल उठ रहे थे। बताया गया था कि सौदे में जापान को ठगा गया है। जापान ने दबाव में आकर यह सौदा किया।

हाल के आर्थिक आंकड़ों से पता चला है कि जापान के निर्यात में पिछले चार सालों में सबसे बड़ी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण अमेरिका को होने वाले सामानों की सप्लाई में कमी है। इन मुश्किलों को देखते हुए जापान ने इस साल के लिए अपने विकास का अनुमान 1.2 फीसदी से घटाकर 0.7 फीसदी कर दिया है। इस रुकावट के बावजूद जल्द ही कुछ प्रगति हो सकती है। अकाजावा की यात्रा रद्द होने से दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्तों को लेकर चिंता बढ़ गई है। जापान चाहता है कि अमेरिका टैक्स में छूट दे। वहीं, अमेरिका चाहता है कि जापान ज्यादा निवेश करे। दोनों देशों के बीच बातचीत में देरी होने से आर्थिक नुकसान हो सकता है।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908